आषाढ़ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 19 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 243, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बाइडन फिर कोविड-19 से संक्रमित हुए : व्हाइट हाउस 14

रेस 4 में दिखेंगे सलमान और सैफ 13

चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ बेपटरी, 3 की मौत, 34 घायल

गोंडा में ट्रेन की 8 बोगियां पलटीं, मुख्यमंत्री ने हादसे का लिया संज्ञान, रेलवे ने बैठाई उच्चस्तरीय जांच

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार: चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन गुरुवार दोपहर ढाई बजे मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप अचानक डिरेल हो गई। ट्रेन के एसी कोच के तीन डिब्बे पलट गए, जबकि 5 अन्य बोगियां पटरी से उतर गईं।

हादसे में तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 34 यात्री घायल हो गए। घायलों में 11 यात्रियों की हालत गंभीर है। 9 घायल जिले के मेडिकल कॉलेज में भर्ती है, जबकि तीन घायलों को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है। रेलवे ने घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

रेलवे के अनुसार एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार की शाम को चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जाने के लिए निकली थी। ट्रेन करीब 2:15 बजे गोंडा स्टेशन पहुंची ही थी और 2:25 बजे गोंडा स्टेशन से गोरखपुर के लिए रवाना हुई थी। गोंडा गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप करीब 2:40 बजे अचानक ट्रेन डिरेल हो गई। इंजन के पीछे लगी एसी की तीन बोगियां पटरी से उतरकर ट्रैक के किनारे खेतों में जाकर पलट गई। जबकि ट्रेन की पांच अन्य बोगी पटरी से उतर गई। हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए राहत व बचाव कार्य शुरू किया और ट्रेन में फंसे यात्रियों को बाहर निकाल कर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। हादसे में तीन यात्रियों की मौके पर मौत हुई है, जबकि 34 यात्री घायल हुए हैं। घायलों में 11 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। 9 यात्रियों को जिले के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जबकि तीन घायलों को लखनऊ रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलने पर देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल श्रीवास्तव, डीएम नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व पूर्वोत्तर रेलवे की डीआरएम सौम्या माथुर की घटनास्थल पर पहुंची और हादसे की जानकारी ली।

दर्दनाक घायलों में 11 की हालत गंभीर

मनकापुर-गोंडा के बीच पिकौरा गांव के पास बेपटरी हुई चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस। ● एजेंसी

यूं हुआ घटनाक्रम

- ट्रेन नंबर 15904
- दोपहर 2 : 40 बजे हुआ हादसा
- अपराह्न 3 :30 बजे दुर्घटना यान पहुंचा
- शाम 6 :30 बजे डीआरएम सौम्या माथुर पहुंची
- 22 बोगियों में दो पूरी तरह पलट गईं, पांच पटरी से उतर गईं

आर्थिक मदद की घोषणा

पूर्वोत्तर रेलवे के संरक्षा आयुक्त की ओर से मृतकों को दस लाख, गंभीर घायलों को ढाई लाख तथा कम घायलों को 50 हजार देने की घोषणा की है। हादसे के बाद सीआरएस की हाई लेवल मीटिंग में यह आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है।

डीएम बोलीं- राहत व बचाव कार्य जारी

डीएम नेहा शर्मा ने हादसे में तीन यात्रियों के मौत की पुष्टि की है। डीएम ने बताया कि इस हादसे में ट्रेन के आठ डिब्बे डिरेलमेंट का शिकार हुए हैं। हादसे में पांच यात्री घायल हुए हैं। घायलों को फर्स्ट एड देकर उनका इलाज कराया जा रहा है। मौके पर राहत व बचाव कार्य पूरा कर लिया गया है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रोडवेज के बसें लगाई गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार मौके पर चार लोगों की मौत हुई है। रेल प्रशासन ने अभी तक घायलों व मरने वालों की सूची जारी नहीं की है। जबकि जिला प्रशासन ने दो लोगों के मृत्यु की पुष्टि की है।

> हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। कई लोगों के घायल होने की भी सूचना है। जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2 .5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा रेलवे की तरफ से की गई है। - **पंकज कुमार सिंह**, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर

सेंसेक्स पहली बार 81,000 अंक के पार

मुंबई। शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला गुरुवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 627 अंक उछलकर पहली बार 81,343 अंक के ऊपर बंद हुआ। निफ्टी भी 24,800 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया। आईटी, तेल एवं गैस तथा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। बाजार में शुरुआत कमजोर रही और एक समय यह 80,390.37 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। हालांकि आईटी शेयरों तथा सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी में लिवाली से सूचकांक नुकसान से उबर गया।

● सेंसेक्स 627 अंक ऊपर चढ़ा, निफ्टी 24,800 अंक के नये शिखर पर

विवादित ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मां गिरफ्तार

पुणे। विवादित ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को ग्रामीण पुलिस ने कथित तौर पर बंदूक दिखाकर किसानों को धमकाने के आरोप में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। मनोरमा के खिलाफ किसानों को धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। मनोरमा को रायगढ़ जिले के महाड स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पिछले काफी समय से मनोरमा की तलाश कर रही थी।

MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर
ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती
फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
7 DAYS OPEN
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050
DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

युवती की हत्या के बाद छात्र ने खुद को गोली से उड़ाया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- दोनों के बीच प्रेम प्रसंग का था मामला

अमृत विचार : देहात थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर में प्रेमी ने प्रेमिका के घर पहुंच कर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद प्रेमी ने अपने घर पर पहुंचकर खुद को भी गोली मारकर उड़ा लिया। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने लोगों से पूछताछ की। अमरोहा और कांठ पुलिस ने युवती व छात्र के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव शाहिदपुर उर्फ सादपुर में किसान रूप सिंह का परिवार रहता है। उनकी पुत्री प्रीति (20) ने बीए करने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। वह चार भाई बहनों में मझली थी। उधर, कांठ थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर निवासी तेजपाल सिंह का पुत्र आयुष उर्फ चाहत मुरादाबाद के एक कॉलेज से पॉलिटेक्निक की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस के मुताबिक, प्रीति और आयुष उर्फ चाहत एक दूसरे के संपर्क में थे। दोनों शादी करना चाहते थे, जबकि प्रीति के परिजनों ने उसका रिश्ता दूसरी जगह कर तय दिया था। गुरुवार शाम छह बजे आयुष उर्फ चाहत ने प्रीति को गांव से बाहर बुला लिया। यहां गांव से खेत पर जाने वाले रास्ते के किनारे उसने तमंचे से सिर में गोली मारकर प्रीति की हत्या कर दी। इसके बाद आयुष अपने घेर में पहुंचा और गोली मारकर खुद को भी उड़ा लिया। प्रीति और आयुष की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद सीओ अभिषेक कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए।

विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं, तो भी लगेगा दोगुना टोल टैक्स

नई दिल्ली। सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जानबूझकर वाहन के अगले शीशे पर फास्टैग नहीं लगाने वालों के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए सभी टोल प्लाजा को दिशानिर्देश जारी करके कहा है कि शीशे पर अंदर से फास्टैग चिपकाए बिना टोल प्लाजा की लेन में आने वाले वाहनों से दोगुना टोल टैक्स वसूला जाएगा। सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कुछ लोग जानबूझकर विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं लगाते हैं और टोल प्लाजा की लेन में आ जाते हैं जिससे अनावश्यक देरी होती है और इससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले दूसरे लोगों को बेवजह की दिक्कत होती है। इसमें एक बड़ी बात यह है कि ऐसे लोगों को विधिवत ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है।

नीट-यूजी के केंद्रवार नतीजे हों जारी : कोर्ट

अभ्यर्थियों की पहचान जाहिर न करने के दिए निर्देश, कल तक परिणाम घोषित करने के आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को अभ्यर्थियों की पहचान गुप्त रखते हुए 20 जुलाई की दोपहर 12 बजे तक नीट-यूजी 2024 के केंद्र और शहर-वार परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया है। परीक्षा के संचालन में गड़बड़ी के आरोपों का समाधान करने का प्रयास करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इसे नए सिरे से आयोजित करने का कोई भी आदेश इस ठोस निष्कर्ष पर आधारित होना चाहिए कि पूरी प्रक्रिया की शुचिता प्रभावित हुई है।

शीर्ष अदालत 5 मई को आयोजित प्रतिष्ठित परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोपों के मद्देनजर परीक्षा को रद करने, दोबारा परीक्षा कराने और अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर 22 जुलाई को फिर से सुनवाई शुरू करेगी। दिन भर चली सुनवाई के दौरान पीठ ने अभ्यर्थियों के वकीलों से परीक्षा के आयोजन में व्यापक उन अनियमितताओं के बारे में अपना दावा साबित करने को कहा, जिसमें प्रश्नपत्र लीक होना भी शामिल है, जिसके कारण परीक्षा रद कर दोबारा कराने की आवश्यकता हो। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि प्रश्नपत्र लीक की घटना पटना और हजारीबाग तक ही सीमित थी तथा गुजरात के गोधरा में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। पटना और हजारीबाग में प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक हो गए, जबकि गोधरा में दावा किया गया कि परीक्षा आयोजित कराने वाले एक व्यक्ति ने कुछ अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट भरने के लिए पैसे लिए।

पेपर लीक मामले में चार मेडिकल छात्र गिरफ्तार, सीबीआई रिमांड पर भेजा

पटना, एजेंसी। सीबीआई की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने एनटीए से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में गुरुवार को चार मेडिकल छात्रों समेत पांच अभियुक्तों को चार दिनों की पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने इस मामले मे गिरफ्तार किए गए एक बिचौलिए सुरेंद्र कुमार और चार मेडिकल छात्रों चंदन सिंह, सानू, राहुल आनंद और करम जैन को आज विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में लिया गया। उसके बाद सीबीआई ने एक आवेदन दाखिल कर इन अभियुक्तों से हिरासती पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर दिए जाने की प्रार्थना की। विशेष अदालत ने प्रार्थना स्वीकार करते हुए इन सभी पांच अभियुक्तों को चार दिनों की पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया।

एक नजर

केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाला मामलों में गिरफ्तार मुख्यमंत्री केजरीवाल की उस याचिका पर गुरुवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने वकीलों के साथ दो अतिरिक्त बैठकों की अनुमति दिये जाने का अनुरोध किया है। ईडी और तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने इस कदम का विरोध किया और कहा कि कानून सभी के लिए समान है।

बब्बर खालसा के सदस्य हथियारों सहित गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकी मॉड्यूल के एक सदस्य को हाथियार सहित गिरफ़्तार किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि अमृतसर के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने अमेरिका स्थित आतंकवादी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया और इटली स्थित उसके सहयोगी रेशम सिंह के एक सदस्य को अमृतसर से गिरफ्तार किया है।

ताजिया दफनाने के दौरान बवाल

संवाददाता,गंजडुण्डवारा (कासगंज)

- पुलिस के लाठीचार्ज करने से भड़के ताजियेदारों ने लगाया जाम

अमृत विचार: मुहर्रम पर बुधवार की रात गंजडुंडवारा में ताजिया दफनाने के दौरान बवाल हो गया। पुलिस के लाठीचार्ज करने पर भड़के ताजियेदारों ने जाम लगा दिया और कई घंटे धरना-प्रदर्शन व हंगामा करते रहे। गुरुवार सुबह गंडडुंडवारा का बाजार बंद रहा। अधिकारियों ने आरोपी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब लोग शांत हुए। गुरुवार सुबह ताजिया सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

गंगडुंडवारा में बुधवार की रात करीब तीन बजे ताजिया दफनाने के लिए कर्बला ले जाया जा रहा था। इस दौरान वहां सैकड़ों लोग मौजूद थे। कोतवाली पुलिस ने ताजिया जल्द दफनाने को कहा। अचानक दो पुलिस कर्मियों ने लाठी चार्ज कर दिया। लाठीचार्ज से भगदड़ मच गई जिससे ताजिया टूट गया और कई लोग घायल हो गए। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी पहुंच गए। उन्होंने सीओ विजय कुमार राना एवं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार से लाठी चार्ज को लेकर तीखी नाराजगी जाहिर की। गुरुवार सुबह मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपनी दुकानें नहीं खोलीं। माहौल बिगड़ा देख कई थानों की पुलिस बुला ली गई। करीब नौ बजे एडीएम राकेश कुमार पटेल, एएसपी राजेश भारती पहुंचे। उन्होंने आरोपी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

गंजडुंडवारा में मौके पर पहुंचे पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

हाईटेंशन लाइन से टकराया 50 फुट ऊंचा ताजिया, एक की मौत

अमीरनगर (लखीमपुर खीरी)। मोहर्रम जुलूस के दौरान गुरुवार दोपहर कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव गरदहा में बड़ा हादसा हो गया। करीब 50 फुट ऊंचे ताजिए का जुलूस निकालते समय ऊपर से निकली हाइटेंशन लाइन में छू गया।

हादसे में 19 लोग झुलस गए, जिन्हें सीएचसी ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण सभी को शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर में 15 लोगों का इलाज चल रहा है, जिसमें से एक की मौत हो गई है। अन्य झुलसे लोगों को निजी अस्पतालों में ले जाया गया है। एसडीएम मोहम्मदी ने बताया कि इनमें से 20 वर्षीय हसीब को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसडीएम मोहम्मदी ने बताया कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में तहसील प्रशासन शाहजहांपुर अस्पताल में तैनात हैं। वहीं एसपी गणेश प्रसाद साहा ने भी मौके पर पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

मकान खरीदारों को सुप्रीम राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने बैंक और बिल्डर को एनसीआर में जबरिया कार्रवाई नहीं करने का दिया निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में अपने फ्लैट का कब्जा न मिलने से परेशान घर खरीदारों को बड़ी राहत देते हुए निर्देश दिया है कि मासिक किस्त (ईएमआई) भुगतान को लेकर बैंक, वित्तीय संस्थान या बिल्डर उनके खिलाफ कोई जबरिया कार्रवाई नहीं करेंगे।

उनके खिलाफ चेक बाउंस का भी कोई मामला नहीं चलेगा। शीर्ष अदालत दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कई मकान खरीदारों की याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। याचिकाओं में अनुरोध किया गया था कि बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों को निर्देश दिया जाए कि वे रियल एस्टेट डेवलपर द्वारा उनके फ्लैट का कब्जा दिए जाने तक ईएमआई न लें।

अगली सुनवाई 27 सितंबर को

उच्च न्यायालय के याचिकाएं खारिज करने के बाद मकान खरीदारों ने शीर्ष अदालत का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे की जांच करने पर सहमति व्यक्त की तथा संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 27 सितंबर तय की है।

अखिलेश बोले-100 लाओ, सरकार बनाओ

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- अखिलेश यादव ने अंदरूनी कलह के चलते भाजपा विधायकों को दिया मानसून ऑफर

अमृत विचार: प्रदेश की भाजपा सरकार में चल रही अंदरूनी उथल-पुथल के बीच समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर भाजपा नेताओं को मानसून ऑफर देकर चर्चा का बाजार और गर्म कर दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए नेताओं से कहा, 100 लाओ और सरकार बनाओ।

सपा प्रमुख ने एक्स पोस्ट के माध्यम से भाजपा खेमें में धड़कनें बढ़ाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा का कोई भी नेता 100 विधायकों को लेकर उनके पास आता है तो समाजवादी पार्टी उसे मुख्यमंत्री बनाने के लिए समर्थन दे सकती है। इतना ही नहीं, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दिल्ली से लखनऊ आने के बाद अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए तंज भी कसा। कहा कि लौट के बुद्धू घर को आए। मालूम हो कि केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को एक्स पर अखिलेश यादव को सपा बहादुर की संज्ञा दी थी। उन्होंने कहा था कि उप्र. और केंद्र में मजबूत सरकार है।

प्रदेश में 2027 में हम अपनी सरकार बनाएंगे

साल 2017 की तरह 2027 में भी हम उप्र. में अपनी सरकार बनाएंगे। केशव ने सपा के पीडीए को धोखा बताते हुए यह भी कहा कि प्रदेश में सपा के गुंडाराज की वापसी असंभव है। इसके पहले सोमवार को भाजपा की कार्यसमिति और अगले दिन दिल्ली में आलाकमान के साथ बैठक के उपरांत केशव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करके राजनैतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी थी। चर्चा को लौ देने में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा तलब करना भी है। जिसके बाद सत्ता के अंदर उलट फेर की बातें शुरू हो गई थीं।

कांवड़ रूट :पुलिस की एडवाइजरी पर सियासी बवाल

मुजफ्फरनगर पुलिस का फरमान- ठेले -ढाबे वाले अपना नाम जरूर लिखें, विपक्षी दल बिफरे, कहा-सरकार इसे वापस ले

संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कांवड़ यात्रा के दौरान मुजफ्फरनगर पुलिस के फरमान पर विपक्षी दलों ने प्रहार करते हुए कहा है कि सत्तारूढ़ भाजपा सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने के बहाने ढूंढ़ती रहती है। दरअसल, मुजफ्फरनगर पुलिस ने कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले रूट पर पड़ने वाले ठेले ढाबे वालों को अपना नाम लिखने का सुझाव दिया है।

पुलिस की एडवाइजरी में बताया गया कि यात्रा के रूट पर पड़ने वाली दुकानों, ढाबों और ठेलों पर विक्रेता का नाम लिखना जरूरी होगा। इस मामले में एतराज जताने के बाद में पुलिस ने एक और निर्देश जारी कर बताया कि होटल, ढाबों के मालिक अपनी इच्छा से अपना नाम और रेट कार्ड दुकान के बाहर लगा सकते हैं। पुलिस का कहना है कि कई बार रेट और धर्म को लेकर कांवड़ियों में लड़ाई हुई है, जिसे देखते हुए यह फैसला लिया गया था। इस एडवायजरी के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन है। समाज का भाईचारा बिगाड़ने का वह कोई न कोई बहाना ढूंढ़ती रहती है। कांवड़ यात्रा को लेकर मुजफ्फरनगर पुलिस ने नया फरमान जारी किया है कि ठेले-ढाबे सहित सभी दुकानदार अपना नाम बाहर जरूर लिखें। इसके पीछे सरकार की मंशा अल्पसंख्यक वर्ग को समाज से अलग बांटने और उन्हें शक के दायरे में लाने की है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया नया सरकारी आदेश यह गलत परंपरा है, जो सौहार्द्रपूर्ण वातावरण को बिगाड़ सकता है। जद यू नेता केसी त्यागी ने कहा कि दुकानों पर मालिकों का नाम प्रदर्शित करने के मुजफ्फरनगर पुलिस के आदेश को वापस लिया जाना चाहिए।

क्या है मामला :

मुजफ्फरनगर पुलिस का कहना है कि पूर्व में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां कांवड़ मार्ग पर हर प्रकार की खाद्य सामग्री बेचने वाले कुछ दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के नाम इस प्रकार से रखे गए, जिससे कांवड़ियों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होकर क़ानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई। पुलिस ने कहा कि इस तरह की घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए और श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले होटल, ढाबे और खानपान की सामग्री बेचने वाले दुकानदारों से अनुरोध किया गया है कि वे स्वेच्छा से अपने मालिक और काम करने वालों का नाम प्रदर्शित करें। पुलिस का कहना है कि इस आदेश का आशय किसी प्रकार का धार्मिक विभेद ना होकर सिर्फ श्रद्धालुओं की सुविधा, आरोप प्रत्यारोप और कानून व्यवस्था की स्थिति को बचाना है।

एक नजर

अवैध शराब के अड्डे पर छापे मारने के निर्देश

शाहजहांपुर। जिला आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश ने निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा को लेकर अवैध शराब के अड्डे पर छापेमारी की जाए तथा वाहनों की चेकिंग की जाए। मदिरा की अवैध तस्करी पर रोक लगाई जाए। फुटकर तथा अनुज्ञापियों से रेट लिस्ट के अनुसार ही मदिरा की बिक्री की जाए और प्रिंट रेट से अधिक बेचने पर कार्रवाई की जाएगी। प्रचुर मात्रा में उपलब्ध रखने के निर्देश दिए है। मीटिंग में आबकारी निरीक्षक तथा अनुज्ञापी मौजूद रहे।

जमीन पर कब्जा करने का आरोप

शाहजहांपुर। परौर के गांव कुंडरी आश्रम निवासी दरगाही ने डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी कृषि भूमि पर गांव के एक युवक ने कब्जा कर लिया व नीवं भर ली। उन्होंने थाने पर शिकायत की। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। आरोपी ने उसकी जमीन पर कब्जा कर रखा है और बैनामा न करने पर जान से मारने की धमकी देता है। पीड़ित ने मांग कार्रवाई की मांग की है।

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुनीं समस्याएं

मेडिकल कॉलेज का लिया जायजा, एडीएम प्रशासन को 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंप कर समस्याओं के समाधान की मांग की

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : जिले में बाढ़ प्रभावित इलाकों व मेडिकल कॉलेज में मरीजों के इलाज की स्थिति का जायजा लेने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल शाहजहांपुर पहुंचा। यहां राजीव भवन टाउन हॉल स्थित पार्टी कार्यालय पर पदाधिकारियों से वार्ता कर मेडिकल कॉलेज का दौरा कर वहां व्यवस्था का जायजा लिया, साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर उनकी समस्याएं जानी। इसके बाद एडीएम प्रशासन को दस सूत्रीय मांग पत्र सौंप कर समस्या समाधान की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मेडिकल कॉलेज में सीएमएस से मिलकर मरीजों के बेहतर इलाज को लेकर चर्चा की, साथ ही कांशीराम कॉलोनी, अजीजगंज, न्यू सिटी ककरा का दौरा कर बाढ़ के बाद उत्पन्न हुई स्थिति को जाना। तमाम लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्या रखीं। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय पांडेय को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें पुराने अस्पताल को सिटी अस्पताल के रूप में संचालित करने, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बिजली, किसानों के लोन की वसूली रोकने, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्कूली बच्चों की फीस माफी, किसानों की बर्बाद हुई फसल का वाजिब मुआवजा दिए जाने, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल कैंप, कीटनाशक का छिड़काव, राहत किट को बिना किसी भेदभाव के पात्र लोगों तक पहुंचाने, बाढ़ की वजह से टूटी फूटी सड़कों की मरम्मत, व्यापारी वर्ग के नुकसान का आंकलन कर उनकी आर्थिक मदद करने सहित तमाम मांगे रखी। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल, प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव, प्रदेश सचिव ईश्वर दयाल पासी, एआईसीसी सदस्य कुमुद गंगवार, अशफाक उल्लाह खान, अनूप वर्मा, तनवीर सफदर, जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, पवन सिंह, पूर्व चेयरमैन रईस मियां, पूनम पांडेय, कृष्ण विनोद मिश्रा, पार्षद तालिब खान, अब्दुल सत्तार लाले सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

मेडिकल कॉलेज पहुंचा प्रदेश कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल, साथ में जिला स्तरीय पार्टी नेता। ● अमृत विचार

एडीएम प्रशासन संजय पांडेय को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

खीरी के पीड़ित परिवार को बंधाया ढांढस

लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी में ताजियेदारी के दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए दो दर्जन लोग बुरी तरह झुलस गए जिसमें एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। प्रतिनिधिमंडल ने मेडिकल कॉलेज में पीड़ित परिवारों से मिलकर उनका हाल जाना, साथ ही प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से फोन पर पीड़ित परिवारों से वार्ता कराई, जिस पर उन्होंने उनका दुख साझा करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया।

अभिभावकों के खातों से आधार लिंक कराने को लगेंगे ब्लॉकवार कैंप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बीएसए की पहल पर लीड बैंक कैंप लगा अभिभावकों के खाते करेगा दुरुस्त
- करीब 3500 अभिभावक डीबीटी का लाभ लेने से हो रहे वंचित

अमृत विचार : बीएसए की पहल पर अब ब्लाकवार कैंप लगाकर परिषदीय स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों के खाते दुरुस्त कराए जाएंगे, ताकि डीबीटी योजना का लाभ सभी को मिल सके। यह कैंप लीड बैंक की ओर से लगाए जाएंगे।

बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया कि सरकार की ओर से शुरू की गई डीबीटी व्यवस्था के अनुसार से विभिन्न योजनाओं का पैसा सीधे अभिभावकों के खातों में भेजा जाता है। ऐसे में तमाम ऐसे अभिभावक हैं, जिनके बैंक खातों से आधार लिंक नहीं हो पा रहे हैं। इस समस्या के चलते स्कूलों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं की यूनीफार्म, स्वेटर, जूते-मोजे आदि का पैसा कुछ अभिभावकों के खातों में नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे उनके बच्चे संबंधित सुविधा से वंचित रह जाते हैं। बीएसए ने बताया कि इस समस्या का समाधान करने के लिए ही लीड बैंक के अधिकारियों से वार्ता कर ब्लाकवार कैंप लगाना सुनिश्चित किया गया। यह कैंप एक-दो दिन में शुरू कर दिए जाएंगे।

बीएसए ने बताया कि कुछ अभिभावकों की केवाईसी भी नहीं हो पा रही है, जिससे खाते संचालन में बैंक का बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में करीब 3500 ऐसे अभिभावक चिन्हित किए गए हैं, जिनके आधार उनके खाते से लिंक नहीं हैं। इन अभिभावकों को ब्लाकवार अपरान्ह तीन से पांच बजे तक लगने वाले बैंक के कैंप में बुलाकर खाते ठीक कराए जाएंगे, ताकि डीबीटी का लाभ वंचितों को भी मिल सके। बीएसए दिव्या गुप्ता ने कहा है कि जिन अभिभावकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से पैसा नहीं पहुंच रहा है, वह अपना तथा अपने बच्चे का फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और फार्म भरने के लिए पेन लेकर कैंप में पहुंचें, जिससे उनकी समस्या का सामधान कराया जा सके।

बाढ़ पीड़ितों की मदद को लगाई गुहार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मोहल्ला सुभाष नगर निवासी राजीव कुमार ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र भेज कर बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद की गुहार लगाई है। भेजे गए पत्र में कहा गया कि बाढ़ से मोहल्ले के लोगों का भारी नुकसान हुआ है। लोगों के आशियाने उजड़ गए हैं, खाने पीने को तरस रहे हैं। कुछ लोगों को रहने के लिए ठीक से जमीन तक नसीब नहीं हो पा रही है। क्षतिग्रस्त मकानों में अनहोनी की आशंका है। मोहल्ले वाले घरों से दूर रह रहे हैं। तमाम लोगों ने एक चुने हुए जनप्रतिनिधि को अपनी समस्या सुनाई, लेकिन उसने कोई सहायता नहीं की। इसको लेकर बाढ़ पीड़ितों में रोष है। समाजसेवी पीड़ितों को खाना, दवा, दूध, फल आदि वितरित कर रहे हैं। उन्होंने पीड़ितों के लिए मदद की गुहार की है। इस संबंध में मेयर अर्चना वर्मा को भी ज्ञापन दिया गया है।

बाढ़ सिमटते ही प्रवेश को कॉलेज पहुंचने लगे विद्यार्थी

कॉलेज में जुटे छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

एसएस कॉलेज के कार्यालय में प्रमाण पत्र देखते कर्मचारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एसएस, जीएफ कॉलेज और आर्य महिला महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

अमृत विचार : जिले में आई बाढ़ से प्रभावित हुई स्नातक कक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया अब पटरी पर लौट आई है। बाढ़ प्रभावित एसएस कॉलेज में गुरुवार से प्रवेश प्रारंभ कर दिए गए हैं। वहीं, जीएफ कॉलेज और आर्य महिला महाविद्यालय में प्रवेश दो-तीन दिन पहले ही शुरू किए जा चुके हैं। मेरिट के आधार पर छात्र-छात्राएं प्रवेश के लिए अपना दावा कर रहे हैं।

बाढ़ में अत्यधिक जल भराव होने से एसएस कॉलेज की प्रवेश प्रक्रिया बाधित चल रही थी, जो गुरुवार से आरंभ कर दी गई है। चूंकि कॉलेज में भूतल कक्षाओं में जल भराव होने से काफी नुकसान हुआ है और अभी भी साफ-सफाई जारी है, लिहाजा प्रथम तल पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू कराई गई है। प्राचार्य प्रोफेसर आरके आजाद ने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं ने कॉलेज में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है, वह शुल्क एवं संबंधित शैक्षिक प्रपत्रों और चरित्र प्रमाण पत्र के साथ संबंधित विभाग में संपर्क कर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें।

इधर, जीएफ कॉलेज और आर्य महिला महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया कई दिनों से गतिमान है। यहां छात्र-छात्राएं प्रवेश के लिए लगातार अपने विभागों में संपर्क कर शुल्क जमा कर रहे हैं। छात्र हित को देखते हुए प्रवेश की अंतिम तिथि 16 अगस्त निर्धारित कर दी गई है। जीएफ कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर मोहसिन हसन खां ने कहा है कि जिन छात्रों की मेरिट जारी हो चुकी है, वह अपने प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। इसके बाद दूसरी लिस्ट जारी कर दी जाएगी।

सुदामा प्रसाद में रोपी गई आम, जामुन व आंवला की पौध

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के बाद अब एक बार फिर पौधरोपण अभियान गुरुवार से शुरू कर दिया है। ग्रुप द्वारा निर्धारित किए गए एक लाख पौध रोपित करने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए इस बार डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली में स्कूल डायरेक्टर राहुल मिश्रा के संरक्षण में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 50 पौधे रोपित किए गए।

ग्रुप के क्रिएटर अभिनय गुप्ता और अध्यक्ष नीतू गुप्ता के मार्गदर्शन में चले अभियान में आम, आंवला, जामुन, लीची, अमरूद आदि प्रजातियों की पौध लगाई गई। ग्रुप के सदस्यों के साथ स्कूल प्रबंध समिति के पदाधिकारियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने भी एक-एक पौधा अपनी मां के नाम से रोपित किया और उसकी देखभाल करने का संकल्प लिया। पौधरोपण प्रभारी ज्योति गुप्ता गुप्ता ने बताया कि बाढ़ आ जाने से अभियान को रोक दिया गया था, जो अब फिर से शुरू कर दिया है। ग्रुप क्रिएटर अभिनय गुप्ता ने बताया कि बाढ़ की बजह से शहर में कई पार्कों, मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर तमाम पौधे क्षतिग्रस्त हो गए हैं, इसलिए शुक्रवार को ऐसे स्थानों को चिन्हित कर साफ-सफाई के बाद इसी स्थान पर फिर से नई पौध लगाएगा।

पौध रोपित करने वालों में प्रमुख रूप से डॉ. सुदामा प्रसाद विद्या स्थली के डायरेक्टर राहुल मिश्रा, प्रबंधक संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष आफाक अली खां, प्रधानाचार्य उज्ज्वल मिश्र, उपप्रधानाचार्य ज्योत्सना द्विवेदी, सचिन बाथम, रजनी गुप्ता, पूनम वर्मा, सौरभ गुप्ता, बलराम शर्मा समेत स्टाफ के सदस्य शामिल रहे

डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली में पौध रोपित करते शिक्षक एवं वीआईपी ग्रुप के सदस्य। ● अमृत विचार

- वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के बाद फिर शुरू किया पौधरोपण अभियान

मानकों के अनुसार हाईवे का निर्माण कराए जाने की मांग

पुवायां, अमृत विचार : भारतीय जन जागरुकता संघ के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को पत्र देकर खुटार रोड पर धारा गांव के पास नेशनल हाईवे 730 को डीपीआर के अनुसार निर्माण कराए जाने की मांग के साथ ही प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार कराने की मांग की।

प्रदीप कुमार प्रजापति, जसकरन, अभय कुमार, वेद कुमार दीक्षित, जगदीश, मुनेश कुमार, विवेक, अमर सिंह, विशाल दीक्षित, अंशु शर्मा, अजीत कुमार आदि ने एसडीएम को पत्र देकर कहा कि नेशनल हाईवे 730 का निर्माण डीपीआर के अनुसार नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण प्राचीन मंदिर हाईवे की जद में आ गया जिसके चलते मंदिर परिसर में जल भराव बना रहता है। मंदिर में पूजा पाठ नहीं हो पा रहा। सदस्यों व ग्रामीणों ने एसडीएम से हाईवे की डीपीआर के अनुसार निर्माण व मंदिर का जीर्णोद्धार कराए जाने की मांग की।

एमएड में एंजेलिका व चंदा ने किया कॉलेज टॉप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमएड का परीक्षाफल घोषित कर दिया है। जीएफ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने एमएड में शानदार प्रदर्शन किया है।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर मोहसिन हसन खान ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि एमएड द्वितीय वर्ष की छात्रा एंजेलिका मार्टिन ने 82.31 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि निशा मार्टिन ने 81.85 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय और अभयम पांडेय ने 81.46 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह एमएड प्रथम वर्ष की छात्रा चंदा कुमारी ने 81 प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज में पहला, काशिका सक्सेना ने 80.67 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और अफरोज जहां ने 80 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त कर संस्थान को गौरवांवित किया है। बच्चों की उपलब्धि से शिक्षकों में ह

एमएड विभाग के डॉ. सर्वेश चंद्र राजपूत, डॉ. अर्चना सक्सेना, डॉ. जाबिर अली, विपिन कुमार शर्मा, मीनाक्षी गोयल, नेहा खान, आशुतोष अग्निहोत्री, डॉ. प्रिया दीक्षित, शिखा श्रीवास्तव आदि ने छात्र-छात्राओं की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

एंजेलिका मार्टिन।

चंदा कुमारी।

अभयम पांडेय।

निशा मार्टिन।

काशिका सक्सेना।

अफरोज जहां।

- जीएफ कॉलेज के विद्यार्थियों ने संस्थान को किया गौरवांवित

बच्चे नहीं सुना सके एबीसीडी प्रधानाध्यापिका से जवाब तलब

नाराजगी जाहिर करतीं सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सीडीओ ने किया जमुका प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण

अमृत विचार : शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए शासन-प्रशासन के लाखों जतन के बाद भी प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधरने का नाम ले रही है।

गुरुवार को सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने जमुका प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से किताबें पढ़वाई, कक्षा तीन के बच्चे सीडीओ को एबीसीडी नहीं सुना पाए। जिसके बाद सीडीओ ने शिक्षकों से नाराजगी जाहिर की। साथ ही प्रधानाध्यापिका और शिक्षामित्र से स्पष्टीकरण मांगा।

सफाई व्यवस्था ठीक-ठाक पाई, सीडीओ ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि शिक्षा की गुणवत्ता में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

इस दौरान ग्राम प्रधान, बीडीओ आदि मौजूद रहे।

लाभार्थियों से लिया आत्मा योजना का फीडबैक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना के शासी परिषद की बैठक गुरुवार को डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई। सचिव आत्मा उप कृषि निदेशक धीरेंद्र सिंह ने गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक शुरू की। सचिव आत्मा ने योजना के लक्ष्य उद्देश्यों के बारे में बताते हुए योजना के तहत वित्तीय वर्ष में कराए गए कृषक प्रशिक्षण, कृषक भ्रमण, फार्म स्कूल, तकनीकी प्रदर्शन के बारे में बताया। कहा कि इन कार्यक्रमों में किसानों को क्या-क्या देय सुविधाएं हैं। जिस पर डीएम ने पूछा कि बैठक में लाभार्थी भी आए हैं। लाभार्थी बताएं कि उनको कार्यक्रमों से क्या लाभ हुआ। जिसमें जलालाबाद के प्रगतिशील कृषक गुरमीत सिंह ने फार्म स्कूल प्राप्त सुविधाओं और उससे उनकी कृषि में आए परिवर्तन और पूनम गुप्ता ने पशु संस्थान पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सालय मथुरा में प्राप्त प्रशिक्षण के बारे में बताया। ज्ञानेश तिवारी ग्राम नवीपुर की ओर से वर्मी कंपोस्ट व गोबर की खाद, महेंदु दुबे ने प्राकृतिक गुड़ के बारे में बताया। राजेश पांडेय ने मिलेट पुनरोद्धार कार्यक्रम में श्री अन्न संस्थान हैदराबाद में भ्रमण-प्रशिक्षण के मध्य प्राप्त अनुभवों को साझा किया। डीएम ने कहा कि विभागीय प्रशिक्षण व भ्रमण में प्रतिष्ठित संस्थानों से प्राप्त अनुभवों व प्रशिक्षण को अन्य किसानों के साथ साझा कर विकसित की जा रही नवीन तकनीकी का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। बैठक में डीडीओ पवन कुमार, परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास अधिकारी अवधेश राम, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी (गोमती) आरपी राना, सीवीओ डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल, जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्रा, ड्रोन सखी रोशनी सिंह, फकीरे लाल वर्मा आदि रहे।

बैठक में लाभार्थियों से जानकारी लेते डीएम उमेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

- डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक

गंगा में नरौरा बैराज से छोड़ा गया 17950 क्यूसेक पानी

शाहजहांपुर, अमृत विचार: अधिशाषी अभियंता शारदा नहर खंड के बाढ़ नियंत्रण कक्ष की गुरुवार को आई रिपोर्ट के अनुसार गर्रा नदी अजीजगंज पुल व खन्नौत नदी लोधीपुर पुल का जलस्तर घट रहा है। गंगा नदी का जलस्तर कछला घाट पर 0.02 सेंटीमीटर घटा है। गंगा नदी भैंसार ढ़ाईघाट तटबंध का जलस्तर 0.03 बढ़ा है। रामगंगा नदी चौबारी घाट का जलस्तर 0.420 घटा है। रामगंगा नदी का जलस्तर डबरी घाट पर 0.09 घटा है। जबकि गर्रा नदी का जलस्तर अजीजगंज पुल पर 0.70 सेमी घटा है। इसी तरह खन्नौत नदी का जलस्तर लोधीपुर में 0.45 सेमी घटा है। जबकि नरौरा बैराज से गंगा नदी में 17950 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। गर्रा नदी में दियूनी बैराज से 8659 क्यूसेक व रामगंगा में विभिन्न बांधों से 7207 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। बाढ़ कंट्रोल रूम प्रभारी नेहा ने बताया पहले की अपेक्षा नदियों का जलस्तर घट रहा है।





एक लाख का इनामी बदमाश शाहनूर मुठभेड़ में ढेर, साथी फरार

संभल निवासी अपराधी पर दर्ज हैं हत्या, डकैती, लूट सहित 32 केस, 2022 से चल रहा था फरार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर तिलहर

- बुधवार रात बरखेड़ा जयपाल में तिलहर रोड पर नहर पुलिया के पास हुई मुठभेड़

अमृत विचार: संभल के एक लाख के इनामी बदमाश शाहनूर उर्फ शानू को बरेली की एसटीएफ ने बुधवार रात बरखेड़ा जयपाल में तिलहर रोड पर नहर पुलिया के पास मुठभेड़ में मार गिराया। उसका साथी भाग गया। उसके पास से पुलिस ने दो अवैध असलाह, 11 जिंदा कारतूस और पांच खोखा कारतूस व एक बाइक बरामद की है। शाहनूर के खिलाफ संभल और मुरादाबाद के विभिन्न थानों ने लूट, डकैती, हत्या जैसे गंभीर धाराओं में 32 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

शाहनूर।

बरेली की एसटीएफ के सीओ अब्दुल कादिर को सूचना मिल रही थी कि संभल के थाना हयातपुर के मोहल्ला भूड़ा सरायतरीन हयातनगर निवासी शाहनूर शाहजहांपुर में तिलहर, कटरा, मदनापुर, जलालाबाद तक अपने साथी के साथ सक्रिय है। बुधवार रात सूचना मिली कि शाहनूर तिलहर से चलकर बरखेड़ा जयपाल होते हुए मदनापुर में किसी लूट की घटना को अंजाम देने वाला है। सूचना पर एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली के सीओ और उनकी टीम ने बरखेड़ा जयपाल से तिलहर रोड पर नहर पुलिया पर घेराबंदी कर ली। लगभग दो-ढाई घंटे इंतजार करने के बाद शाहनूर अपने एक अन्य साथी के साथ बाइक से आता दिखाई दिया, जिसे रुकने के लिए कहा तो बाइक के पीछे बैठा व्यक्ति उतरकर भाग गया। जिसका मुख्य आरक्षी गिरिजेश पोसवाल, शिवओम पाठक, आरक्षी संजय यादव ने पीछा किया। इस पर वांछित अपराधी शाहनूर नहर की पटरी पर पश्चिम की तरफ बाइक दौड़ाने लगा। टीम ने पीछा किया लेकिन वह रुका नही और पुलिया के पश्चिम थोड़ी दूर जाने के बाद नहर पटरी के उत्तर की तरफ हड़बड़ाकर गिर गया। इसके बाद शाहनूर ने आड़ का सहारा लेकर टीम पर फायर करना शुरू कर दिया।

टीम ने बचाव करते हुए जवाबी फायरिंग की। जिसमें शाहनूर को गोली लग गई। नजदीक जाकर देखा तो उसके दाहिने हाथ में रिवाल्वर व पीठ पर एक लाल रंग का पिट्ठू बैग लदा हुआ था। बिना नंबर की बाइक नहर पटरी के नीचे पड़ी थी। अभियुक्त शाहनूर को गंभीर रूप से घायल होने के कारण एंबुलेंस से मदनापुर सीएचसी भेजा गया। जहां से जिला अस्पताल जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड दिया। पुलिस ने तिलहर थाने में मामला दर्ज कर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

आरोपी के पास से बरामद रिवाल्वर और गोलियां।

बुलेट प्रूफ जैकेट ने बचाई दरोगा की जान

एसटीएफ के अनुसार मुठभेड़ से पहले शाहनूर की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पुलिया से कुछ दूरी पर गिर गई। इस दौरान जीप वहां पहुंच गई। इस पर बदमाश ने टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। अपराधी की एक गोली पुलिस उपाधीक्षक अब्दुल कादिर के सिर के ऊपर से निकल गई। जिसमें वह बाल-बाल बचे। एक गोली राशिद अली के बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। बुलेटप्रूफ जैकेट होने के कारण उनि की जान बच गई। एक गोली सरकारी गाड़ी बोलेरो पर लगी। पुलिस पार्टी की ओर से आत्मरक्षा में नियंत्रित व संतुलित फायरिंग की गयी, जिसमें अपराधी घायल हुआ और बाद में उसकी मौत हो गई।

इसी पुलिया पर हुई मुठभेड़ में मारा गया शाहनूर। ● अमृत विचार

महिलाओं से करता था दुर्व्यवहार

एसटीएफ की टीम के अनुसार आरोपी वारदातों के दौरान महिलाओं व युवतियों के साथ अश्लीलता व दुर्व्यवहार करता था। शायद इस तरह के किसी भी मामले में महिलाओं ने लोकलाज के चलते केस दर्ज नहीं कराया। अगर महिलाओं से अश्लीलता के केस उसके खिलाफ दर्ज हुए होते तो उसका आपराधिक इतिहास और बढ़ा होता।

फायरिंग की आवाज सुनकर सहम गया था कुछ दूरी पर खेत में बनी झोपड़ी में लेटा यदुवीर

तिलहर। संभल जिले के शातिर बदमाश एक लाख के इनामी शाहनूर उर्फ शानू के साथ बुधवार रात जहां पर मुठभेड़ चल रही थी, वहीं पर कुछ दूरी पर एक किसान झोपड़ी में फसल की रखवाली के लिए लेटा हुआ था। रात अचानक फायरिंग की आवाज सुनकर वह सहम गया। सुबह पता चला कि शातिर बदमाश मारा गया है। थाना तिलहर क्षेत्र के गांव पिथनापुर निवासी यदुवीर सिंह ने बताया कि वह बुधवार रात खेत पर फसल की रखवाली के लिए झोपड़ी में लेटा, तभी रात करीब 11:30 बजे उसे फायर की आवाज सुनाई दी। इस पर वह सहम गया। कुछ देर बाद हिम्मत करके उठकर देखा खेत से कुछ दूरी पर पिथनापुर नहर पुलिया के पास लाल-नीली बत्ती जलती हुई पुलिस की कई गाड़ियां खड़ी नजर आ रहीं थी। पुलिस को देखकर वह और भी सहम गया कि पता नहीं पुलिस यहां इसलिए आई है। वह दोबारा पड़ी चारपाई पर लेट गया। करीब आधा घंटे के बाद करीब 12 बजे फिर से पांच-छह फायरों की और आवाज सुनाई दी लेकिन वह डर की वजह से चारपाई पर ही सोने का बहाना करके चुपचाप लेटा रहा। इसके काफी देर बाद पुलिस की एक-एक करके गाड़ियां चली गईं। सुबह होने पर पता चला कि पुलिस टीम की संभल के एक इनामी बदमाश शाहनूर उर्फ शानू के साथ मुठभेड़ हुई थी, जिसमें बदमाश शाहनूर मारा गया।

शाहनूर के लिए आम था भाड़े पर हत्या करना चोरी, लूट और डकैती

संवाददाता, तिलहर

- एडीजी जोन ने घोषित किया था एक लाख का इनाम, दबोचने को लगाई थी एसटीएफ

अमृत विचार: संभल का इनामी बदमाश शाहनूर उर्फ शानू प्रदेश का कुख्यात अपराधी था। उस पर हत्या, डकैती, लूट जैसे 32 संगीन अपराधों के केस दर्ज थे।

शाहनूर उर्फ शानू पिछले करीब 15 साल से उत्तर प्रदेश में आतंक का पर्याय बना हुआ था। रुपये लेकर भाड़े पर हत्या करने वाला, चोरी, लूट, डकैती हत्या जैसे उसका पेशा बन चुका था। साल 2012 में अपने साथियों के साथ मिलकर शाहनूर ने असमौली भीमनगर में एक किसान के घर डकैती डाली और उसकी हत्या कर दी। 2012 में ही अपने साथियों के साथ मिलकर उसने संभल के बनियाठेर के रहने वाले लोकेश के घर में दिनदहाड़े डकैती डाली। अपने 12-13 साथियों के साथ मिलकर आरोपी ने 2012 में ही हरिओम पाठक निवासी थाना बहजोई जनपद संभल के घर में घुसकर डकैती डाली और उनकी दोनाली बंदूक 12 बोर व अन्य कीमती सामान ले गया। जाते समय अशरफ उर्फ सुक्खी नाम के व्यक्ति उस पर टॉर्च की रोशनी डाली तो आरोपी ने उसपर फायर झोंक दिए, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। साल 2013 में अपने साथियों के साथ मिलकर उसने सीतापुरी सरायतरीन थाना हयातनगर, जनपद संभल के रहने वाले मोहनलाल की गोली मारकर हत्या कर दी। जिसके बाद संभल में उस समय कानून व्यवस्था की समस्या पैदा हो गई थी। वर्ष-2017 में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर लईक अहमद निवासी हयातनगर के घर में घुसकर डकैती डाली और घरवालों के साथ मारपीट की। इसी तरह साल 2022 में मैनाठेर क्षेत्र में दो घरों में चोरी की घटना को उसने अंजाम दिया। इसी तरह उसके खिलाफ कुल 32 केस दर्ज हो चुके थे। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी।

सात भाइयों में सबसे बड़ा था

एक लाख का इनामी बदमाश शाहनूर उर्फ शानू के पिता शहाबुद्दीन की 19 साल पहले मौत हो चुकी है। शानू सात भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी तीन बहनें है। उसकी मां का नजमा बेगम है। तीनों भाई प्राइवेट काम करते है। संभल में अपना निजी मकान है। शानू पर वर्ष 2009 में संभल के थाना हयातनगर में पहला मुकदमा गैंगस्टर का दर्ज हुआ था। उसका भाई मंगरे आलम संभल से यहां आया था।

सीने में लगी दो गोली, निकल गई आर-पार लिखा पढ़ी कर भाई ले गया शव

शाहजहांपुर, अमृत विचार : तिलहर क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में संभल का एक लाख रुपये का मारा गया इनामी बदमाश शाहनूर उर्फ शानू का पुलिस ने पैनल के आधार पर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उसके सीने में दो गोली लगी है। दोनों गोली आर-पार निकल गई है। पैनल में तीन डॉक्टर मौजूद रहे। साथ ही वीडियो ग्राफी बनायी गयी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उसके दो गोली सीने में लगी है, दोनों गोली आर-पार निकल गयी है। उसका भाई मंगरे आलम संभल से यहां आया और पुलिस शव को सुपुर्द कर दिया। वह अपने भाई का शव सम्भल ले गया।

आज का मौसम

34.0° अधिकतम तापमान
28.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.26
सूर्यास्त 07.9

एक नजर

किशोरी को किया अगवा आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

मदनापुर। थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि 12 जुलाई की रात में घर के बाहर लेटा हुआ था। उसकी पत्नी व बच्चे घर के अंदर लेटे थे। उसकी 16 वर्षीया पुत्री रात नौ बजे शौच करने के लिए गई थी। वह वापस लौटकर नहीं आई। उसको गांव में तलाश किया तो पता नहीं चला। उसे दूसरे दिन पता चला कि गांव का वीर प्रताप उसकी पुत्री को अगवा कर ले गया है। उसकी पुत्री साथ में जेवर ले गई है। एसओ अमित चौहान ने बताया कि आरोपी वीर प्रताप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

तमंचा समेत गिरफ्तार

जलालाबाद। प्रभारी निरीक्षक हरिपाल सिंह को गुरुवार की सुबह दस बजे सूचना मिली कि खेड़ा बहादुरपुर गांव में एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो तमंचा व एक कारतूस बरामद किया। पकड़ा गया अभियुक्त देवेंद्र निवासी खेड़ा बहादुर थाना जलालाबाद का निवासी है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक रामलखन आदि थे।

बरेली गए युवक की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, जैतीपुर

- डभौरा सिमरा के एक व्यक्ति के साथ गया था गढ़िया रंगीन का रहने वाला नेत्रपाल
- बुधवार रात 10 बजे तक पत्नी से हुई बात, सुबह मिली मौत की जानकारी

अमृत विचार: गढ़िया रंगीन से बरेली गए युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। खबर मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

नेत्रपाल का शव गुरुवार सुबह बरेली के थाना इज्जतनगर की पुलिस चौकी अहिलादपुर के पास कृष्णा होटल के सामने हाईवे किनारे पड़ा मिला। शव के पास शराब का पौव्वा रखा मिला। मृतक का मोबाइल गायब है।

सेठपाल ने थाना इज्जत नगर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बड़ा भाई नेत्रपाल डभौरा सिमरा के एक व्यक्ति के साथ मोटरसाइकिल से बरेली उसके घर गया था। रात 10 बजे तक उसकी अपनी पत्नी से उसकी बात होती रही। सुबह 7:30 परिजनों को पुलिस की ओर से नेत्रपाल की मौत होने की जानकारी मिली। पीड़ित ने हत्या का आरोप लगाकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

आम के पेड़ से गिरकर युवक की मौत

शाहजहांपुर। जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव सिकन्दरपुर निवासी सुनील कुमार(27) बुधवार की शाम पांच बजे बाग में पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था। अचानक पैर फिसल जाने से पेड़ से नीचे गिर गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार वाले बाग में पहुंचे। परिवार वाले घायल को तिलहर सीएचसी पर लेकर आए। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

थाने में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी

शाहजहांपुर, अमृत विचार: सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव सुजातपुर निवासी अंशु तिवारी ने बताया कि अपने गांव से रोज की तरह शहर वाले मकान में आता जाता था। 13 जुलाई की रात नौ बजे अपने शहर के मकान में बाइक से जा रहा था। गुवारी गांव के सामने एक युवक ने बाइक के आगे कार लगा दी। कार में सवार युवक ने अंशु तिवारी से कहा कि मेरे खिलाफ थाने में शिकायत की थी।

आरोपी उसे गाली देने लगा। आरोपी ने तमंचा निकाला और कहा कि रिपोर्ट दर्ज कराई तो जान से मार डालेंगे। वह अपने घर वापस चला गया। कार में चार लोग और थे। एसओ रोहित सिंह ने बताया कि आरोपी मोहन अवस्थी निवासी गुवारी थाना रामचंद्र मिशन तथा चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

रुपये के लेनदेन में विवाद, सपा नेता पर किया फायर

संवाददाता, तिलहर

अमृत विचार : रुपये के लेनदेन में सपा नेता का विवाद हो गया। आरोप है कि विपक्षी ने साथियों के साथ मिलकर उनपर फायर कर दिया। गोली सपा नेता के दाहिने हाथ के कंधे के नीचे बाजू को रगड़ते हुए निकल गई। पीड़ित ने थाने पहुंच कर तहरीर दी। पीछे से सपा नेता के समर्थ भी पहुंच गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नगर के मोहल्ला उम्मरपुर निवासी सपा नेता सलाउद्दीन खां ने बताया कि मोहल्ले के ही सोहेल खान ने उससे कुछ वर्ष पहले सात लाख रुपये उधार लिए थे। उसने सोहेल से कई बार मांगे लेकिन उसने रुपये नहीं लौटाए, उल्टा झगड़ा करने लगा था। इसके बाद कई बार लोगों ने समझौता भी कराया गया। जिसमें सोहेल ने रुपये देने का वादा भी किया था। सलाउद्दीन ने बताया कि बुधवार की शाम पांच बजे उसने सोहेल से फिर अपने रुपये मांगे, तो वह गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। उस वक्त तो आरोपी मौके से चला गया। आरोप है कि रात में सोहेल अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ आया और उस पर हमला बोल दिया। जब वह जान बचाकर अपने घर में भागा तो सोहेल ने उसे जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। गोली सलाउद्दीन के दाहिने हाथ में कंधे के नीचे बाजू को रगड़ते हुए निकल गई। जिससे वह बाल-बाल बच गए। फायर होने से वहां पर मौजूद तमाम लोगों में भगदड़ मच गई। इसी का फायदा उठाते हुए आरोपी मौके से भाग गए। वहीं सलाउद्दीन घटना की जानकारी देने के लिए कोतवाली पहुंचे और क्राइम इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह को घटना की जानकारी दी। वहीं पीछे से बड़ी संख्या में उनके समर्थक भी कोतवाली पहुंच गए और मामले में कार्रवाई की मांग करनी शुरू कर दी। इस पर पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने मोहल्ले में पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की, साथ ही पीड़ित की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

कोतवाली में इंस्पेक्टर क्राइम देवेंद्र सिंह को घटना के बारे में जानकारी देते सपा नेता सलाउद्दीन। ● अमृत विचार

- दाहिने हाथ की बाजू को रगड़ते हुए निकल गई गोली
- समर्थक पहुंचे कोतवाली, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

> रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था। तहरीर के आधार पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> – विशाल प्रताप सिंह, कोतवाल, तिलहर

शाहजहांपुर में झुलसे लोगों को एंबुलेंस से उतारते स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

खीरी में करंट से झुलसे युवक की मौत, 12 का चल रहा इलाज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी में हाईटेंशन लाइन से ताजिया टकराने की घटना
- मोहम्मदी सीएचसी से डॉक्टर ने शाहजहांपुर के मेडिकल कॉलेज कर दिए गए थे रेफर

अमृत विचार : लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी में गुरुवार को ताजिया हाईटेंशन लाइन से टकरा जाने पर आग लग जाने से 13 लोग झुलस गए थे। झुलसे लोगों को यहां मेडिकल कॉलेज लाया गया था। डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया था। 12 लोगों का इलाज चल रहा है।

लखीमपुर खीरी जिले के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के गांव गरदहा के ताजियेदार गुरुवार को दिन में 11 बजे ताजिये निकाल रहे थे। ताजिया करीब 35 फुट ऊंचा था। मोहम्मदी रोड पर ताजिया हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। बिजली के तार टकराने से धमाका के साथ चिंगारी निकली। इस दौरान 13 लोग झुलस गए थे। सभी झुलसे लोगों को मोहम्मदी सीएचसी पर भेजा गया था। डॉक्टर ने यहां मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया था। आग से झुलसे लोगों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने हसीब(20) को मृत घोषित कर दिया। जबकि झुलसे नफीस, हाशिम, अजीम, फिरासत, फुरकान, शेर मोहम्मद, आमिर, इशहाक, अरबाज, अब्बु शाह, शब्बीर, फैजान आदि का इलाज चल रहा है। ताजियेदारों ने बताया कि मोहम्मदी प्रशासन ने ताजिये निकलते समय लाइट नहीं बंद करवाई थी। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि झुलसे लोगों का इलाज चल रहा है।

इधर उप्र कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ मेडिकल कालेज पहुंचे और झुलसे लोगों का हाल-चाल लिया। उन्होंने कहा कि मोहम्मदी प्रशासन तथा विद्युत विभाग की लापरवाही है और ताजिये के निकलते समय लाइट बंद करानी चाहिए थी।

लापरवाही शासन ने 52 ग्राम पंचायतों को मॉडल बनाने के लिए कचरा प्रबंधन की बनाई थी योजना

लाखों की लागत से बने आरआरसी सेंटर, उपयोग में नहीं आने से हो गए बेकार

जलालाबाद, संवाददाता

- ग्रामीण क्षेत्रों को साफ- सुथरा रखने की सरकार की मंशा पर फिर रहा पानी

अमृत विचार : जलालाबाद ब्लॉक के चयनित ग्राम पंचायतों में लाखों की लागत से बनाए गए आरआरसी सेंटर निष्प्रयोज्य साबित हो रहे हैं। आरआरसी सेंटर का उपयोग नहीं होने से इनका उद्देश्य भी पूरा नहीं हो रहा है।

तहसील में 52 ग्राम पंचायत में से 40 में आरआरसी सेंटर तैयार कराए गए थे। सरकार की मंशा है कि गांवों में सफाई व्यवस्था लागू कर ठोस कचरा प्रबंधन किया जाए। इसके लिए स्वच्छता संसाधन केंद्र को मंजूरी देकर धनराशि भी भेज दी गई थी। योजनांतर्गत अधिकांश ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटर का निर्माण कराया जा चुका है, लेकिन किसी भी ब्लॉक में इनका इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। गौरतलब है कि आरआरसी सेंटर के निर्माण में चार से छह लाख रुपये की लागत आई है, लेकिन सरकार की गांवों को साफ-सुथरा रखने की मंशा पर पूरी नहीं हो पा रही है। मॉडल गांवों का कूड़ा आरआरसी सेंटर न पहुंचकर गांवों की गलियों में बिखरा पड़ा रहता है, जो तमाम बीमारियों को न्योता दे रहा है।

> गांवों में सफाई अभियान चलाने के लिए सफाई कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं। अब अगर कूड़ा आरआरसी सेंटर के बाहर डाला जाता है या गांवों में ढेर दिखाई पड़ते हैं, तो संबंधित सचिव पर कार्रवाई की जाएगी।
> – विश्वकांत मिश्रा, एडीओ पंचायत

निष्प्रयोज्य आरआरसी सेंटर। ● अमृत विचार

जगह-जगह लगे रहते हैं कूड़े के ढेर, सेंटर चिढ़ा रहे मुंह

जलालाबाद ब्लॉक में वित्तीय वर्ष 2022-23 में सात और 2023-24 में 52 ग्राम पंचायतों को मॉडल गांव के रूप में चयनित किया गया। इन गांवों को इंटर लॉकिंग, नाला/नाली निर्माण, स्वच्छ शौचालय, कायाकल्प के साथ-साथ गांव को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र में सूखा कूड़ा, गीला कूड़ा, प्लास्टिक कूड़ा, कांच का कूड़ा, पालीथिन का कूड़ा, गोबर का कूड़ा फेंकने के लिए अलग-अलग चेंबर का अगला निर्माण किया गया। इनमें ब्लॉक क्षेत्र के मॉडल गांव नारा, खंडहर, रामपुर, हरेवा, इमलिया बुजुर्ग, सिकंदरपुर अफगान, खजुआ टॉपर, मालूपुर, जिग्नेहरा, रामपुर बझेड़ा, टिंगरी, मिंगोल, चौखुटिया, चौकी आजमपुर, नूरपुर कराहीई, गुरुगांव, विचोला,पल्हरई, मनोरथपुर सेसै वारी, फरीदपुर, नगरिया बुजुर्ग, थाथारमई, मंगटोरा, जवईपड़ी समेत 40 गांव शामिल हैं। इन गांवों की गलियों में जगह-जगह कूड़े व गंदगी के ढेर लगे हुए हैं और आरआरसी सेंटर खाली पड़े मुंह चिढ़ा रहे हैं।

सार-संक्षेप

दुकान से नगदी व सामान चोरी, दो के खिलाफ रिपोर्ट

पुवायां, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला हरदयाल कूंचा निवासी आलोक कुमार मिश्रा ने मोहल्ला कसभरा अस्तल निवासी अभय कश्यप व कसभरा मठिया निवासी मोहित उर्फ विक्रम के खिलाफ दुकान से नगदी एवं सामान चोरी करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। दुकानदार आलोक कुमार मिश्रा ने बताया कि 16 जुलाई को दोपहर लगभग 11:25 बजे वह घर पर खाना खाने गए थे। वापस आकर देखा तो दुकान से 3500 रुपये तथा वाशिंग मशीन का एक मोटर चोरी हो चुका था। आलोक ने बताया कि दुकान में लगे कैमरा में देखा तो अभय कश्यप तथा मोहित उर्फ विक्रम दुकान से नगदी एवं समान चुराते हुए दिखाई दे रहे थे, जिन्हें कैमरा में पहचान लिया।

दूसरे दिन रेलवे पुल के पास उतराता मिला रोहन का शव

निगोही, अमृत विचार : दमा नाले में डूबे गांव रूद्रपुर निवासी रोहन(42) का शव दूसरे दिन घटना स्थल से दो किलोमीटर दूर कैमुआ में रेलवे पुल के पास उतराता मिला। बता दें कि रोहन बुधवार शाम करीब छह बजे खेत से लौटते समय पैर फिसल जाने से दमा नाला में डूब गया था। देर शाम तक दमकल यूनिट के लोग कांटा व जाल डालकर उसकी तलाश करते रहे। गोताखोरों ने भी तलाश किया लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। गुरुवार को दूसरे दिन घटना स्थल से दो किलोमीटर दूरे कैमुआ में रेलवे पुल के पास उतराता मिला। घटना के बाद से रोहन भाइयों कल्लू, अजय और बूढ़ी मां रामरती का रो-रोकर बुरा हाल है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT, VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें – 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

मुफ्त मुफ्त मुफ्त
मोतियाबिन्द ऑपरेशन
Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003 0581-2530800/700
HELPLINE 9720200777
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की निःशुल्क सुविधा
जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है उनका मोतियाबिन्द का ऑपरेशन राशन कार्ड व आधार कार्ड साथ लाने पर निःशुल्क किया जायेगा
नेत्र रोग विभाग

डॉ. विशी श्रीवास्तव
M.B.B.S., DNB (New Delhi), MNAMS, FLVPEI (Hyderabad)
कॉर्निया, कैटरेक्ट एवं लेसिक सर्जन
सम्पूर्ण नेत्र रोग से सम्बन्धित परामर्श व इलाज
बिना टांका, बिना चीरे के मशीन द्वारा मोतियाबिन्द का ऑपरेशन
कम शुल्क में लेंस अपग्रेड की सुविधा
पुतली का समस्त उपचार
24×7 आँखों की इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर

डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist

डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स–रे

अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी

लैप्रोस्कोपिक सर्जरी

एडवांस आई.सी.यू.

एडवांस एन.आई.सी.यू.

मॉडयूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926 0581-2990928

बिना काम के धन आहरण का आरोप

चेयरमैन, ईओ से खफा कलान नगर पंचायत के सभासदों ने किया बैठक का बहिष्कार

संवाददाता ,कलान

अमृत विचार : नगर पंचायत की बैठक का सभासदों ने बहिष्कार करते हुए अधिशासी अधिकारी व चेयरमैन के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यालय गेट पर काफी देर तक हंगामा होता रहा। सभासदों का आरोप है कि बिना काम के शासकीय धनराशि का आहरण कर कागजों पर काम दिखाए जा रहे हैं।

- **कार्यालय गेट पर नारेबाजी कर किया प्रदर्शन, बाद में शांत होकर खुद चले गए**

गुरुवार को नगर पंचायत की बैठक बुलाई गई थी। निर्धारित समय पर सभासद नगर पंचायत कार्यालय पर पहुंचे लेकिन बैठक का बहिष्कार करने लगे। सभी सभासद अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ बगावत करते हुए कार्यालय गेट पर आ गए और जमकर नारेबाजी करने लगे। सभासदों ने ईओ हाय हाय , भ्रष्टाचारी के नारे लगाने शुरू कर दिए। सभासदों के उग्र रूप देखकर ईओ व चेयरमैन के हाथ पाव फूल गए।

सभासदों को मनाने की कोशिश की गई लेकिन वह तैयार नहीं हुए। सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी चेयरमैन की मिली भगत से सरकारी धनराशि का आहरण कर दुरुपयोग कर रहे हैं। यह भी आरोप है कि बीते आठ महीने से कोई भी नगर पंचायत की मीटिंग नहीं बुलाई गई। इसके अलावा अन्य गंभीर आरोपों को लगाते हुए सभासद कार्यालय गेट पर काफी देर तक नारेबाजी कर हंगामा करते रहे। सभासदों का हंगामा देखकर कस्बे के अन्य लोगों की भी भीड़ लग गई।

इसकी सूचना सभासदों ने उप जिला अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों को दी लेकिन कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंच सका। बाद में सभासद खुद शांत होकर चले गए। इस मौके पर सभासद दीपक नंदवंशी,राधा, जूली देवी, धर्मेंद्र राठौर, नाजिश , बबलू गुप्ता दिलीप गुप्ता मीरा देवी कमलेश कुमारी संदीप गुर्जर मीरा आदि सभासद थे।

बैठक का बहिष्कार कर नगर पंचायत कार्यालय गेट पर प्रदर्शन को एकत्र सभासद। ● अमृत विचार

मिली भगत से बिना टेंडर के खास लोगों को दिए जा रहे कार्य

बोर्ड की बैठक आठ महीने के बाद आहूत की जा रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी की मिली भगत से बिना टेंडर के अपने खास लोगों के फर्म को कार्य दिए जा रहे हैं। ईओ व अध्यक्ष द्वारा सभासदों को किसी भी कार्यों की जानकारी नहीं दी जाती है। पिछले टेंडरों की समय सीमा निकालने के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं किए गए हैं। इसकी शिकायत करने पर भी फर्मों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। गारंटी समय सीमा के अंदर खराब हुई लाइटें, रिबोर हैंडपंप, टूटी सड़कों समेत अन्य कार्यों को ठेकेदारों के द्वारा न करवाकर नगर पंचायत के कर्मचारियों से कराया जा रहा है। नगर पंचायत में खरीदे गए वाहनों व मशीनों की बोर्ड से सहमति नहीं ली गई। गोशाला के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है और फर्जी तरीके से सरकारी धन निकाल कर दुरुपयोग किया जा रहा है।

"सभासदों ने बैठक का बहिष्कार किया है, जो आरोप लगाए जा रहे वह गलत है। गर्मी की वजह से श्रमिक नहीं मिल पा रहे थे, इसलिए काम में देरी हुई लेकिन अब काम तेजी से कराए जा रहे हैं।
– **रामकृष्ण वर्मा**, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, कलान

"बहिष्कार कर सभासद दबाव बनाना चाह रहे हैं। मैं ईमानदारी से काम कराकर कस्बे की समस्याओं का निराकरण करा रहा हूं। लोग अनावश्यक साजिश कर रहे हैं। सभी आरोप निराधार हैं। –**हरिनारायण गुप्ता**, चेयरमैन, कलान

पालिका अध्यक्ष से वार्ता के बाद सभासदों का धरना समाप्त

संवाददाता, तिलहर

अमृत विचार : नगर पालिका मुख्य गेट पर भ्रष्टाचार के विरोध में सभासदों का धरना प्रदर्शन गुरुवार चौथे दिन समाप्त हो गया। सभासदों की अध्यक्ष हाजरा बेगम से हुई वार्ता के बाद उन्होंने यह निर्णय लिया।

नगर पालिका परिषद के 16 सभासद पालिका प्रशासन के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए 15 जुलाई से पालिका के मुख्य गेट पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान गुरुवार दोपहर 12:00 बजे अध्यक्ष हाजरा बेगम एवं अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा की धरना प्रदर्शन कर रहे सभासदों से नगर पालिका सभागार में वार्ता हुई। इस दौरान सभासदों की 10 सूत्रीय मांगों पर अध्यक्ष ने सभी जायज़ मांगों का निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। इस पर सभी 16 सभासदों की सहमति बन गई और धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। इस दौरान

पालिका सभागार में सभासदों से वार्ता करतीं अध्यक्ष हाजरा बेगम एवं अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा। ● अमृत विचार

- **भ्रष्टाचार का आरोप लगा धरना दे रहे थे सभासद, दो की खराब हो गई थी तबीयत**

अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा ने बताया कि धरने पर बैठे सभी सभासदों का मेन मुद्दा आउटसोर्सिंग के द्वारा लगाए गए कर्मियों का था, जिस पर जो कर्मचारी काम नहीं कर रहे हैं उनके खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी। बाकी सभी जायज मांगों पर सहमति बन गई है। सभी जायज मांगों का निस्तारण कराया जाएगा। वहीं अध्यक्ष हाजरा बेगम ने बताया कि पालिका बोर्ड उनके परिवार जैसा है। कुछ गलत फहमियों के चलते सभासदों ने धरना शुरू किया था। उनकी सभी जायज मांगों पर विचार करके सभी की सहमति के बाद धरना समाप्त हो गया है। वार्ता के दौरान आरआई सुशांत कुमार, एसआई राजीव कुमार, प्रधान लिपिक अयूब हुसैन, लिपिक इस्लाम अली, कमलदीप, शाजिल अली खां, वारिस हुसैन, सुमित कुमार, अरविंद कुमार के अलावा सभासद सतेंद्र सिंह, दिलीप सक्सेना, संदीप रस्तोगी, अभिषेक सिंह, आसिफ खां, शानू हुसैन, हितेश गुप्ता, साजिद सोनी, दिलशाद मंसूरी, अब्दुल सादिक, राजीव यादव, परविंदर यादव, रफीक, अकरम पाला, संजीव गुप्ता, अमित लोधी शामिल रहे।

रंजिशन महिला को किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : बंडा थाना क्षेत्र के गांव सिंहापुर कुरसंडा निवासी रुपाली देवी ने बताया कि मंगलवार की सुबह नौ बजे उसकी पड़ोसी सलोनी से कहासुनी हो गई थी। थोड़ी देर बाद उसके पति हरिओम आदि उसके दरवाजे पर आए और गाली–गलौज करने लगे। उसके विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। वह थाने पहुंची और तहरीर दी। पुलिस ने महिला का डॉक्टरी परीक्षण कराया। पुलिस ने हरिओम, मैना देवी, अभिषेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

संस्कृत विद्यालय का ताला तोड़ प्राइवेट विद्यालय शुरू

जलालाबाद, अमृत विचार : गांव नगरिया बुजुर्ग के संस्कृत विद्यालय के प्रबंधक उमेश चंद्र मिश्रा ने थाने में तहरीर पत्र देकर बताया कि वह किसी जरूरी काम से 16 जुलाई को बरेली गए हुए थे। उनके पीछे एक व्यक्ति ने महर्षि वशिष्ठ संस्कृत विद्यालय नगरिया बुजुर्ग के कमरे के ताले तोड़कर कब्जा कर लिया और दूसरा विद्यालय शुरू कर दिया। प्रबंधक ने बताया कि विद्यालय का एक व्यक्ति भी इसमें शामिल है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808

सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी–स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

पीने को ली कोल्ड ड्रिंक उसमें तैर रहा था कीड़ा

संवाददाता, जलालाबाद

- **जलालाबाद का मामला शिकायत पर दुकानदार ने की बदसलूकी**

अमृत विचार: फर्रुखाबाद रोड स्थित एक दुकान पर लेखपाल राजीव कुशवाहा और एडवोकेट प्रताप सिंह ने एक कोल्ड ड्रिंक की बोतल ली। जिसमें तैरता हुआ कीड़ा दिखाई दिया। दोनों ने कीड़ा दुकानदार को दिखाया। दुकानदार ने कोल्ड ड्रिंक सप्लाई करने वाले थोक व्यापारी से संपर्क कर उसे जानकारी दी, लेकिन थोक व्यापारी ने मामले को अनदेखा कर दिया।

दुकानदार ने ग्राहक को थोक विक्रेता की दुकान पर भेज दिया। कोल्ड ड्रिंक खरीदने वाले दोनों लोग थोक विक्रेता के पास पहुंचे तो वह बहानेबाजी करने लगा। दोनों के बीच बहस भी हो गई। तब थोक विक्रेता ने कहा कि वह इस बारे में कोल्ड ड्रिंक सप्लाई करने वाली एजेंसी से बात करेगा। बताया जा रहा है कि कोल्डड्रिंक बदायूं से आई थी। काफी समय पहले दुकानदार के यहां यह माल पहुंचाया गया था। वहीं मोहल्ला आजाद नगर निवासी लेखपाल राजीव कुशवाहा और जलालाबाद तहसील के एडवोकेट प्रताप सिंह ने प्रशासन से मामले में कार्रवाई की मांग की है। साथ ही एडवोकेट प्रताप सिंह ने कहा कि वह कानूनी कार्रवाई करते हुए दुकानदार, थोक विक्रेता और कंपनी को नोटिस भेजेंगे।

कोल्ड ड्रिंक की बोतल दिखाता ग्राहक।

"टीम भेज कर प्रकरण की जांच करवा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दोबारा अभियान चलाया जाएगा।– **चंद्रशेखर मिश्र**, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा

पति समेत छह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : चौक कोतवाली के मोहल्ला मानूजई निवासी आरती रावत ने बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले अजय रावत निवासी कुन्देपुर थाना छिबरामऊ जिला कन्नौज के साथ हुई थी। उसकी 18 माह की पुत्री है। उसके पति फरीदाबाद में काम करते हैं। शादी के समय उसके माता–पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार उपहार दिया था लेकिन ससुराल वाले दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे और एक बाइक तथा दो लाख रुपये की मांग करने लगे। आरोप है कि ससुराल वालों ने छह माह पूर्व आरती को पीटकर घर से निकाल दिया। वह मायके में रह रही है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि पति अजय, ससुर रमाकांत, सास रजनी समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

शाहजहांपुर की खबरें पेज 9 पर भी पढ़ें

एक नजर

लोक अदालत में संविदा के पद पर आवेदन 17 तक

पीलीभीत। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव/अपर जिला जज सुनील कुमार द्वितीय ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार स्थाई लोक अदालत पीलीभीत में दो हजार रुपए प्रति बैठक और पांच हजार रूपए प्रति माह यात्रा भत्ता पारिश्रमिक पर एक पद संविदा पर नियुक्ति के लिए 17 अगस्त की शाम पांच बजे तक डाक द्वारा आमंत्रित किए जाने है।अधिक जानकारी के लिए इच्छुक लोग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संपर्क कर सकते है। या फिर जिला न्यायालय की वेबसाइट pilibhit.dcourts.gov.in पर भी संपर्क कर सकते हैं।

युवती को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

बीसलपुर। युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी को गांव बौनी का रहने वाला बलजीत ,अनूप शुक्ला और जसोदा बहला फुसलाकर ले गए। काफी तलाशने के बाद भी बेटी नहीं मिल सकी है। जब इसकी जानकारी करने गए तो आरोपियों ने धमकी दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

अलग-अलग हादसों में दो लोगों की गई जान

गजरौला क्षेत्र में असम हाईवे पर ट्रैक्टर ट्रॉली और ट्रक की टक्कर में चालक की मौत

संवाददाता, पीलीभीत/गजरौला

अमृत विचार: अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में दो जान चली गई। हाईवे पर ट्रैक्टर ट्रॉली और ट्रक में भीषण टक्कर हो गई। जिसमें ट्रक चालक की मौत हुई। जबकि जहानाबाद में पशुओं को नहलाने गए युवक की अप्सरा नदी में डूबकर जान चली गई। संबंधित थानों की पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों मृतकों के परिवारों में चीख पुकार मची रही।

जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गोंछ के रहने वाले विजयपाल कश्यप खेती कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनका 19 वर्षीय पुत्र अमन कुमार बुधवार को जानवरों को नहलाने के लिए गांव से कुछ ही दूरी पर अप्सरा नदी में ले गया था। एक जानवर नदी में फंसने लगा।उसे निकालने के लिए अमन भी नदी में उतर गया और पानी अधिक होने पर डूब गया। कुछ ग्रामीणों ने उसे डूबता देख शोर मचाया। इस पर लोग जमा हो गए। काफी तलाशने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका।

असम हाईवे पर गजरौला क्षेत्र में हादसे के बाद खड़ी क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर ट्रॉली और ट्रक।

- **जहानाबाद में पशुओं को नहलाने गए युवक की नदी में डूबने से चली गई जान**

दूसरे दिन गुरुवार सुबह से दोबारा परिवार वाले अप्सरा नदी में युवक की तलाश में जुट गए। कुछ ही दूरी पर अप्सरा नदी किनारे झाड़ियों में अमन का शव फंसा मिल गया। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। इसकी सूचना मिलने पर जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की जानकारी की।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उधर, दूसरा हादसा गुरुवार सुबह गजरौला थाना क्षेत्र में असम हाईवे पर हुआ। मुरादाबाद जनपद के थाना डूंगरपुर क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर के रहने वाले जब्बार हुसैन का 22 वर्षीय पुत्र साजिद हुसैन ट्रक चालक था। मेरठ से बिहार के लिए दवाइयां जा रही थी। ट्रक में दवा लेकर वह रवाना हुआ।

असम हाईवे पर गजरौला थाना क्षेत्र में माला मोड़ और कटना नदी के बीच पहुंचते ही ट्रक की धान लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई और ट्रक आगे से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई जबकि ट्रैक्टर का चालक मौके से भाग गया। राहगीरों से सूचना मिलने पर गजरौला पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। मृतक के परिवार को हादसे की सूचना दी गई। इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

नींद की झपकी बन गई हादसे की वजह

एक बार फिर लंबे रूट पर हुए हादसे में चालक को आई नींद की झपकी हादसे का सबब बन गई। बताते हैं कि ट्रक चालक रात से ही सफर कर रहा था। उसकी नींद भी पूरी नहीं हो सकी थी। उसे झपकी आने पर हादसे की बात शुरुआती जांच में पुलिस भी कहती रही।

परिवार में कोहराम, रो-रोकर बुरा हाल

हादसों में दो मौतों के बाद उनके परिवार का खुशनुमा माहौल मातम में तब्दील हो गया। जहानाबाद क्षेत्र में पशु नहलाने गए युवक की मौत होने के बाद उसके परिवार वालों का रोकर बुरा हाल रहा। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसके बड़ा भाई अजय और छोटा भाई प्रभास है। उधर, ट्रक चालक की मौत के बाद जैसे ही परिवार तक हादसे की सूचना पहुंची तो उसके परिवार में भी मातम छा गया।

युवक ने हरदोई ब्रांच नहर में लगाई छलांग, सुराग नहीं

माधोटांडा, अमृत विचार: माधोटांडा क्षेत्र के चौकी शाहगढ़ में हरदोई ब्रांच नहर पर बनी रेल पटरी से ग्राम सुंदरपुर फुलहर के विरेश शर्मा पुत्र गोकर्ण लाल ने नहर में छलांग लगा दी। घटना गुरुवार की है। इसकी जानकारी लगने पर मौके पर काफी संख्या में लोग जमा हो गए। युवक की तलाश की जाती रही लेकिन उसका देर शाम रात कुछ पता नहीं चल सका। अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू में काफी दिक्कत आई। घटनाक्रम के बाद से परिवार वालों का रोकर बुरा हाल रहा।

युवक के भाई अरविंद ने क्षेत्र में रहने वाली एक युवती और उसके परिवार वालों पर आत्महत्या करने के लिए उकसाने का आरोप लगाया। मोबाइल से एक लेटर की फोटो प्राप्त हुई है। जिसे सुसाइड नोट माना जा रहा है। पुलिस ने एसडीएम कलीनगर आशुतोष गुप्ता को जानकारी दी और फिर एसडीएम ने हरदोई ब्रांच नहर के जेई को नहर का पानी रोकने के लिए निर्देशित किया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चंदिया हजारा में 2200 परिवार राहत सामग्री महज 450 को मिली

संवाददाता, पूरनपुर

- **प्रधान बोला- मौजा हजारा और भुरजानिया में भी नहीं बांटी राहत सामग्री,एसडीएम से शिकायत**
- **जनपद भ्रमण के दौरान पिछले दिनों मुख्यमंत्री पहुंचे थे चंदिया हजारा के बाढ़ शरणालय**

अमृत विचार: प्रशासन की ओर बाढ़ पीड़ितों को बांटी गई सामग्री की पोल चंदिया हजारा के ग्राम प्रधान ने खोल दी। एसडीएम को भेजे पत्र में प्रधान ने कहा कि चंदिया हजारा में 2000 से अधिक परिवारों में महज साढ़े चार सौ ग्रामीणों को ही राहत किट मिल पाई है। इसके अलावा मौजा हजारा और भुरजनिया में तो अभी तक एक भी किट वितरित नहीं की गई। प्रधान ने एसडीएम से पर्याप्त राहत सामग्री बंटवाने की मांग की है।

बता दें कि बीते दिनों शारदा उफनाने के बाद बाढ़ आ गई थी। बाढ़ पीड़ित गांवों का हाल जानने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आए थे। वह चंदिया हजारा के बाढ़ शरणालय में भी गए थे। उस वक्त भी कुछ महिलाओं ने देरी से राहत सामग्री मिलने की शिकायत की थी और मुख्यमंत्री ने अफसरों की फटकार लगाई थी। पर्याप्त राहत सामग्री बांटने के लिए पिटारे खोलने के निर्देश दिए। इसके बाद सामग्री बांटी भी गई लेकिन अभी भी सैकड़ों परिवार ऐसे हैं जिन्हें सरकार से राहत नहीं मिल पाई। चंदिया हजारा के ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू ने एसडीएम को पत्र भेजकर इसकी हकीकत बयां की। उन्होंने एसडीएम को भेजे पत्र में कहा कि उनके गांव चंदिया हजारा में करीब 2200 परिवार हैं। इनमें महज 450 परिवारों को ही अभी तक प्रशासन की ओर से राहत सामग्री मिल सकी है। शेष लोगों में सामग्री न मिलने से नाराजगी है। शारदा पार चंदिया हजारा ग्राम पंचायत का मौजा हजारा और भुरजनिया मौजूद हैं। अभी तक इन दोनो गांवों में एक भी परिवार को राहत किट नहीं मिली है। जबकि प्रशासन के आंकड़ों में सभी बाढ़ पीड़ितों को सामग्री बांटी जा चुकी है।

> चंदिया हजारा में अब तक 900 से अधिक परिवारों को राहत सामग्री किट प्रशासन की ओर से बांटी जा चुकी है। प्रधान और संभ्रांत व्यक्तियों के बताने पर सामग्री बांटी जा रही है। सभी गांवों के वितरण वाउचर भी लेखपालों द्वारा दिए गए हैं। – **वीरेंद्र कुमार**, तहसीलदार

पेड़ की टहनी गिरी, तीन बाइक क्षतिग्रस्त

दियोरिया कलां: पैनिया हिम्मत में लगी साप्ताहिक बाजार में उस वक्त हड़कंप मच गया जब बाजार के पास देवस्थान पर लगे वृक्ष की टहनी अचानक गिर गई। इससे नीचे खड़ी बाइकें क्षतिग्रस्त हो गई। आवाजाही कर रहे लोगों में भगदड़ सी मच गई। हादसा गुरुवार को हुआ। उस वक्त लोग सब्जी व अन्य रोजमर्रा का सामान खरीदने के लिए आए थे। दुकानें सजी हुई थी। टहनी गिरने से उसकी चपेट में आकर तीन बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट, क्रॉस रिपोर्ट

पीलीभीत, अमृत विचार : पुरानी रंजिश को लेकर चिड़ियादाह गांव में दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। किसी मौके पर मौजूद भीड़ ने बमुश्किल दोनों का बचाव कराया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों तहरीर पर क्रास रिपोर्ट दर्ज कर पांच लोगों को नामजद किया है।

सुनगढ़ी क्षेत्र के गांव चिड़ियादाह के मोहम्मद करीम और अंजुम आरा के परिवार के बीच रंजिश को लेकर 16 जुलाई की सुबह साढ़े नौ बजे विवाद हो गया। दोनों ही परिवारों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। एक पक्ष के मोहम्मद करीम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने मकान के दरवाजे पर बैठा था। तभी इस गांव का ही महफूज वहां आया और गाली गलौज की। इसके बाद मारपीट करने लगा। पड़ोस के लोगों ने जान बचाई। जबकि दूसरे पक्ष की महिला अंजुम आरा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पति महफूज अंसारी मोहर्रम के लंगर मे जाने के लिए दरवाजे पर खड़े थे। इस दौरान वहां अचानक गांव के अजीज, आरिफ, रफीक व तौफीक पहुंच गए और एक राय होकर गाली गलौज करने लगे। विरोध पर पति के साथ मारपीट करने लगे। बचने के लिए पति घर में घुस आए। इसके बाद दोबारा पिटाई की। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय ने बताया कि क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की गई। मामले की जांच करा रहे हैं।

एडीएम साहब ये क्या..! आपका ध्यान हटते ही फिर वाटर वर्क्स में लगने लगा कूड़े का ढेर

शहर में नाला सफाई के दौरान निकली सिल्ट और कचरे से पाट दिया परिसर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : वाटरवर्क्स में ओवरहेड टैंक के पास लगे गंदगी के ढेर को लेकर जब तक एडीएम सख्त रुख अपनाए रहीं। तब तक तो हालात सुधरे रहे लेकिन अब दोबारा से नगरपालिका पुराने ढर्रे पर आ गई है। परिसर में कूड़े के ढेर लगाना शुरू कर दिया है। उससे उठने वाली दुर्गंध से आसपास में रहने वाले बेहद परेशान है। दिनभर दुर्गंध को झेलने के बाद शाम को मच्छरों का आतंक हैं। जिम्मेदारों पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा।

- **कूड़े से उठने वाली दुर्गंध से लोग परेशान, पेयजल में भी बड़ा संक्रमण का खतरा**

दरअसल, शहर में नालों से निकलने वाली गंदगी और सिल्ट का वाटर वर्क्स कैंपस में लंबे समय से ढेर लगाया जा रहा था। इससे जहां पानी की टंकी में संक्रमरण का खतरा मंडराने लगा था। वहीं, लोग परेशान थे कि नगर पालिका खुद ही गंदगी के ढेर लगा रही है। जिसमें कूडा कचरा के अलावा खतरनाक मेडिकल वेस्ट शामिल है। इसके अलावा वाटर वर्क्स में दशकों से कूड़ा उठाने वाले वाहन खड़े होते हैं। इधर, बताया जाता है कि वर्ष 2018 में अमृत योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने का कार्य स्वीकृत किया गया था। जिसके लिए शासन ने 36 करोड़ का बजट आवंटित किया था। जिसमें नगर पालिका, मीना बाजार के साथ वाटर वर्क्स में भी दो ओवरहेड टैंक बना दिए गए थे। इनमें एक अंडरग्राउंड और दूसरा ओवरहैड टैंक शामिल है। यहां से शहर के मोहल्ला बेनी चौधरी, डालचंद, मोहम्मद फारुख, पंजाबियान, फीलखाना, बाग गुलशेर खां, तखान समेत करीब दर्जनभर से अधिक मोहल्लों में पानी की सप्लाई होती है। लेकिन यहां शहर में नाला सफाई के दौरान निकाली गई सिल्ट और गंदगी का वाटर वर्क्स में ढेर लगा दिया जाता था।

बीते दिनों एडीएम ऋतु पुनिया ने अमृत विचार में प्रकाशित खबर '...तो इसे नगरपालिका नहीं विनाशिका कहिए' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसका संज्ञान लेने पर पालिका ने एक से पांच ट्रॉली कूड़ा उठवाकर फेंक दिया था। अब एडीएम का ध्यान हटते ही वहां स्थिति फिर पहले की तरह होने लगी है। कूड़ा का ढेर कैंपस में फैला हुआ है। जिसमें गंदगी पनप रही है। गुरुवार को वाटर वर्क्स में गंदगी की वजह से दो मिनट खड़ा होना भी मुश्किल हो रहा है। जिसका खामियाजा वाटर वर्क्स के पीछे बसे मोहल्ला फीलखाना, बेनी चौधरी, पानी वाली टंकी के आसपास के लोगों को भुगतान पड़ रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो कूड़े के ढेर से बदूब आती है। शिकायत करने के बाद भी कोई सुनने को तैयार नहीं है। तो वहीं अब तो टंकी के पानी भी पीने से डर लग रहा है।

वाटर वर्क्स में कूड़े के ढेर में दबे हुए वाहन और ठेले लगा कूड़े का पहाड़।

> वाटर वर्क्स में लगे कूड़े का मामला पहले भी संज्ञान में आया था। जिसका उठान करने के लिए पालिका को कहा गया था। अगर फिर भी कूड़ा पड़ा हुआ है, तो गलत है। कूड़ा उठाने के लिए नगरपालिका को कहा जा रहा है। इसके बाद भी स्थिति नहीं सुधरी तो कार्रवाई की जाएगी।
> – **ऋतु पुनिया एडीएम**, राजस्व एवं वित्त

वाटर वर्क्स गेट पर कूड़ा का ढेर और उससे रीसता गंदा पानी जिसमें पनप रही बीमारियां।

वाटर वर्क्स से गंदगी तो उठने लगी, पर आपकी सेहत का ख्याल रखेगी नगर पालिका...ये आस्था मत रखना

प्रशासन ने अमृत विचार की खबर का लिया संज्ञान, एडीएम ने फटकार लगाई तो आगे नगर पालिका के अफसर

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

कूड़े में दबकर गल रहे वाहन, अब भी नहीं चेते जिम्मेदार तो बारिश में और बिगड़ेंगे हालात

वाटर वर्क्स में लगे कूड़े के ढेर से लोग उससे उठने वाली दुर्गंध से तो परेशान हैं ही। इससे नगर पालिका को भी नुकसान पहुंच रहा है। कूड़े में वहां कंडम और नए वाहन खड़े हुए हैं। जिसमें से कई तो अब गल और सड़ रहे हैं। जिनको कोई देखने वाला नहीं है। आलम यह है कि कूड़े वाले ठेलों की पानी भी नहीं उतर रही है। मगर वह कूड़े के ढेर में दबे हुए हैं। अभी आने वाले दिनों में बारिश का भी अनुमान विशेषज्ञ लगा रहे हैं।ऐसे में बारिश हो गई तो वाटर वर्क्स में हालात और बिगड़ेंगे।

हत्यारोपी भाई गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

पीलीभीत। सोते वक्त बड़े भाई की हथौड़े से वार करके हत्या करने वाले छोटे भाई को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ कर घटना की जानकारी की गई। जिसके बाद चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

बता दें कि बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम मार के रहने वाले 32 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र रामासरे की उसके ही छोटे भाई सुधीर ने सोते वक्त हथौड़े से वार करके हत्या कर दी थी। बुधवार सुबह घटना को अंजाम दिया गया था। इससे पहले मंगलवार रात को आरोपी सुधीर के नशे की हालत में घर पहुंचने पर भाइयों के बीच विवाद हो गया था। चर्चा थी कि बहन की शादी में हुए खर्च को लेकर दोनों भाइयों में विवाद गहरा गया था। जिसके चलते मामला हत्या तक पहुंच गया। आरोपी सुधीर को गिरफ्तार कर पूछताछ की इसके बद गुरुवार शाम को जेल भेज दिया गया।

बच्चों ने दिखाया हुनर, अनिकेत आए प्रथम

प्रतियोगिता में शामिल बच्चे। ● अमृत विचार

पीलीभीत, अमृत विचार: स्प्रिंगडेल कॉलेज में टाई एंड डाई प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग लिया।

प्रतियोगिता में प्रयोग होने वाला सामान जैसे कपड़ा , रंग इत्यादि बच्चे खुद लेकर आए। अपनी रूचि के अनुसार रंगो और डिजाइनों का चयन करके कपड़ों पर सुंदर आकृतियों से सजाया। शिक्षिका दिव्या , वर्षा चौहान की मुख्य भूमिका रही। भाग लेने वाले बच्चों में अपर्णा , एल्जा , अवनी , तनवीर , आदर्श , अनुज , कृष्णा , लक्ष्य , प्रियांशु , मोनू , पलक , अंकिता , समीक्षा , राशि , कीर्ति , कमलजीत कौर , अनिकेत आदि सम्मिलित रहे । निर्णायक मंडल में अध्यापिका स्वाती सिंह, रश्मि सहगल की मुख्य भूमिका रही । विजेताओं में कक्षा पांच के अनिकेत प्रथम, कक्षा छह की अवनी गर्ग द्वितीय, अपर्णा तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्या प्रिया आनन्द ने विद्यार्थियों के कार्य की प्रशंसा की और पुरस्कृत किया।

दबंग की शिकायत पर महिला को थाने से भगाने का आरोप

गजरौला। घर के सामने खाली पड़ी जमीन पर गांव का ही दबंग झोपड़ी डाल रहा है। विरोध करने पर धमका रहा है। पुलिस से न्याय मांगने गई तो महिला को थाने से भगा दिया। अधिकारियों से पीड़िता न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम मुड़ैला खुर्द की कमला देवी ने बताया गांव का एक व्यक्ति उनके घर के आगे खाली पड़ी ग्राम समाज की जमीन पर जबरन झोपड़ी डालकर कब्जा कर रहा है। मना करने पर जान से मारने की धमकी देता है। चार नंबर 2023 को गजरौला थाने में दोनों पक्षों का फैसला हुआ था। दबंग से परेशान होकर गजरौला थाने में तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस ने फटकार कर भगा दिया। महिला ने न्याय की गुहार लगाई। उधर, पुलिस मामले की जांच करने की बात कह रही है। बोला की बार-बार थाने चली आती हो। अपने घर पर भाग जाओ। इधर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
शाहजहाँपुर में एक मात्र संस्थान जहाँ एक ही छत के नीचे सारे समाधान
अस्पताल में उपलब्ध सुपर स्पेशलिटी विभाग
यूरो सर्जरी विभाग
न्यूरो सर्जरी विभाग
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
प्लास्टिक सर्जरी विभाग
OPD का समय- प्रातः 9:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घंटे उपलब्ध सुविधायें
I.C.U., M.R.I., CT-Scan की सुविधा उपलब्ध
दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
• पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
• ई.सी.एच.एस. कार्डधारकों के लिये कैशलेस इलाज की सुविधा।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

आवश्यकता है
अमृत विचार, बरेली व लखनऊ को
अकाउंटेंट की (विज्ञापन विभाग में)
अनुभवः- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

Dr.M. Nadeem® (BUMS)

यूनानी चिकित्सक

Reg. No. 19709

पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग

जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैकस पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोडों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोडों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

9634499693
9837338306

आपके विश्वास पर ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं।

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग

[COLO-RECTAL-CENTER]

28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली

9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)

B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)

B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज

मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।

ADMISSION OPEN

AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified

PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग

PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग

NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में

सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)

कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581

Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com

कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL

डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm

डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm

डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm

डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm

डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध

पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405

एक साथ दुनिया छोड़ने की बात कह प्रेमी ने खाया जहर, प्रेमिका मुकरी

- हालत बिगड़ने पर युवक को कराया अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर
- गांव की युवती से हुआ दो बच्चों के पिता को प्यार

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार: दो बच्चों के पिता को गांव की युवती से प्यार हो गया। समाज की अड़चने लगने पर दोनों एक साथ दुनिया छोड़ने को राजी हो गए। युवक ने सल्फास खा ली। जबकि युवती घबराकर मुकर गई। जानकारी लगने पर परिजन युवक को अस्पताल ले गए। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

थाना माधोटांडा क्षेत्र का एक युवक पहले से विवाहित है। उसके दो बच्चे हैं। गांव की एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा है। जानकारी लगने पर परिजनों ने विरोध किया। युवक के बड़े भाई ने भी कई बार युवती को समझाया। इस प्रेम प्रसंग की चर्चा गांव में होने लगी। युवती विवाहित प्रेमी के साथ रहना चाहती है। परिवार और समाज की बंदिशे लगने पर गुरुवार को दोनों ने एक साथ आत्महत्या करने का निर्णय ले लिया। जिसके बाद दोनों खेत पर पहुंचे। युवक ने जान देने के लिए जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया और युवती उसे देखती रही। बताते हैं कि युवती घबरा गई और जहर नहीं खाया। कुछ देर बाद युवक की हालत बिगड़ने लगी। युवती घबरा गई और उसने जहर की पुड़िया फेंक दी। जानकारी लगने पर युवक के परिजन खेत पर पहुंचे। इस दौरान युवक खेत में तड़प रहा था। पास में ही युवती मौजूद थी। उनके पास जहर का एक खाली और दूसरा भरा पैकेट पड़ा हुआ था। सूचना पर माधोटांडा पुलिस पहुंच गई। युवक को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

आवश्यकता है

सहायक प्रशासनिक अधिकारी
कम्प्यूटर ऑपरेटर
कम्प्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग एवं सी.सी.टीवी. मेंटेनेंस हेतु
लैब टैक्नीशियन

अनुभवी व्यक्ति की वेतन-योग्यतानुसार
शीघ्र संपर्क करें :-
HR ऑफिस, रूम नं. 102, OPD गेट के पास
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मो. 7521001986, 7521001994

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

आज का मौसम

बादल छाए रहने के साथ बारिश का अनुमान

34.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

एक नजर

जिला जज की अध्यक्षता में हुई बार बेंच की शोकसभा

पीलीभीत। करीब छह दशक से वकालत कर रहे पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता रेवेन्यू गुरुसरन वर्मा के निधन को लेकर गुरुवार दोपहर तीन बजे जिला जज जितेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बार बेंच की संयुक्त शोक सभा हुई। जिसमें दिवंगत अधिवक्ता को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। शोक प्रस्ताव के उपरांत न्यायालय में अवकाश घोषित कर दिया गया। बता दें कि गुरुसरन वर्मा का मंगलवार की शाम निधन हो गया था। इस मौके पर अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार डूंगरा कोटी, विशेष न्यायाधीश महेश आनंद झा, स्पेशल जज डॉ. शिवा पांडे, सीजेएम पूजा गुप्ता, एसीजेएम अमित यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट दुष्यंत शर्मा, जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र, अधिवक्ता गण कुलविंदर सिंह, विवेक पांडे, आनंद मिश्रा, विवेक अवस्थी, मोहनगिरी गोस्वामी, कुलदीप अवस्थी, वीरेंद्र कुमार सक्सेना, करन वर्मा, राजेंद्र मिश्रा, चोखे लाल, साबिर हुसैन अंसारी, महेंद्र मिश्रा आदि थे।

सिपाही समेत तीन के खिलाफ दहेज हत्या की एफआईआर

पूरनपुर। पत्नी की मौत के बाद सिपाही और उसके परिवार वालों पर कानूनी कार्रवाई की गई। मृतका के मायके वालों की ओर से मिली तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या की सिपाही समेत तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। कस्बे में डायल 112 में तैनात सिपाही शुभम की पत्नी नेहा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उसका शव सरवनपुरी कालोनी स्थित किराए के मकान में कमरे में फंदे से लटका मिला था। मंगलवार रात शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतका के पिता रूढ़की उत्तराखंड के गांव लखनौता के रहने वाले विजेंद्र पाल ने दहेज की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले में आरोपी पति शुभम, ससुर डा. रमेश चंद्र, मां वीरमती के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

दुष्कर्म के आरोपी बैंक कर्मी को ले गई बरेली पुलिस

बिलसंडा। नगर का एक युवक बरेली की बैंक में कार्यरत है। बरेली में रहने के दौरान उसके एक युवती से संबंध हो गए। उसने एक होटल में युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए। आरोप है कि वह काफी समय तक युवती का यौन शोषण करता रहा। युवती ने आरोपी युवक के खिलाफ बरेली कोतवाली में दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद बैंक कर्मी वहां से फरार हो गया था। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी थी। बताते हैं कि आरोपी के बिलसंडा स्थित मकान पर होने की पुलिस को जैसे ही लोकेशन मिली। पुलिस ने बृहस्पतिवार को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस अपने साथ बरेली ले गई। बैंक कर्मी के दुराचार के आरोप में पकड़े जाने का मामला उजागर होने पर मोहल्ले में चर्चाएं तेज रही।

पंचायत सचिवों के बाद समस्त एसडीएम गोशालाओं की रिपोर्ट मिलने पर जिलाधिकारी ने सख्त कार्रवाई करने की कही बात

गोशालाओं में हरा चारा, पशु दफनाने में मिली लापरवाही तो नपेंगे प्रधान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: गोशालाओं की लगातार उजागर हो रही बदहाल तस्वीरों के बाद अब डीएम सख्त हुए हैं। निचले स्तर पर जिम्मेदारी तय कर दी गई है। ये भी स्पष्ट कर दिया है कि अब अगर जनपद की किसी भी गोशाला में आश्रित गोवंश के लिए हरे चारे की कमी या फिर मृत होने के बाद पशु के शव दफनाने में लापरवाही सामने आई तो सख्त एक्शन लिया जाएगा। संबंधित ग्राम पंचायत के प्रधान के अधिकार सीज किए जाएंगे।

जनपद में 50 से अधिक गोशालाएं पांच हजार से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। जिन पर सरकार हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। मगर, आए दिन इन गोशालाओं में भूख-बीमारी से गोवंश की मौत और मृत पशुओं को दफनाने में बरती जा रही लापरवाही के मामले में प्रकाश में आते रहते हैं। कुछ दिन पूर्व मरौरी ब्लाक की बसंतापुर और पुरवा भूड़ा गोशाला में गोवंश की दुर्दशा के वीडियो वायरल हुए थे। जिसका संज्ञान लेने के बाद आनन-फानन में उसी दिन शाम सात बजे सीवीओ डॉ. अरविंद कुमार, एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह और बीडीओ मरौरी मृदुला को भेजकर मामले की जांच कराई। जांच में पुरवा भूड़ा में मृत गोवंश को दफनाने मेलापरवाही उजागर हुई। वहीं बसंतापुर गोशाला में प्रकाश व्यवस्था ठप मिली थी। जांच रिपोर्ट पर डीपीआरओ सतीश कुमार ने सचिव मोहम्मद रिजवान को निलंबित कर दिया था। उधर, डीएम संजय कुमार सिंह ने गोशालाओं की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सभी एसडीएम और बीडीओको अपने-अपने क्षेत्र की गोशालाओं का निरीक्षण कर तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे।

इधर, निर्धारित आठ बिंदुओं पर निरीक्षण कर सभी उप जिलाधिकारियों ने रिपोर्ट डीएम को सौंप दी। बताते हैं कि रिपोर्ट में सामान्य आई है। कुछ गोशालाओं में मामूली खामियां मिलने पर उन्हें तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए हैं।

एक गोशाला में भूसा चारा खाते गोवंश। (फाइल फोटो)

"सभी उपजिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों से गोशालाओं की आठ बिंदुओं पर जांच कराई गई थी। रिपोर्ट सामान्य है। जहां मामूली खामियां पाई गई है, उन्हें तत्काल दुरुस्त कराने को कहा गया है। यदि किसी गोशाला में हरे चारे या मृत गोवंशों को नियमानुसार शवों के निस्तारण में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित ग्राम प्रधान के अधिकार सीज की कार्रवाई की जाएगी।

– **संजय कुमार सिंह**, डीएम

बरेली रूट पर जल्द शुरू होगा ट्रेनों का संचालन पूरनपुर के लिए अभी और करना पड़ेगा इंतजार

बीते दिनों बारिश के दौरान दोनों रूटों पर रेलवे ट्रैक की पुलिया बहने पर बंद कर दिया गया था ट्रेनों का संचालन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: बरेली रुट पर अगले सप्ताह से ट्रेनों का संचालन शुरू हो सकता है। इस रुट पर जहानाबाद रेलवे क्रॉसिंग के समीप रेलवे की ओर से कराया जा रहा निर्माण कार्य तेजी गति से चल रहा है। हालांकि रेलवे प्रशासन का कहना है कि अभी पूरनपुर रुट पर यात्रियों को ट्रेनों से सफर के लिए इंतजार करना होगा। बता दें कि इन दोनों रुटों पर बीते दिनों बारिश के दौरान रेलवे ट्रैक की पुलिया बह गई थी। जिसके बाद ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया था।

करीब डेढ़ सप्ताह पूर्व जिले में हुई भारी बारिश और शारदा एवं देवहा नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद आई बाढ़ से हालात बेकाबू हो गए थे। बारिश-बाढ़ ने रेलवे ट्रैकों के भी अपनी चपेट में ले लिया। बीती आठ जुलाई को पीलीभीत-मैलानी रुट पर शाहगढ़ और संदेई हॉल्ट के बीच सकरिया नाले पर बनी रेलवे की पुलिया संख्या 305 पानी के तेज बहाव में बह गई थी, जिससे रेलवे ट्रैक हवा में झूल गया था। अगले ही दिन पीलीभीत-भोजीपुरा रुट पर जहानाबाद रेलवे क्रासिंग के समीप भी एक रेल ट्रैक की एक पुलिया पानी के तेज बहाव के चलते बह गई थी। इससे दोनों ही रुटों पर ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया था। इधर रेल महकमे द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में दोनों ही स्थानों पर तेजी से कार्य कराया जा रहा है।

पीलीभीत-भोजीपुरा रुट पर कटान स्थल पर चल रहा कार्य। ● अमृत विचार

दावा: बरेली रूट पर 70 फीसदी कार्य पूरा

पीलीभीत-भोजीपुरा रुट पर जहानाबाद रेलवे क्रॉसिंग के समीप बाढ़ के चलते पुलिया बह गई थी। यहां अनुभवी इंजीनियरों की निगरानी में रेस्टोरेशन कार्य चला रहा है। यहां बोल्डर डालने के साथ मिट्टी भरी बोरियों को कटान वाले स्थल पर डाला जा रहा है। ट्रेनों का संचालन जल्द शुरू करने के लिए यहां तेजी से कार्य चल रहा है। रेल अधिकारियों के मुताबिक यहां लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उम्मीद है कि बरेली रुट पर अगले सप्ताह से ट्रेनों का संचालन भी शुरू कर दिया जाएगा।

- **पूरनपुर रूट पर साइट तक निर्माण सामग्री पहुंचाने में आ रही दिक्कतें**

"वरिष्ठ अधकारियों और तकनीकी रूप से अनुभवी इंजीनियरों की देखरेख में दोनों साइटों पर तेजी से कार्य चल रहा है। उम्मीद है कि पीलीभीत-भोजीपुरा रुट पर अगले सप्ताह तक ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। हालांकि पीलीभीत-मैलानी रुट पर ट्रेनों का संचालन होने में अभी वक्त लगेगा।

– **राजेंद्र सिंह**, जनसंपर्क अधिकारी इज्जतनगर मंडल

डीआरएम ने दो रूटों पर चल रहे रेस्टोरेशन कार्य का किया निरीक्षण

पीलीभीत, अमृत विचार : इज्जतनगर मंडल की मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने गुरुवार को पीलीभीत-भोजीपुरा रेल खंड पर पीलीभीत-शाही स्टेशन के बीच एवं पीलीभीत-पूरनपुर रेल खंड पर माला-शाहगढ़ स्टेशनों के बीच चल रहे रेस्टोरेशन कार्य का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों स्थलों पर मरम्मत कार्य कर रहे रेलवे अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं श्रमिकों का मनोबल बढ़ाते हुए मरम्मत कार्य पूरी गुणवता के साथ करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व भी मंडल रेल प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य इंजीनियर रंजन यादव के साथ दोनों साइटों का दौरा कर चुकी है। उन्होंने बताया कि रेल खंडों पर रेल संचालन बहाल करने के लिए रेस्टोरेशन कार्य निरंतर युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। नदियों के जल स्तर पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

निर्माण कार्य का निरीक्षण करती डीआरएम रेखा यादव।

कीचड़-पानी बन रहा काम में बाधा

पूरनपुर रुट पर माला-शाहगढ़ के बीच क्षतिग्रस्त पुलिया को दुरुस्त करने के लिए रेल महकमे को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़-पानी के चलते निर्माण सामग्री पहुंचाने में दिक्कतें सामने आ रही है। हालांकि मैलानी से मालगाड़ी और डंपरों के माध्यम से बोल्डर भेजे जा रहे है। कटान वाले स्थान पर श्रमिकों की मदद से बोल्डर डाले जा रहे हैं। वहीं जेसीबी, पोकलेन मशीन की मदद से पानी निकास के लिए 33 पाइप भी डाले जा चुके हैं। मगर अभी यहां कार्य पूरा होने में खासा वक्त लग सकता है।

फल खरीदने के दौरान कहासुनी होने पर विक्रेता को घेरकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **दूसरे समुदाय के लोगों पर एकत्र होकर मारपीट करने का आरोप**
- **फल मंडी का मामला, घटना का पता चलजे ही सीओ फोर्स के साथ पहुंचे**

अमृत विचार: फल खरीदने को लेकर विक्रेता से हुई कहासुनी के बाद दूसरे समुदाय के एक दर्जन से अधिक लोगों ने बीच बाजार में फल विक्रेता की पिटाई कर दी। इसको लेकर एक पक्ष के लोग भी बाजार में एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर सीओ सिटी और कोतवाल भारी संख्या में फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के आने से पूर्व दोनों पक्ष के लोग भाग गए। पुलिस सीसीटीवी कैमरे से हंगामा करने वालों की तलाश कर रही है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला देश नगर के राजू और उसका भाई सुरेश फल मंडी में फल का ठेला लगाते हैं। राजू के मुताबिक गुरुवार शाम साढ़े सात बजे कुछ लोग फल खरीदने आए। इस दौरान उनकी फल खरीदने को लेकर कहासुनी हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई और दो लोगों को मौके से पकड़ कर कोतवाली ले आई। पुलिस के जाने के बाद दूसरे पक्ष के करीब 12 लोग एकत्र होकर बाजार में आ गए और फल विक्रेता के साथ मारपीट करने लगे। युवकों के दूसरा समुदाय से जुड़ा होने के कारण बाजार में भी काफी लोग एकत्र हो गए। मामला बिगड़ते देख किसी ने घटनाक्रम की सूचना पुलिस को दोबारा दी। कुछ ने सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की। सूचना मिलने पर सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, कोतवाल नरेश त्यागी फोर्स के साथ पहुंचे। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पूर्व दोनों पक्ष फरार हो गए। मामले को देखते हुए फोर्स तैनात कर दिया गया है। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि अभी किसी पक्ष की ओर से कोई तहरी नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

गाली गलौज का विरोध करने पर हमला

पीलीभीत, अमृत विचार: मोहल्ला देशनगर के फिरोज ने बताया सात जुलाई को वह जरूरी काम से मोहल्ला शेर मोहम्मद से जा रहा था। आरोप है रास्ते में मोहल्ले का जीशान, रेहान, फुरकान, असलम का पुत्र ने बेवजर गाली गलौज करनी शुरू कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे फिरोज के भाई अमीर को लाठी डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया। अमीर पर जान से मारने की नियत से हमला किया। झगड़े में उसके दूसरे भाई आदिल और बहन रेशमा के भी चोटें आई। आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सार-संक्षेप

सास, बहू और बेटा सम्मेलन में दिलाई शपथ

मझोला : नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा में गुरुवार को सास, बहू और बेटा सम्मेलन में सीएमओ डॉ. आलोक कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। शपथ दिलाने के साथ ही उन्होंने उपहार बांटे। स्वास्थ्य विभाग के अमित कुमार शर्मा, नितिन गंगवार ने महिलाओं और पुरुषों को परिवार कल्याण की जानकारी दी। दो बच्चे वाले माता-पिता को उनके जीवन और सास बहू के प्यार के बारे में बताया। स्टाफ नर्स फैमिली दास, फार्मासिस्ट प्रहलाद, वार्ड ब्याय दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

बाढ़ पीड़ितों को बांटी गई खाद्यान्न किट

बीसलपुर : क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों को राजस्व विभाग की ओर से चिन्हित करने के बाद खाद्यान्न किट वितरित करने का सिलसिला जारी है। एसडीएम महिपाल सिंह ने तमाम बाढ़ पीड़ितों को खाद्यान्न किट सौंपी। उनसे समस्याएं जानी और निस्तारण का आश्वासन दिया। जिसमें कई गांवों के लोग लाभान्वित हुए। इस मौके पर नायब तहसीलदार अवधेश कुमार, वीरेंद्र प्रताप, लेखपाल ललित कुमार आदि मौजूद रहे।

चेयरमैन ने फॉगिंग और दवा का छिड़काव कराया

मझोला : नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा में बीते दिनों बाढ़ का पानी घुसने से हालात बिगड़ गए थे। कई जगह बाढ़ का पानी भर गया था। जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का डर था। चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह ने रोस्टर के अनुसार फॉगिंग और दवा का छिड़काव करने के निर्देश दिए। कहा कि इसमें किसी तरह की लापरवाही बरती तो सख्त कार्रवाई होगी। आदर्श कॉलोनी, चीनी मिल कॉलोनी, शराब फैक्ट्री, ड्यूनी डैम मार्ग, खेल मैदान समेत कई जगह नालियों में दवा का छिड़काव और फॉगिंग कराई गई। चेयरमैन का कहना है कि शासन की मंशा के अनुरुप कार्य कराया जा रहा है। कर्मचारियों को भी गंभीरता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

महिला से घुसकर छेड़छाड़, नकदी चोरी

पूरनपुर। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार रात वह घर पर सो रही थी। इस बीच पड़ोस का एक युवक उसके घर में घुस आया और बुरी नियत से दबोच लिया। महिला युवक चंगुल से छूटकर घर से बाहर चली गई। आरोप है कि शराब के नशे में धुत युवक ने ताला तोड़कर घर में रखे सात हजार रुपये निकाल लिए। उसने घर में तोड़फोड़ भी की। महिला ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

मेडिकल कॉलेज में जन्मी बच्चियों को बधाई, केक काटा

मेडिकल कॉलेज में जन्मी कन्या को वस्त्र भेंट करते सीएमएस डॉ. राजेश।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर महिला कल्याण् विभाग की ओर से मिशन शक्ति योजना नामांकन सप्ताह के तहत मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव मनाय गया। जहां सीएमएस डॉ. राजेश कुमार ने 11 कन्याओं को कन्या जन्म की बधाई पत्र व वस्त्र भेंट किया। परिवार के साथ केक काटकर उनका जन्मोत्सव मनाया।

उन्होंने कहा कि हम समाज में बेटों को महत्व देते हैं, उनके जन्म पर खुशियां मनाते है। उसी प्रकार हमें बेटियों के जन्म पर भी मिठाई बांटकर खुशी मनाना चाहिए। डॉ. हिना ने लाभार्थियों को कन्या जन्म की बधाई दी। वन स्टॉप सेंटर केंद्र व्यवस्थापक तृप्ति मिश्रा ने भी लाभार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वह अपनी बेटियों का अति शीघ्र मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में नामांकन करा दें जिससे विभाग की योजना का लाभ उनकी बिटिया को भी मिल सके। इसी क्रम में विभागीय योजनाएं जैसे वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिला को मिल रही सुविधाओं व सेवाओं, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना को विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

झंडी यात्रा का रास्ता रोकने पर हंगामा

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

- **सूचना पर पहुंची पुलिस ने पाइप हटवाकर निकलवाई यात्रा**
- **पुलिस बोली- निर्माण सामग्री रखी हुई थी, तनाव के आरोप गलत**

अमृत विचार: मोहर्रम के दूसरे दिन पृथ्वीपुर गांव में निकाली जा रही झंडी रास्ता का एक गली में लोहे का पाइप लगाकर रास्ता बंद करने पर हंगामा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पाइप हटवाकर यात्रा आगे निकलवाई। जिसके बाद मामला शांत हो सका।

घटना बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुर की है। यहां मोहर्रम पर ताजियों का जुलूस निकला था। बताते हैं कि एक गली में जुलूस निकालने का विरोध हो गया था। हालांकि फिर उस गली से ताजिया नहीं निकाले गए थे। मामला शांत करा दिया गया था। दूसरे दिन गुरुवार को गांव में झंडी यात्रा निकाली जा रही थी। गांव के ही बुद्धसेन के घर से यात्रा शुरू हुई। बड़ी संख्या में लोग भजनों पर थिरकते हुए चल रहे थे। यात्रा गांव के ही देवीस्थान से होकर इलाबांस देवल जानी थी। देवीस्थान की तरफ पहुंचते ही एक गली में लोहे का पाइप लगाकर रास्ता बंद मिला। इसे खुराफात से जोड़कर देखा जाने लगा। जिसके बाद हंगाम होने लगा। यात्रा में दो पुलिसकर्मी पहले से मौजूद थे। उन्होंने सूचना दी तो अतिरिक्त पुलिस बल भी गांव पहुंच गया। जिसके बाद पुलिस ने मार्ग पर रखे पाइप को हटा दिया। फिर यात्रा इलाबांस देवल के लिए निकल गई।

जिरैनिया चौकी प्रभारी संदीप प्रताप का कहना है कि सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर गया था। निर्माण कार्य से जुड़ी सामग्री रखी गई थी। जिससे मार्ग अवरुद्ध हो रहा था। उसे हटवाकर यात्रा निकलवा दी गई है। किसी तरह का तनाव या खुराफात नहीं है।

रास्ता बंद होने पर विरोध जताते झंडी में शामिल लोग। ● अमृत विचार

जुलूस में भड़काऊ नारे लगाने का आरोप

पीलीभीत : शहर के ही विभिन्न संगठनों से जुड़े यशवंत सिंह, बंटी गुप्ता, धीरज आदि ने एसपी को शिकायती पत्र भेजा है। जिसके साथ एक पंद्रह सेकंड की वीडियो भी दी गई है। शिकायत पत्र में बताया गया है कि 17 जुलाई को मोहर्रम पर शहर में ताजियों का जुलूस निकाला गया था। जोकि जेपी रोड से निकल रहा था। आरोप है कि उसमें शामिल कुछ लोगों ने भड़काऊ नारे लगाकर दहशत फैला दी। जिससे कुछ ही देर में बाजार भी बंद होने लगा था। एक घंटे तक ताजियेदार जेवी रोड पर ताजिया रखे रहे। आरोपियों के खिलाफ एनएसए के तहत कार्रवाई करने की मांग की गई है।

महिला से छेड़छाड़ करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

जहानाबाद, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 जुलाई को वह पंचायत घर के पास बने शौचालय में शौच को जा रही थी। रास्ते में गांव के ही भगीरथ ने रोका और खेत में खींच ले गया। दुष्कर्म करने की कोशिश की गई। विरोध करने पर मारपीट की। पुलिस जांच कर रही है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अरविन्द आयु 30 वर्ष व पुत्रवधु श्रीमती रश्मि उर्फ ललिता आयु 28 वर्ष को उनके दुर्व्यवहार एवं गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व एक मकान चाचा चौक बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद हरियाणा से बेदखल कर दिया है। मैं उनके किसी भी कृत्य का जिम्मेदार नहीं हूँ। वह अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **रामनिवास गुप्ता पुत्र ताराचन्द्र निवासी ग्राम सुजावली परगना व तहसील सहसवान जिला बदायूँ।**

सूचना

हमने अपने पुत्र आसिफ अली को उसके गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है, भविष्य में अपने लेन-देन, कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा, हमारा वास्ता न होगा। **साबिर अली पुत्र रहमत अली, जीनत पत्नी साबिर अली, निवासी-196, सैनिक बस्ती ग्राम- चनहेटा तह. व जिला बरेली।**

गौतम बुद्ध महाविद्यालय
फिरोजपुर बल्लिया, बरेली। (243402)
आवश्यकता है प्राचार्य पद की
योग्यता पीएचडी शिक्षण में 10 वर्ष का अनुभव
नोट: विज्ञापन प्रकाशन के 21 दिनों के अन्दर सभी प्रमाण पत्रों की हार्डकॉपी के साथ आवेदन करें।
प्रबंधक-9634543118, 8937841211
gautambuddhmahavidyalaya@gmail.com

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट और गैंगस्टर के आरोपी को सुनाई सजा

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- **पॉक्सो एक्ट के आरोपी को 20 साल कैद, जुर्माना भी लगाया**
- **विशेष न्यायाधीश डा.शिवा पांडेय ने सुनाया निर्णय**

अमृत विचार: विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम डा.शिवा पांडेय ने एक मामले की सुनवाई के बाद थाना बरखेड़ा क्षेत्र के रहने वाले आरोपी रामचन्द्र को बालिका को बंधक बनाने, धमकाने, और पॉक्सो अधिनियम का दोषी पाते हुए 20 साल कैद और 57 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। यह भी आदेश किया कि जुर्माने की धनराशि से 80 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को बतौर प्रतिपूर्ति देय होगी।

अभियोजन कथानक के अनुसार बरखेड़ा थाना क्षेत्र की एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 16 मई 2023 को उसकी बेटी पानी लेने जा रही थी। तभी उसके पड़ोस का ही रहने वाला रामचन्द्र आया और बेटी को पकड़ लिया। कमरे में ले जाकर बंधक बना लिया। बेटी के शोर पर कुछ लोगों ने पहुंचकर बंधनमुक्त कराया। आरोपी ने बेटी को धमकाया। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायालय ने 23 अप्रैल 2023 को आरोपी के विरुद्ध आरोप विरचित किए। मुकदमे की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम डा.शिवा पाण्डेय की अदालत में हुई। न्यायालय ने आरोपी रामचंद्र को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

(पीलीभीत की शेष खबरें पेज 10 पर देखें)

गैंगस्टर के आरोपी को तीन वर्ष कैद, पांच हजार जुर्माना

- **विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित ने सुनाया निर्णय**

विधि संवाददाता, पीलीभीत। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित ने दो वर्ष पुराने गैंगस्टर अधिनियम के मामले की सुनवाई के बाद जिला हरदोई के थाना मझला के गांव केथलपुरवा के रहने वाले आरोपी राजकुमार उर्फ बड़े लल्ला को दोषी पाते हुए तीन वर्ष कैद और पांच हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। राज्य सरकार की ओर से पैरवी अभियोजन अधिकारी अमित कुमार शुक्ल ने की। अभियोजन कथानक के अनुसार थाना बिलसंडा के प्रभारी उदयवीर सिंह की ओर से रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसमें बताया था कि वह पुलिस टीम के साथ शांति व्यवस्था देखरेख में लगे थे। पुन: गश्त के दौरान पता लगा कि आरोपी राजकुमार उर्फ बड़े लल्ला ने एक संगठित आपराधिक गैंग बना लिया है। जिसका वह स्वयं गैंग लीडर है। इस गैंग के अन्य सक्रिय सदस्य हैं और यह लोगों को डरा धमकाकर धन अर्जित करते हैं। जनता इनके भय व आतंक से परेशान है। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित की अदालत में हुई। मुकदमे की सुनवाई के बाद आरोपी को गैंगस्टर अधिनियम का दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत् ।
कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः ॥

निःसंदेह कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता, क्योंकि सारा मनुष्य समुदाय प्रकृति जनित गुणों द्वारा परवश हुआ कर्म करने के लिए बाध्य किया जाता है।

संपादकीय

रेल हादसों के पीछे

देश में लगातार बढ़ रहे रेल हादसों के क्रम में गोंडा जिले में हुई रेल दुर्घटना बेहद दुखद है। गुरुवार को जिले में चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही ट्रेन के आठ डिब्बे मोतीगंज तथा झिलाही रेलवे स्टेशनों के बीच पटरी से उतर गए। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई तथा 20 घायल हो गए। हादसे के कारण कई गाड़ियों को रद किया गया तथा 10 रेलगाड़ियों को मार्ग बदलकर संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को प्रभावित यात्रियों को सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। भारतीय रेलवे विश्व के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक है, जहां लाखों लोग प्रतिदिन परिवहन के लिए इस पर निर्भर हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो दशकों में पटरी से गाड़ी उतरने के मामले अधिकांश दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। साथ ही रेलवे से जुड़ी त्रासदियों के पीछे दोषपूर्ण सिग्नलिंग प्रणाली से लेकर मानवीय त्रुटि तक कई कारण होते हैं। मानवीय त्रुटियों के परिणामस्वरूप गलत सिग्नलिंग, दोषपूर्ण संचार, अत्यधिक गति अथवा दोषों या खतरों को अनदेखा करने की स्थिति बन जाती है। पिछले माह 17 जून को सिलीगुड़ी के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से 30 किलोमीटर दूर रंगपानी के पास एक मालगाड़ी खड़ी सियालदह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। ट्रेन दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट सहित 10 लोगों की मौत हो गई। बाद में रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा कि स्वचालित सिग्नल क्षेत्रों में ट्रेन संचालन के प्रबंधन में कई स्तरों पर खामियां हुईं।

विश्व के सबसे बड़े और व्यस्ततम रेल नेटवर्क में से एक भारतीय रेलवे के लिए सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। परंतु रेलवे तंत्र धन की कमी, भ्रष्टाचार और अक्षमता से भी ग्रस्त है जो इसके विकास एवं रखरखाव को प्रभावित करती है। कई रूट 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर संचालित हैं, जिससे भीड़भाड़ और ओवरलोडिंग के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि गुरुवार को हुए रेल हादसे की जांच के बाद ही इस बात की पुष्टि हो पाएगी कि क्या ट्रेन या पटरी के नियमित निरीक्षणों में चूक हुई थी। अनियमित रखरखाव के कारण खराबी हुई और ट्रेन पटरी से उतर गई। फिलहाल देश में सुरक्षा की स्थिति और बेहतर सुरक्षा उपायों एवं अवसंरचना की आवश्यकता के संबंध में रेलवे कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। साथ ही भारत में रेल दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों के समाधान के लिए सरकार व रेलवे प्रशासन को कड़े कदम उठाने होंगे।

अनुशासित जीवनचर्या और पर्यावरण संतुलन



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

क्या हमने कभी विचार किया है कि हम दैनिक जरूरतों के रूप में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से कौन-कौन सी प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती हैं? इनमें से कौन सी ऐसी वस्तुएं हैं, जिनका इस्तेमाल गैर जरूरी है?

इस बार जून में सप्ताह-सप्ताह भर के लिए हिमाचल और उत्तराखंड के अलग-अलग पर्वतीय क्षेत्रों में जाना हुआ। कारण था तेज गर्मी से निजात पाना, पर वहां के तापमान में भी कोई विशेष अंतर न था। वहां पर भी लोग इसका जिम्मेदार उन्हीं तौर तरीकों को ठहरा रहे थे, जो हर जगह पर्यावरण असंतुलन का कारण बताए जाते हैं। लोगों के अनुसार मानव की पर्यावरण विरोधी गतिविधियों ने प्राकृतिक असंतुलन पैदा कर दिया है, जो तीव्र गर्मी, वर्षा, भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आ रहा है।

पर्यावरण शिक्षा प्रारंभिक स्तर से ही हर पाठ्यक्रम का अनिवार्य अंग होती है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल तत्संबंधी सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि उन्हें आसपास के पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना होता है, जिससे उनमें पर्यावरण की व्यावहारिक समझ उत्पन्न हो और वे इससे संबंधित समस्याओं को पहचान कर उनके समाधान के प्रति जागरूक हों। वे सिर्फ पर्यावरण की परिभाषा तक ही सीमित न रहें, बल्कि इसके संतुलित-असंतुलित होने के कारण, प्रभाव, दुष्प्रभाव और समाधान के प्रति भी संवेदनशील हों। पर्यावरण शिक्षण में हम प्रमुख रूप से जिस मुद्दे पर बात करते हैं वह है प्रदूषण और प्राकृतिक साधनों जैसे वन संपदा तथा पारिस्थितिकी का संरक्षण। यहां हम इन पर चर्चा करते-करते विज्ञान की प्रगति और विकास को पर्यावरणीय असंतुलन का प्रमुख कारण ठहराने लगते हैं, पर क्या विकास की प्रक्रिया गैर जरूरी है? क्या विकास और पर्यावरण के बीच समुचित संतुलन स्थापित नहीं किया जा सकता? अगर हम इन बिंदुओं पर विचार करें तो पाएंगे कि पर्यावरण संतुलन के आड़े न तो विज्ञान आता है और न ही विकास।

पर्यावरण संतुलन हम सबसे एक अनुशासित जीवनचर्या की मांग भर है। अब क्योंकि पर्यावरण असंतुलन की स्थिति में सर्वाधिक प्रभावित भी मानव ही होता है अतः आवश्यक है कि हम अपनी जरूरतों भर ही प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करें। प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक और अंधाधुंध दोहन ही क्रमशः असंतुलन की ओर ले जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि के चलते नित नए आविष्कारों का होना स्वाभाविक है और उनमें

पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय योगदान दे रहे व्यक्तियों को विद्यालय व समुदाय के स्तर पर पर्यावरण प्रहरी, पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संगी के रूप में चिह्नित कर सम्मानित किए जाने से समुदाय में सार्थक संदेश जाएगा। विद्यालय स्तर पर बच्चों के संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्षों का सतत आकलन व मूल्यांकन किया जाता है।

प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग होना भी, पर यदि हम इन संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन पर भी संवेदनशील होते हैं तो यह स्थिति संतुलित बनी रहती है। यदि हम आवश्यकता के परिप्रेक्ष्य में किसी वृक्ष पर आरी चलाते हैं तो उसके साथ ही कम से कम दस पौधे रोपने और उनकी परवरिश की जिम्मेदारी भी हमें ही चाहिए और यह बात हर एक प्राकृतिक संसाधन के उपयोग पर समान रूप से लागू होती है।

क्या हमने कभी विचार किया है कि हम दैनिक जरूरतों के रूप में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से कौन-कौन सी प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती हैं? इनमें से कौन सी ऐसी वस्तुएं हैं, जिनका इस्तेमाल गैर जरूरी है? या हमारी स्वयं की दिनचर्या में ऐसे कौन-कौन से क्रियाकलाप हैं, जिनमें आंशिक सुधार करके ही हम पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकते हैं? यदि हम इन सवालों पर थोड़ा ठहरकर तथा संवेदनशील होकर विचार करें तो पाएंगे कि हवा, पानी, मिट्टी, वनस्पति, जीव जगत, भूगर्भ तथा खगोल से जुड़ी हमारी तमाम ऐसी गतिविधियां हैं जिनको आवश्यकतानुसार कम करके पर्यावरण को पोषित किया जा सकता है। यहां सवाल यह उठता है कि हम क्या करें कि जिससे हमारा पर्यावरण पोषित और संवर्धित हो? इसके लिए व्यक्तिगत व सामूहिक स्तर पर छोटे-छोटे योजनाबद्ध काम जरूरी होंगे। बच्चों में पर्यावरण जागरूकता हेतु दो स्तरों पर काम करना होगा। पहला-पर्यावरण की गहरी व संवेदनशील समझ पैदा करना, दूसरा-भावी खतरों, संभावनाओं को समझते हुए उनके समाधान में अपनी भूमिका निर्धारित करने का कौशल विकसित करना। इसके लिए प्रार्थना स्थल, कक्षा के अंदर तथा कक्षा के बाहर के क्रियाकलापों को नियोजित क्रम में कराना होगा। प्रार्थना स्थल पर प्रकृति के अनिवार्य घटकों के प्रति आदर व कृतज्ञता प्रदर्शित करने वाली रचनाओं को शामिल करना, पर्यावरण संवेदना से संबंधित प्रेरक प्रसंग सुनाना, प्रमुख पर्यावरणीय चिंताओं और उनके समाधान के तरीकों पर चर्चा कराना, दैनिक आधार पर स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा पर्यावरणीय जागरूकता से सबंधित क्रियाकलापों का कराया जाना उपयोगी होगा।

कक्षा के अंदर के क्रियाकलापों में पर्यावरण जागरूकता संबंधी पोस्टर बनाना, नारा लेखन, पर्यावरण क्विज, कविता, कहानी व निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, अंत्याक्षरी, रोल-प्ले, पर्यावरण जागरूकता से संबंधित फिल्मों का प्रदर्शन, पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी सफलतामूलक कहानियां जैसे क्रियाकलाप प्रभावी साबित होंगे। कक्षा के बाहर के क्रियाकलापों में परिसर की स्वच्छता, पौधारोपण व संरक्षण, परिसर के जलस्रोतों की स्वच्छता व रखरखाव, सामुदायिक स्तर पर पर्यावरण क्लब की गतिविधियां संचालित करना जैसे कार्य बच्चों को सहज व स्वाभाविक रूप से पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाएंगे। विद्यालय स्तर पर पर्यावरण पत्रिका, पर्यावरण कैलेंडर, दीवार अखबार के जरिए विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदना के अंकुर सहज रूप से रोपित किए जा सकते हैं। सामुदायिक स्तर पर पर्यावरणीय यात्राएं, क्रियात्मक शोध, पर्यावरण प्रदर्शनी, पर्यावरण मेले, नुक्कड़ नाटक तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे व्यक्तित्वों का साक्षात्कार जैसे क्रियाकलाप पर्यावरणीय जागरूकता का सशक्त माध्यम बन सकते हैं।

पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय योगदान दे रहे व्यक्तियों को विद्यालय व समुदाय के स्तर पर पर्यावरण प्रहरी, पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संगी के रूप में चिह्नित कर सम्मानित किए जाने से समुदाय में सार्थक संदेश जाएगा। विद्यालय स्तर पर बच्चों के संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्षों का सतत आकलन व मूल्यांकन किया जाता है। विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदना संबंधी मूल्य विकसित हो रहे हैं अथवा नहीं इसके लिए सैद्धांतिक पक्ष के साथ-साथ व्यवहारगत परिवर्तनों का भी नियमित अंतराल पर मूल्यांकन हो। इसके लिए परंपरागत मूल्यांकन के बजाय व्यावहारिक तरीकों पर काम करना होगा। इनके अंतर्गत बच्चों को दैनंदिनी में दिए गए कार्य का अवलोकन, तत्क्रम में उनकी दिनचर्या का अवलोकन, दैनिक वर्कशीट के आधार पर कार्य का संपादन, समूह व एकल गतिविधियों में सहभागिता, वीडियो /ऑडियो प्रेजेंटेशन के दौरान चर्चा में प्रतिभागिता, केसलेट डिस्कशन , न्यूजबुक बनवाना, पिक्चर शीट बनवाना जैसे तरीके कारगर साबित होंगे। विद्यार्थियों के समक्ष पर्यावरण मैत्रिक विद्यालय की अवधारणा प्रस्तुत कर तथा उनका सहयोग लेकर हम विद्यालयों को यह स्वरूप प्रदान कर सकते हैं।

विद्यालय पुस्तकालय में प्रमुख पर्यावरणविदों से संबंधित संदर्भ सामग्री, पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु दिए जाने वाले प्रमुख राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार तथा सम्मान, प्रमुख संगठन, सरकार द्वारा इस हेतु संचालित प्रमुख योजनाएं तथा प्रमुख कानूनों की जानकारी से संबंधित संदर्भ सामग्री जुटाकर हम विद्यार्थियों में पर्यावरण विषयक गहरी समझ पैदा कर सकते हैं। प्रमुख पर्यावरणीय संगठनों की वेबसाइट्स, ई-बुक्स, जर्नल्स इस क्षेत्र में बच्चों के ज्ञानवर्धन का महत्वपूर्ण स्रोत हो सकते हैं। इन संसाधनों के जरिए विद्यार्थी पर्यावरण के क्षेत्र में मौजूद करियर संभावनाओं से भी परिचित होंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 पर्यावरण शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग बनाने तथा स्कूली पाठ्यक्रम में पर्यावरण जागरूकता और इसके संरक्षण और सतत विकास के प्रति संवेदनशीलता के उचित एकीकरण पर जोर देती है। यह संभव हो इसके लिए आवश्यक होगा कि विद्यार्थियों में प्रारंभिक स्तर से ही पर्यावरणीय संवेदना के मूल्य विकसित किए जाएं ताकि वे भविष्योन्मुखी चिंताओं और चुनौतियों के समुचित समाधान के साथ आगे बढ़ें। स्वाभाविक ही है कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हम सभी का सामूहिक दायित्व भी है और कर्तव्य भी। यह भी, कि यह संतुलित रहे इसकी चिंता हमें आज और अभी से करनी होगी। कल शायद बहुत देर हो जाएगी।

प्रसंगवश

हुनर कौन सिखाएगा

बेटा आप बड़े होकर क्या बनोगे? यह सवाल आमतौर पर हर बच्चे से कभी न कभी पूछा जाता है। आपसे भी पूछा गया होगा और संभव है आपने जवाब में डॉक्टर इंजीनियर शिक्षक या हवाई जहाज का पायलट बनने की इच्छा जताई हो। पर सोचिए यदि आप जवाब में कहते-मैं बड़ा होकर एक कारपेंटर बनना चाहता हूं या मकान बनाने वाला मिस्त्री बनना चाहता हूं तब क्या होता? आपने यह जवाब नहीं देकर अपने बड़ों को एक बड़ी मुसीबत से बचा लिया।

भारत ने इस लापरवाही की कीमत चुकाई है। आज भारत में काम करने वाले आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहते हैं, पर इन करोड़ों हाथों के लायक हमारे पास कोई काम नहीं है। उधर उद्योगपति शिकायत कर रहे हैं कि हमें प्रशिक्षित कामगार नहीं मिल रहे।

असल में हमारे यहां पूरी शिक्षा व्यवस्था में बढ़ई, लोहार, दर्जी, मिस्त्री जैसे तमाम हुनर सिखाने के लिए किसी स्कूल में कोई व्यवस्था नहीं है। मजे की बात यह है कि बड़े होकर ज्यादातर बच्चे आज भी इन्हीं हुनर के इस्तेमाल से अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं। आज भी खेती के बाद ज्यादातर लोग जीवनयापन के लिए इसी तरह के छोटे-मोटे हुनर आधारित रोजगार करते हैं। हैरानी की बात है कि आजादी के 77 साल बाद भी किसी ने नहीं सोचा कि ये तमाम छोटे-मोटे रोजगार करने वाले लोग इसके लिए आवश्यक हुनर कहां से सीखेंगे? पहले हमारे पास इसके लिए वर्ण व्यवस्था थी, हम दावा करते हैं कि हमने उस घृणित वर्ण व्यवस्था को खत्म कर दिया, जो कहती थी सुतार का बेटा सुतार ही बनेगा, मगर सुतार बनने की शिक्षा स्कूलों में नहीं देने का सीधा मतलब उसी वर्ण व्यवस्था का समर्थन करना है, जो कहती है लोहार बनने के लिए आपको लोहार के घर में ही पैदा होना होगा। इस तरह हुनर को स्कूली शिक्षा में शामिल नहीं कर के एक तरफ तो हमने वर्ण व्यवस्था को समर्थन दिया, दूसरी तरफ रोजगार के संभावित अवसर खत्म कर दिए।

संजय वर्मा
इंदौर

भारत ने इस लापरवाही की कीमत चुकाई है। आज भारत में काम करने वाले आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहते हैं, पर इन करोड़ों हाथों के लायक हमारे पास कोई काम नहीं है। उधर उद्योगपति शिकायत कर रहे हैं कि हमें प्रशिक्षित कामगार नहीं मिल रहे। भारत जिस जवान आबादी को डेमोग्राफिक डिविडेंड कह रहा है वह बेरोजगारों की एक बड़ी फौज बनकर तबाही भी ला सकती है। चीन की तरह की मैन्युफैक्चरिंग इकोनॉमी बनाने का सपना देखना अच्छी बात है, पर इसके लिए प्रशिक्षित कामगार कौन सा स्कूल बना रहा है, यह भी सोचना चाहिए। सोचना चाहिए कि क्यों हमने हुनर को स्कूली शिक्षा में जगह नहीं दी। शायद यह भी वर्ण व्यवस्था की वजह से हुआ, जिसने हमारे समाज में दिमाग का काम करने वालों को ऊंचे स्थान पर और हाथ का काम करने वालों को सबसे नीचे स्थान पर रखा।

इसका परिणाम यह हुआ कि वे लोग जो हाथ का काम करते हैं वह भी अपने बच्चों को इस रोजगार से दूर रखना चाहते हैं, उन्हें ऑफिस का चपरासी बनना मंजूर है, लेकिन एक सफल टेक्नीशियन बनना नहीं, जिसमें चपरासी की नौकरी के मुकाबले कहीं अधिक पैसा है। किसी खास काम को समाज कितना पारिश्रमिक या कितना सम्मान देगा यह एक जटिल प्रश्न है। कभी-कभी इसके पीछे उस काम को करने में लगने वाली मेहनत या योग्यता के अलावा सामाजिक इतिहास के कारण भी होते हैं। हमारे यहां हाथ के काम करने वालों को ज्यादा मेहनत करने के बावजूद हमेशा से कम पैसा दिया जाता है। तमाम विकसित देशों में दिमाग और हाथ का काम करने वालों के बीच तनख्वाह का फर्क अधिकतम तीन गुना होता है, जबकि हमारे यहां यह हजारों गुना है।

वजह जो भी हो अब समय आ गया है कि भारत के स्कूलों में पढ़ाई जाने वाले निरर्थक सूचनाओं को रटवाने के बजाय बच्चों को हाथ के हुनर सिखाए जाएं ताकि वे कम से कम अपने लिए एक छोटा-मोटा रोजगार ढूंढ सकें। वैसे भी साइन थीटा, कॉस थीटा पढ़कर आपने आखिर इसका क्या इस्तेमाल किया?

बजट से मध्यम वर्ग की उम्मीदें

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

साइबर सुरक्षा उपाय- व्यक्तिगत डेटा और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा उपाय एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है।

2024 का पूर्ण केंद्रीय बजट 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया जाना है। भारतीय मध्यम वर्ग उन उपायों को देखने के लिए उत्सुक है, जो सीधे उनकी वित्तीय और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करेंगे। मध्यम वर्ग अपनी जरूरतों और अपेक्षाओं के बारे में बात कर रहा है। विशेष रूप से कोविड-19 महामारी, बढ़ती मुद्रास्फीति और वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बदलाव से उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों के आलोक में।

आयकर में राहत : टैक्स स्लैब का संशोधन- सबसे महत्वपूर्ण उम्मीदों में से एक आयकर स्लैब में संशोधन है। मध्यम वर्ग उच्च बुनियादी छूट सीमा की तलाश में है, जो वर्तमान में 60 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के लिए 2.5 लाख रुपये है। 5 लाख रुपये तक की बढ़ोतरी से पर्याप्त राहत मिलेगी, जिससे करदाताओं के हाथों में अधिक प्रयोज्य आय आएगी। स्टैंडर्ड डिडक्शन में बढ़ोतरी-मानक कटौती, जिसे 2018 में फिर से शुरू किया गया था और वर्तमान में 50,000 रुपये है, एक और क्षेत्र है, जहां मध्यम वर्ग वृद्धि चाहता है। इसे बढ़ाकर 1 लाख रुपये करने से जीवनयापन की बढ़ती लागत और चिकित्सा खर्चों की भरपाई करने में मदद मिलेगी। आवास और रियल एस्टेटः गृह ऋण पर ब्याज कटौती- संपत्ति की कीमतें बढ़ने के साथ, मध्यम वर्ग को धारा 24 (बी) के तहत होम लोन के ब्याज पर कटौती की सीमा 2 लाख से बढ़कर 3 लाख रुपये होने की उम्मीद है। इस बदलाव से घर मालिकों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा और रियल एस्टेट क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। शिक्षा एवं कौशल विकास : शिक्षा ऋण पर कर लाभ- मध्यम वर्ग धारा 80 ई के तहत शिक्षा ऋण पर बेहतर कर लाभ का इच्छुक है। कटौती की अवधि बढ़ाने और कटौती योग्य राशि बढ़ाने से उच्च शिक्षा लागत के वित्तीय तनाव को कम किया जा सकता है।

स्वास्थ्य देखभाल : वर्तमान कटौती सीमा व्यक्तियों के लिए 25,000 रुपये और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50,000 रुपये है। इन सीमाओं को क्रमशः 50,000 और 1 लाख रुपये तक बढ़ाने से मध्यम वर्गीय परिवारों को अपनी स्वास्थ्य देखभाल लागत को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी। सामाजिक सुरक्षा और सेवानिवृत्तिः राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस)- एनपीएस के तहत कर लाभ बढ़ाने से अधिक मध्यम वर्ग के व्यक्तियों को अपनी सेवानिवृत्ति में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। ईपीएफ और पीपीएफ लाभ-कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर उच्च ब्याज दरें अपेक्षित हैं। इसके अतिरिक्त, मध्यम वर्ग को इन योजनाओं के लिए अधिकतम योगदान सीमा में बढ़ोतरी की उम्मीद है। उपभोक्ता वस्तुएं और सेवाएं : जीएसटी दर का युक्तिकरण- आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को तर्कसंगत बनाना एक बड़ी उम्मीद है। घरेलू उपकरणों, व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों और अन्य दैनिक आवश्यकताओं जैसी वस्तुओं पर जीएसटी कम करने से जीवनयापन की कुल लागत कम हो जाएगी। छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप के लिए सहायता : एमएसएमई क्षेत्र का समर्थन- मध्यम वर्ग का एक बड़ा हिस्सा छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप में लगा हुआ है। ऋण तक आसान पहुंचकर प्रोत्साहन और सरलीकृत अनुपालन प्रक्रियाओं सहित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए बेहतर समर्थन अपेक्षित है। महिला उद्यमियों के लिए सहायता- महिला उद्यमियों के लिए बढ़ा हुआ समर्थन, जिसमें क्रेडिट, मेंटरशिप प्रोग्राम और बिजनेस अनुदान तक पहुंच शामिल है, अधिक मध्यम वर्ग की महिलाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने और बढ़ाने के लिए सशक्त बना सकता है। जलवायु परिवर्तन और सतत जीवन। साइबर सुरक्षा उपाय- व्यक्तिगत डेटा और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा उपाय एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। मध्यम वर्ग साइबर खतरों से सुरक्षा के लिए मजबूत नीतियां चाहता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024 के लिए केंद्रीय बजट पेश करने की तैयारी कर रही हैं, मध्यम वर्ग एक ऐसे बजट की प्रतीक्षा कर रहा है, जो उनकी मूल चिंताओं और आकांक्षाओं को संबोधित करता हो। आयकर राहत, किफायती आवास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल में सुधार और मजबूत सामाजिक सुरक्षा उपाय उनकी अपेक्षाओं में सबसे आगे हैं। इन उम्मीदों के अनुरूप बजट न केवल मध्यम वर्ग का उत्थान करेगा, बल्कि राष्ट्र के समग्र विकास में भी योगदान देगा।

सोशल फोरम

कवि के घर चोरी का प्रायश्चित

चोर ने लिखा-पता होता, कवि का घर है तो चोरी नहीं करता-इस घटना पर बहुत से मित्र लिख चुके हैं। फिर भी मुझे जरूरी लगा कि कुछ कहा जाए। मराठियों में जातीय चेतना बंगालियों से कम नहीं है। उद्धत भावना कुछ ज्यादा ही है, लेकिन वह तभी आक्रामक होती है जब उसे उकसाया या मर्माहत किया जाता है।

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

जातीय चेतना का नतीजा है कि मराठी भाषी राजनीतिज्ञ भी भाषा और साहित्य के सम्मेलनों में अवश्य जाते हैं। किसी समय महाराष्ट्र, खासकर मुंबई, फिल्मों का ही नहीं, नाटक, रंगमंच और साहित्य का बड़ा केंद्र था। यह इप्टा (जन नाट्य संघ) और प्रगतिशील लेखक संघ का युग था। इस आंदोलन ने दो महान काम किए। एक, जनजागरण में महती भूमिका निभाई, दो, जाति-धर्म के बंटवारे से परे सभी कलाकारों को समान महत्व और पहचान दी। जिस मराठी कवि नारायण सुर्वे के घर चोरी हुई, वे प्रगतिशील आंदोलन की देन थे। जैसे शंकर शैलेंद्र थे। वे महाराष्ट्र में इतने लोकप्रिय थे कि उनके काव्यपाठ में डेढ़-दो लाख लोग सुनने आते थे। न बताया जाए तो पता ही न चलेगा कि वे अत्यंत निम्न वर्ण से आते थे, लेकिन उनका सामाजिक सम्मान आज भी कितना है, यह इसी से जाहिर है कि जब चोर को मालूम हुआ कि उसने नारायण सुर्वे के घर पर चोरी की है तो वह सामान लौटा गया। रामविलास शर्मा की दोस्ती नारायण सुर्वे से वैसी ही थी जैसी शैलेंद्र से।

स्टालिन के निधन के बाद सोवियत संघ में उनके खिलाफ प्रचार शुरू हुआ। शैलेंद्र आगरा जाकर रामविलास जी से मिले। मुंबई (तब बंबई) की एक जनसभा में रामविलास जी मौजूद थे। नारायण सुर्वे को कविता पढ़नी थी। पार्टी नेताओं को उसके बाद बोलना था। दो लाख श्रोता उपस्थित थे। उनकी आंखों देखी लोकप्रियता का वर्णन रामविलास जी से मैंने एकाधिक बार सुना था। जातीय चेतना और सांस्कृतिक प्रभाव मनुष्य को अंदर से बदल देते हैं। चोरी तो जीवन की विडंबनाओं और विवशताओं का नतीजा है, लेकिन यह नैतिकता सांस्कृतिक प्रभाव की देन है, जिसके चलते चोर अपनी भाषा के एक महान कवि के घर चोरी का प्रायश्चित करता है।

-फेसबुक वॉल से

निर्णय वापसी से क्या असंतोष मिट गया

उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षकों की स्कूलों में समय से उपस्थिति की अनिवार्यता का आदेश वापस ले लिया गया, क्योंकि यह एक बड़ा राजनैतिक मुद्दा बनने को अग्रसर हो चुका था। समाजवादी पार्टी के मुखिया ने इसका मुखर विरोध करना शुरू कर दिया था। शिक्षकों का एक विशाल वोट बैंक है। सोशल मीडिया पर ऐसी तमाम पोस्ट अपडेट होती रहीं, जिसमें कहीं यह फैसला सरकार वापस न ले ले इसके विरुद्ध वातावरण बनाया जाता रहा। उनका प्रकारांतर से यही मकसद था कि शिक्षकों के असहयोग को निरंतर हवा दी जाए और विधानसभा के आसन्न चुनावों तक मामले को खींचा जाए, जिससे भाजपा को चुनाव में इसकी हानि उठानी पड़े। आखिर उनके मन की नहीं हुई और फिलहाल सरकार को इस निर्णय से पीछे हटना पड़ा, किंतु क्या सरकार के इस निर्णय के वापस ले लेने से भाजपा को जो संभावित हानि होती वह दुर्संभावना टल गई? मेरी और मेरी तरह की सोच रखने वाले बहुत से लोग इस निर्णय से निराश हुए हैं।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

दरअसल राजनीति में समझौतावादी रवैया या तुष्टिकरण के हानि लाभ दोनों रहे हैं। मगर कभी-कभी ये नुस्खे बैकफायर भी करते हैं और लाभ के बजाय नुकसान कर जाते हैं। भाजपा अपने दृढ़ निश्चयों के कारण जानी जाती रही है। खासकर उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी की उनके कठिन निर्णयों के चलते एक बड़ी फैन फॉलोविंग है। चाहे वह शाहीन बाग पर भाजपा के अनिर्णय का ढुलमुल रवैया रहा हो या किसानों से संबंधित एक प्रगतिगामी अधिनियम को दबाव में आकर वापस लेने का, एक बड़े जन समुदाय (किसान समाहित) को यह रास नहीं आया था। फैसले वापस ही क्यों लिए जाएं यदि वे सोच समझ कर लिए जाएं। एक बार कोई निर्णय लेकर मुकरना तो कमजोरी ही दर्शाता है। भाजपा प्रशंसक इससे निराश ही होते हैं। उन्हें तो एक ऐसे राजनीतिक दल में अपना आदर्श दिखता है, जो आक्रामकता के साथ जनहित और राष्ट्रहित के मुद्दों को अमली जामा पहनाए। ढुलमुल नीति से तो नुकसान ही होता लगता है।

शिक्षकों की समय से डिजिटल उपस्थिति का निर्णय यदि सुचिंतित था तो उसे वापस लेने का क्या औचित्य था? क्या इससे शिक्षकों का नाजायज असंतोष मिट गया? नहीं, वे अब भी इस निर्णय को सरकार की मजबूरी समझकर पूरी उग्रता से राजधानी लखनऊ में इकट्ठा होने को लामबंद हो रहे हैं। भाजपा नीत सरकार ने उनकी समय से उपस्थिति को सुनिश्चित करने की दिशा में एक दृढ़ निश्चय का जो उपक्रम किया था तमाम अभिभावक, आमजन इससे खुश था और यह एक सही कदम था। सही निर्णय था। इसे वापस लेने से सरकार को झुक जाने का ही प्रतिकूल संदेश गया है। जब सभी लोकसेवकों को समय से उपस्थित रहने की अनिवार्यता है तो क्या प्राथमिक शिक्षक लोकसेवक नहीं हैं? उन्हें अपवाद क्यों माना जाए? आखिर जनता के टैक्स से वे भी एक अच्छी खासी सैलरी पाते हैं। सरकारें ऐसे ही झुकती रहीं तो कितने ही जनहित के सही दिशा में लिए गए फैसले खटाई में पड़ते जाएंगे।

रावण का यह रूप भी

लंकापति रावण का सीता हरण वाल रूप ही बहु प्रचलित है और इसके परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष उनकी प्रतिमा बनाकर जलाने की परंपरा चल पड़ी है। यह मात्र एक नकारात्मक पहलू है। दरअसल रावण में अनेक गुण भी थे और उन्होंने संसार को काफी कुछ दिया भी है, किंतु इन सकारात्मक पहलुओं को लोग विस्मृत किए हुए हैं। रावण परम विद्वान, उत्तम कुल के ब्राह्मण और पुलस्त्य ऋषि के नाती थे। वे परम शिव भक्त थे, अपने समय के सर्वश्रेष्ठ शैव थे वे। वे चार वेद और छह शास्त्र के ज्ञाता थे, इसीलिए उन्हें दशानन कहा गया। उनका विग्रह बनाते समय दश शीशों के ऊपर एक गधे का शिर भी बनाया जाता है। इसका अर्थ है कि वे पांचवें वेद मान्य आयुर्वेद में भी पारंगत थे। गद का अर्थ है रोग और 'हा' से अभिप्राय है "हरण करने वाला" यानी वैद्य! गदहा का मतलब चिकित्सक से है और इसी को विकृत करके गधे का शिर उनके ऊपर लगा दिया जाता है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

रावण ने प्रसिद्ध "शिव तांडव" स्तोत्र लिखा, जो शिव जी की दो प्रसिद्ध स्तुतियों में से एक है। दूसरी स्तुति है "शिव महिम्न" जिसे आचार्य पुष्पदंत ने प्रणीत किया। रावण ज्योतिष के प्रकांड विद्वान थे और उनकी "रावण संहिता" ज्योतिष, हस्तरेखा आदि पर संसार का मार्गदर्शन कर रही है। उन्होंने 'नाड़ी परीक्षा', 'कुमार तंत्र', 'दस पटलात्मक' आदि आयुर्वेद ग्रंथ लिखे, जैसा कि ऊपर बताया गया है। उनका 'दस शतात्मक अर्क प्रकाश' ग्रंथ चिकित्सा और तंत्र दोनों पर है। वे महान तांत्रिक भी थे। कुल मिलाकर उन्होंने 13 ग्रंथ सृजित किए। शिव जी के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रसिद्ध "वैद्यनाथ धाम" के स्थापक रावण ही हैं, जो देवघर झारखंड में विराजमान हैं। इन्हें रावणेश्वर भी कहते हैं।

कंबन रामायण (इरामावतारम्) के अनुसार श्रीराम द्वारा 'रामेश्वरम्' ज्योतिर्लिंग की स्थापना के समय पौरोहित्य कर्म रावण ने ही किया था और यजमान राम को "विजयी भव" का आशीर्वाद भी दिया था। राम ने जामवंत को भेजकर उन्हें पुरोहित बनने का सादर आमंत्रण भेजा था, क्योंकि उन्हें स्थापना सबसे बड़े शिव भक्त पंडित से ही करवानी थी और यह शर्त रावण ही पूरी करते थे। मध्य प्रदेश के विदिशा के रावण ग्राम व कानपुर के शिवाला, राजस्थान के कोटा में रावण के मंदिर और मूर्तियां हैं, जिनकी यथा समय पूजा होती है। कानपुर के शिवाला में सैकड़ों साल पहले महाराज गुरु प्रसाद शुक्ल ने रावण की मूर्ति स्थापना करवाई थी, जिसकी पूजा वर्ष में एक बार दशहरे के दिन ही होती है। मान्यता है कि रावण ने देवी छिन्नमस्ता को प्रसन्न कर लिया था और उन्होंने वरदान दिया था कि 'मेरी पूजा तभी पूर्ण होगी, जब रावण की भी पूजा की जाएगी'।

एक नजर

पति और बेटे के बाद महिला ने भी दम तोड़ा

शाहजहांपुर, अमृत विचार : रोजा थाना क्षेत्र के गांव करिया मुंडी निवासी विमलेश सोमवार को अपनी पत्नी शबनम(25) और डेढ़ साल के बेटे क्रियांश के साथ बाइक से शाम पांच बजे मोहम्मदी किसी कार्य से बाइक से जा रहे थे। मोहम्मदी रोड पर बरेची गांव के सामने कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे बाइक पर सवार तीनों लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने घायलों को मोहम्मदी सीएचसी पर भेज दिया था। डॉक्टर ने विमलेश व उसके बेटे को मृत घोषित कर दिया था। शबनम को यहां मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान महिला की गुरुवार को मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की शादी तीन साल पहले हुई थी और मायका खीरी जिले के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के गांव गंगापुर में था। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया।

अग्निशमन कार्यालय में किया पौधरोपण

शाहजहांपुर, अमृत विचार : अग्निशमन अधिकारी डा बीएन पटेल अग्निशमन कार्यालय परिसर में वृहद स्तर पर कर्मचारियों ने पौधरोपण किया। इस दौरान फलदार पौध रोपी गई। इस अवसर पर कई कर्मचारी मौजूद रहे।

जल्द जारी होंगे परिणाम

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विवि की स्नातक और परास्नातक की वार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य लगभग पूरा हो गया है। अब सिर्फ सेमेस्टर पाठ्यक्रमों का मूल्यांकन शेष रह गया है। विवि जल्द ही परीक्षा परिणाम जारी करेगा।

सड़क हादसों में बुजुर्ग समेत तीन की मौत

सेहरामऊ दक्षिणी और कटरा क्षेत्र में हुईं दुर्घटनाएं, परिजनों में कोहराम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में अधेड़ व्यक्ति समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। यह हादसे कटरा तथा सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में हुए। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कटरा थाना क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुर निवासी आशाराम(63) गुरुवार की सुबह दस बजे कटरा बाजार से खरीदारी करने पैदल जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोहल्ला बंगशान के सामने सड़क पार करते समय पिकअप ने आशाराम को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल को कटरा सीएचसी पर लाया गया। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिकअप शाहजहांपुर से बरेली की ओर जा रही थी। चालक पिकअप लेकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी मौके पहुंचे और जानकारी की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

सेहरामऊ दक्षिणी के गांव नौगवां निवासी रवींद्र कुमार(45) बुधवार को शहर में बाजार में खरीदारी करने के लिए आए थे। वह रात आठ बजे मोपेड से शहर से अपने गांव वापस जा रहे थे। हरदोई रोड सरौरा की पुलिया के निकट ई-रिक्शा ने मोपेड को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज लाया गया। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस ने ई-रिक्शा को कब्जे में ले लिया, जबकि चालक भाग गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वह खेतीबाड़ी करते थे। उसकी पत्नी का नाम रामबेटी है और तीन बच्चे हैं।

इधर, सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर गौटिया निवासी अमित कुमार(30) की ससुराल कांट थाना क्षेत्र के गांव लिलथरा में थी। सोमवार शाम सात बजे वह बाइक से अपनी ससुराल लिलथरा गांव जा रहे थे। सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव सरौरा गांव के सामने दूसरी बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। घायल की बुधवार की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

मीरानपुर कटरा में घटनास्थल पर बड़ी संख्या में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- कटरा में सड़क पार करते समय पिकअप ने आशाराम को मारी टक्कर
- ई-रिक्शा की टक्कर से मोपेड सवार घायल, अस्पताल में तोड़ा दम

मीरानपुर कटरा में घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

विधायक और बीडीओ ने रोपे पौधे

जैतीपुर, अमृत विचार: एक वृक्ष मां के नाम के तहत ब्लॉक मुख्यालय पर गुरुवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पांच पौधे लगाकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी ली गई। क्षेत्रीय विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने तीन व खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त, ब्लॉक प्रमुख पति राजीव कश्यप ने एक-एक पौधा लगाया।

इस दौरान विधायक ने पेड़ों से होने वाले लाभ के बारे में बताया। कहा आज लोग निजी स्वार्थ के कारण वृक्षों का दोहन करने में जुटे हैं। यह आने वाली पीढ़ी के लिए खतरनाक है। सभी को मिलजुल कर वृक्षों को बचाना होगा। इस दौरान ब्लाक के अधिकारी कर्मचारी आदि मौजूद रहें।

पौधरोपण करते विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस व बीडीओ मनीष दत्त।

कैसे हों चार्ज, जब खराब हो गया ई-बसों का एमसीयू सिस्टम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बाढ़ के पानी ने ई-बसों को पहुंचाया नुकसान, यात्री हो रहे परेशान

अमृत विचार: ई-बस चार्जिंग प्वाइंट स्टेशन में बाढ़ के दौरान हुए जलभराव की वजह से सभी 25 बसों को भारी नुकसान पहुंचा है। बैटरी चार्जिंग का पार्टस एमसीयू खराब हो गया है। गुड़गांव से पांच एमसीयू भेजे जा रहे हैं। जो संभवतः शुक्रवार तक पहुंच जाएंगे। तब फिर बसों में इन्हें फिट करने के बाद चार्जिंग सिस्टम चेक होने पर संचालन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वहीं संचालन नहीं होने से यात्री परेशान हो रहे हैं।

10 जुलाई को भारी बरसात और गर्रा में जलस्तर बढ़ने की वजह से ककरा कलां स्थित चार्जिंग प्वाइंट स्टेशन परिसर में खड़ी 24 बसों का लो फ्लोर मशीनरी सिस्टम भी पानी में डूब गया था। जलस्तर कम होने पर गुड़गांव व लखनऊ से जांच टीम बुलाई गई थी। दो दिन की जांच पड़ताल के बाद पता चला कि एक भी बस चलने लायक नहीं है क्योंकि बैटरी का पार्ट्स एमसीयू खराब हो गया है। जिसके लगाने पर चार्जिंग सिस्टम को दुरुस्त कर बसों का संचालन किया जा सकता है।

संचालन की जिम्मेदारी संभाल रहे सीपी पांडेय ने बताया कि पांच एमसीयू गुड़गांव से भेज जा रहे हैं, इनके आने के बाद चार्जिंग सिस्टम चेक किया जाएगा। तब बसें चलने लायक स्थिति में हो पाएंगी। वहीं चार्जिंग स्टेशन तक आने वाली सड़क जो बाढ़ के पानी में कट गई थी, उसे भी अभी पूरी तरह से दुरुस्त नहीं किया जा सका है, जिसके सुधार के लिए कहा जा रहा है। बसों के संचालन में एक दो दिन का समय और लग सकता है।

रोजगार सेवकों ने मानदेय दिलाने की मांग की

निगोही, अमृत विचार : रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर सात माह का बकाया मानदेय दिलवाए जाने की मांग की है। मानदेय नहीं मिलने से घरेलू खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। ज्ञापन देने वालों में कप्तान सिंह, लाल सिंह, कविता देवी, नितिन कुमार, रामसेवक आदि मौजूद रहे।

शांतिभंग में आठ का चालान

मदनापुर, अमृत विचार : मदनापुर एसओ अमित चौहान ने बताया कि कस्बा मदनापुर में शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए आठ लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया। चालान किए गए अभियुक्त जयपाल व पुष्पेंद्र निवासी गिरधरपुर थाना मदनापुर, राजेश, पुष्पेंद्र पुत्र बादाम सिंह, संजु, राकेश निवासी मझौला थाना मदनापुर हदेश व रमेश निवासी बरुआ थाना मदनापुर है।

डाक बंगला परिसर में धरना प्रदर्शन करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

समस्याओं की अनदेखी पर भाकियू का धरना शुरू

संवाददाता, पुवायां

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी के कार्यकर्ताओं ने समस्याओं का समाधान नहीं होने पर गुरुवार से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों का आरोप है कि सात दिन पूर्व 12 जुलाई को एसडीएम को ज्ञापन दिया था लेकिन किसी भी समस्या का समाधान नहीं हुआ।

भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी के कार्यकर्ताओं ने बताया कि 12 जुलाई को जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को देकर किसानों की 11 समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग की थी।

- बोले सात दिन पहले एसडीएम को दिया था ज्ञापन, नहीं हुई अभी तक सुनवाई

कार्यकर्ताओं का कहना है कि ज्ञापन देने के आठ दिन बीत जाने के बावजूद किसी ने संज्ञान नहीं लिया। एक भी समस्या का समाधान नहीं होने पर गुरुवार को डाक बंगला परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन करने वालों में भारत सिंह यादव, संजय मिश्रा, हरपाल सिंह, करमजीत सिंह, सोमवीर सिंह, अवनीश कुमार, जबर सिंह, भाई लाल आदि मौजूद रहे।

मांगे पूरी नहीं, अनशन पर भाकियू कार्यकर्ता

निगोही, अमृत विचार : पुलिस की भेदभावपूर्ण कार्यप्रणाली के विरोध में भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को ब्लॉक परिसर में गुरुवार से क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। किसानों ने आरोप लगाया कि दबंगों के इशारे पर यूनियन कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है। अजीजपुर निवासी रोहित के खिलाफ दर्ज किया गया झूठा मुकदमा वापस लिया जाए, गांव चक्रमली में हुई 50 हजार रुपये की चोरी करने वाले आरोपी को हिरासत में लेकर उस पर कार्रवाई की जाए।

ध्वनिमत से पारित हुआ सहकारिता विभाग का वार्षिक एजेंडा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिला सहकारी बैंक की वार्षिक आमसभा का आयोजन
- वार्षिक विवरणिका का किया गया विमोचन

अमृत विचार: जिला सहकारी बैंक की 85वीं वार्षिक आम सभा गुरुवार को बरेली मोड़ स्थित एक होटल में हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने उत्कृष्ट कार्य के लिए बैंक शाखा प्रबंधकों और एडीओ को प्रशस्तिपत्र भेंटकर उनका उत्साहवर्द्धन किया। इस मौके पर बैंक की वार्षिक विवरणिका का विमोचन भी किया गया।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि जिले के सहकारिता विभाग तथा जिला सहकारी बैंक की सभी शाखाओं, पैक्स के अधिकारियों और कर्मचारियों ने विगत वर्षों में उत्कृष्ट कार्य किया है। सहकारिता क्षेत्र से जुड़े लोगों ने बैंक और पैक्स का सामजस्य बनाकर सदस्यता में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। इसके साथ ही ऋण वितरण, बकाया बसूली, निक्षेप, खाद बीज की उपलब्धता, समितियों के नए गोदाम तथा पुराने गोदामों की मरम्मत जैसे किसान हित के काम करके सहकारिता क्षेत्र को मजबूती प्रदान की है, जिसके लिए बैंक चेयरमैंन, उपाध्यक्ष, संचालक गण, सहकारिता विभाग व बैंक के अधिकारी और कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। सभा की अध्यक्षता करते हुए जिला सहकारी बैंक के सभापति डीपीएस राठौर ने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में जिला सहकारी बैंक जनपद की अन्य बैंकों से धनात्मक प्रतिस्पर्धा करके आगे निकलने का प्रयास करेगी।

गोदाम के शिलापट का अनावरण कर लोकार्पण करते सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, साथ में सांसद अरुण सागर। ● अमृत विचार

100 एमटी क्षमता वाले गोदाम का लोकार्पण

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने गुरुवार को विकास खंड भावलखेड़ा स्थित बी पैक्स जमुका में आत्मनिर्भर भारत योजनांतर्गत नवनिर्मित 100 एमटी क्षमता वाले गोदाम का फीता काटकर और शिलापट का अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण के बाद उन्होंने सांसद अरुण कुमार सागर, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डीपीएस राठौर, विधायक अरविंद कुमार सिंह, सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह आदि के साथ समिति परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध भी रोपित की। इस मौके पर मंत्री राठौर ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में लोगों को विभाग खाद, बीज, ऋण, दवाई सहित रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने को कटिबद्ध है। सांसद अरुण सागर ने आभार व्यक्त किया।

उत्कृष्ट कार्य करने वालों को दिए गए प्रशस्ति पत्र

इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले ददरौल, जलालाबाद, सिंधौली, सदर और पुवायां बैंक शाखा प्रबंधकों तथा ददरौल, जलालाबाद और भावलखेड़ा के एडीओ प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। साथ ही निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने वाली समितियों सेहरामऊ, चांदापुर, खिरिया हीर, ददरौल, मौजमपुर, बिलंदपुर गद्दीपुर, गुलड़िया, ढका उधरनपुर, इंदेपुर, बरुआ समितियों के अध्यक्षों व सचिवों को सम्मानित किया गया। सहकारिता मंत्री राठौर ने मृतक आश्रित अनुकंपा पर सत्यम शुक्ला को कैडर सचिव पद का नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया।

इन विशिष्टजनों की रही कार्यक्रम में उपस्थिति

आमसभा में संयुक्त आयुक्त बरेली राजेश कुमार सिंह, पैक्सफेड उपाध्यक्ष अलोक कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख राजाराम वर्मा, एआर को-ऑपरेटिव अखिलेश प्रताप सिंह, बैंक उपाध्यक्ष अजय प्रजापति, उपेंद्र पाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, सीए खुशबू गुप्ता, नीतू सिंह, रमाकांत दीक्षित, अंशुमान मैसी, दिव्यांश सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, मुकेश राठौर, रमाकांत मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, छोटे लल्लू चौहान, बृजेश कुमार मिश्रा, पूर्णिमा देवी, सिंपल यादव, शहर बानो, अतीक्षा सक्सेना, खंड विकास अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, एडीओ सहकारिता राकेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

बंडा में निकाले गए ताजिए। ● अमृत विचार

मातमी माहौल में दफन किए ताजिए

संवाददाता, बंडा

- करबला की जंग में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन को किया याद

अमृत विचार: मोहर्रम के मौके पर बड़ी संख्या में शामिल हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ताजिए निकाले और करबला की जंग में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन को याद करते हुए ताजियों को करबला में सुपुर्द-ए-खाक किया। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों ने मातम भी किया।

मोहर्रम के मौके पर बंडा में ताजियादार नेवा हसन, अजमतुल्ला, वलील, रुक्साद अंसारी, शरीफ, जान मोहम्मद और रामा सहित कई अन्य लोगों ने ताजियों का जुलूस निकाला। मोहल्ला मुरादपुर से ताजिए निकाले गए, जिसमें मुरादपुर, खानकाह गौटिया, बृजपाल नगर, हाथी वाली गौटिया और बिराहिमपुर झांझरिया के ताजिया शामिल हुए।

वहीं हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब के छोटे नवासे इमाम हुसैन और उनके साथ करबला की जंग में शहीद हुए 72 अन्य शहीदों को याद किया। इस दौरान लोगों ने करतब दिखाते हुए या हुसैन, अल्लाह हू अकबर, नारे तकदीर जैसे नारे लगाए। बाद में ताजियों को बंडा के पूरनपुर रोड स्थित करबला ले जाकर दफन किया गया। वहीं मोहल्ला मुरादपुर में बनी जामा मस्जिद के इमाम हजरत गुलाम नबी ने बताया कि मोहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना होता है जिसके हिसाब से इस साल 1446 हिजरी की शुरुआत हुई है। मोहर्रम के दसवें दिन लोग ताजियों का जुलूस निकालते हैं।

जुलूस में मातम करते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

दरोगा के बेटे अमन के चार हत्यारोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस ने हत्याकांड के दो आरोपियों विपिन और शालू गुप्ता को मुठभेड़ में दबोचा
- बदमाशों ने इंस्पेक्टर और चौकी इंचार्ज पर की फायरिंग बाल-बाल बचे

अमृत विचार : शाहजहांपुर के दरोगा के बेटे अमन की हत्या के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी विपिन गुप्ता और शालू गुप्ता को मुठभेड़ के दौरान दबोचा। मुठभेड़ में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। आरोपियों की फायरिंग में किला इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह और गढ़ी चौकी प्रभारी प्रवीन कुमार बाल-बाल बच गए। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि विपिन ने रेकी और अपनी जान के खतरे के शक में साथियों के साथ मिलकर अमन की हत्या की।

नवादा शेखान निवासी अमन गुप्ता की 13 जुलाई की रात हत्या कर दी गई थी। अमन की मां शोभा ने 14 जुलाई को मलूकपुर थाना किला निवासी विपिन गुप्ता, भमोरा थाना क्षेत्र के कछेली निवासी राम गुज्जर, मठ लक्ष्मीपुर निवासी पवन, जतिन, पीयूष शंखधार, समेत अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस प्रकरण में पुलिस आरोपियों को तलाश कर रही थी। गुरुवार सुबह 4:30 बजे किला इंस्पेक्टर को सूचना मिली कि विपिन और शालू गुप्ता निवासी नवादा शेखान भागने की फिराक में हैं। दौली रघुवर दयाल जाने वाली रोड पर बाकरगंज पुल से कुछ दूरी पर पुलिस पहुंची तो विपिन और शालू ने फायरिंग कर दी, जिसमें इंस्पेक्टर किला हरेंद्र सिंह और गढ़ी चौकी इंचार्ज प्रवीन कुमार बच गए। जवाबी कार्रवाई में विपिन के दाहिने और शालू के बाएं पैर में गोली लगी। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को दोनों आरोपियों के कब्जे से 315 बोर के दो तमंचे और तीन कारतूस और दो खोखा मिले हैं।

पुलिस के मुताबिक विपिन गुप्ता पर थाना किला, कोतवाली, सुभाषनगर, प्रेमनगर और इज्जतनगर में जानलेवा हमला, हत्या समेत 15 मुकदमे पंजीकृत हैं। वहीं शालू गुप्ता के खिलाफ बारादरी और किला थानों में सात मुकदमे दर्ज हैं। वहीं पुलिस ने मठलक्ष्मीपुर निवासी पवन और किला के पंजाबपुरा निवासी नीरज गोयल को भी चौधरी तालाब के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पवन के खिलाफ इज्जतनगर, प्रेमनगर और किला थाना में चार मुकदमे दर्ज हैं और नीरज गोयल के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस जतिन, रामगुज्जर, पीयूष शंखधार और रेहान की तलाश कर रही है।

बीटेक में कल से शुरू होगी काउंसिलिंग

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 20 जुलाई से काउंसिलिंग शुरू होगी। विश्वविद्यालय ने फेज 1 के राउंड 1 का काउंसिलिंग शेड्यूल जारी कर दिया है। जेईई मैन्स सीआरएल (जनरल रैंक) 1 से 400000 वाले छात्रों को 20 जुलाई, 400001 से 750000 वालों को 22 जुलाई, 750001 से 1400000 वालों को 23 जुलाई और 14 लाख से ऊपर वालों और नॉन जेईई मैंस (12 मेरिट स्टूडेंट्स) को 24 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक काउंसिलिंग के लिए पहुंचना होगा। छात्रों को जरूरी दस्तावेजों की मूल और प्रतिलिपि लेकर आनी होगी।

नहीं की जाएगी किसी की अनदेखी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: निगोही और खुटार में गुरुवार को भाजपा का अभिनंदन कार्यक्रम हुआ।

भाजपा सांसद अरुण सागर जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का उत्साह देखकर जिलाध्यक्ष ने आभार जताया। भाजपा सांसद अरुण सागर ने संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुझे दिलाने के लिए पूरी ईमानदारी और लगन के साथ मेहनत की और उसका फल पार्टी को जीत के रूप में मिला है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की कहीं पर भी अनदेखी नही की जाएगी। किसी भी समय संपर्क कर सकते हैं।


अभिनंदन कार्यक्रम में सांसद अरुण सागर, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा। ● अमृत विचार

वरिष्ठ मतदाताओं को पटका पहनाकर किया सम्मानित

निगोही, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी की ओर से गुरुवार को मतदाता सम्मेलन का आयोजन निगोही के ब्लॉक सभागार में किया गया। जिसमें वरिष्ठ मतदाताओं को पटका पहनाकर सम्मानित किया और आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अरुण कुमार सागर, जिलाध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा, विधायक सलोना कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख भानू प्रताप सिंह मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

बीओबी मेन गेट की केबल में लगी आग

रोजा, अमृत विचार : रोजा मंडी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में गुरुवार को अचानक सायरन बजने से हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने बाहर निकल कर देखा तो धूं-धूं कर बैंक ऑफ बड़ौदा के मेन गेट की केबल जल रही थी। गुरुवार की शाम करीब छह बजे बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा रोजा मंडी का सायरन बजने से हड़कंप मच गया। सभी कर्मचारी बैंक से बाहर भागे तो देखा कि जिस केबल से बैंक में सप्लाई आ रही थी वह जल रही है। बाहर खड़े लोगों ने बताया कि बंदरों के जोर-जोर से केबल हिलाने से आग लग गई। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सहायक प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि सभी कर्मचारियों को बाहर निकाल कर बैंक का मुख्य द्वार बंद कर दिया गया था ताकि आग की लपटें अंदर न पहुंच सकें। फायर सिलेंडर की मदद से आज को बुझा लिया गया। आग से किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

पूजन के बाद राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा



तिलहर, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला खलील कटरा में गुरुवार को श्रद्धालुओं ने राम दरबार की शोभा यात्रा निकाल कर हवन पूजन के साथ प्राण प्रतिष्ठा की। गुरुवार को भंडारा किया गया। मुख्य यजमान राकेश कुमार ने सपत्नीक पंडित शिव ओम मिश्रा के सानिध्य में भगवान राम दरबार व हनुमान की प्रतिमा की भव्य शोभायात्रा निकाली। इसके बाद पूजन कर प्राण प्रतिष्ठा की गई। गुरुवार को नव प्रतिष्ठित देवों को भोग अर्पण का भंडारा किया गया। कार्यक्रम में राकेश कुमार, भईया लाल, संदीप कुमार, अंकुर, उषा देवी, जयंती, शिल्पी, अनुपम समेत तमाम भक्तों का विशेष सहयोग रहा।

कृषि मंत्री के बयान पर भड़के सपाई, कांग्रेसियों ने जम्मू कश्मीर के एलजी से की इस्तीफे की मांग

कलेक्ट्रेट पहुंचकर सपाइयों एव कांग्रेसियों ने अलग-अलग डीएम को संबोधित ज्ञापन प्रशिक्षु एडीएम को सौंपे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने जाते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार: सपाइयों एवं कांग्रेसियों ने अपनी-अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को संबोधित ज्ञापन प्रशिक्षु एसडीएम को सौंपे। सपाइयों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में कृषि मंत्री के बयान की भर्त्सना करते हुए बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने की मांग की। वहीं अल्पसंख्यक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल पर लगे संगीन आरोप पर इस्तीफा देने की मांग की। भाकियू लोकशक्ति कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायत बरहा की प्रधान पर कोई विकास कार्य न कराने का आरोप लगाया है।

भाकियू: सुनवाई नहीं तो चक्का जाम की बनाई जाएगी रणनीति: भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति कार्यकर्ताओं ने डीएम को संबोधित ज्ञापन प्रशिक्षु एसडीएम को सौंप ग्राम प्रधान पर कोई नया विकास कार्य न कराने का आरोप लगाया। ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम प्रधान के पति ने सांठगांठ कर शौचालय निर्माण में बड़े पैमाने पर धांधली कर धनराशि का दुरुपयोग किया है।

जोशी कॉलोनी में अभी तक कोई नया विकास कार्य नहीं कराया है। सरकारी हैंडपंपों की मरम्मत नहीं कराई गई है। बार-बार शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जल्द मामले में कोई कार्रवाई नहीं की तो 22 जुलाई को काली पट्टी बांधकर चक्का जाम करने की रणनीति बनाई जाएगी। जिला कार्यवाहक वीरेंद्र पाल आर्य, श्रीकृष्ण शर्मा, हरीबहादुर शास्त्री, कुंवरसेन, ओमप्रकाश आदि शामिल रहे।

सपाः महंगाई पर अंकुश, बाढ़ पीड़ितों को मिले मुआवजा

समाजवादी महिला सभा जिलाध्यक्ष आशा वर्मा व लोकसभा के सह प्रभारी यूसुफ कादरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशिक्षु एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में कृषि मंत्री सूर्य प्रकाश शाही की ओर से महंगाई को लेकर दिए बयान की कड़ी भर्त्सना की। कहा कि कृषि मंत्री के गैर जिम्मेदाराना बयान से महंगाई से जूझ रही देश की जनता का मजाक उड़ाया गया है। कहा गया कि सरकार जनता की जरूरतों ख्याल रखते हुए महंगाई पर अंकुश लगाए। ज्ञापन में बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौराकर होने वाले नुकसान का बाढ़ पीड़ितों का मुआवजा दिलाने की मांग की। बालक राम सागर, अमित पाठक, काशीराम सरोज, राममूर्ती गंगवार, महेश पटेल, केके पाल, मीनाक्षी गंगवार, सुरेश वर्मा, अब्दुल कादिर, नरेश सागर, विवेक यादव, शोएब अली, अशफाक कुरैशी, सोमवती, कांति देवी, केकई, ओमवती, किरण, गीता, विद्या, गंगा देवी, सुरजा देवी, आरती, शगुन, हीरा, सुनीता समेत तमाम महिलाएं शामिल रहीं।

अल्पसंख्यक कांग्रेसः नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें उप राज्यपाल

उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के आहवान पर कांग्रेसियों ने कलक्ट्रेट परिसर में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को संबोधित ज्ञापन प्रशिक्षु एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि जम्मू-कश्मीर विभिन्न कारणों से चरमपंथी गतिविधियों का केंद्र रहा है। जम्मू कश्मीर सरकार के पूर्व सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो अध्यक्ष अशोक कुमार रणछोड़ की ओर से आप पर लगाया आरोप शर्मनाक है। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने अपने बेटे अभिनव सिन्हा की दिल्ली में हुए शादी समारोह में अतिथियों के खाने पर खर्च 10,71,605 रुपये का भुगतान सरकारी कोष से किया। उप राज्यपाल से इस्तीफे की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर अनीस, इश्तियाक अहमद अंसारी,सिद्दीक अहमद उस्मानी, मोहम्मद सादिक अल्वी, ज्ञानेंद्र गौतम, राजेश वर्मा, चांद खान, मो .नदीम, हाफिज जियाउल मदार, रईस अहमद, अनवार उस्मानी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



प्रशिक्षु एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अल्प संख्यक कांग्रेस कार्यकर्ता।

छात्र की हत्या की कोशिश, मारपीट कर चलती बाइक से फेंका

बरेली/बहेड़ी,अमृत विचार : बहेड़ी क्षेत्र में छात्र की उसके साथियों ने मारपीट कर हत्या की कोशिश और उसे चलती बाइक से धक्का दे दिया। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर पुलिस ने हत्या की कोशिश समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अलसिया भोज निवासी इश्तियाक अहमद ने बताया उन्होंने अपने 14 वर्षीय बेटे नसीम को उर्दू की पढ़ाई के लिए काशीपुर के एक मदरसे में भेजा था। आरोप है 22 जून को उन्हें पता चला बेटा मरणासन्न अवस्था में सितारगंज में एक अस्पताल में भर्ती है। हालत में सुधार न होने पर उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके बेटे का हाथ टूटा हुआ था, जबकि सिर और रीढ़ की हड्डी टूटी हुई थी। हालत में सुधार होने पर बेटे ने बताया कि पीलीभीत के थाना अमरिया के गांव बांसखेड़ा निवासी मौलाना जाने आलम उसे यह कहकर लाया था कि उसके पिता की तबीयत ठीक नहीं है। जाने आलम उस मदरसा में पढ़ता भी है। आरोप है कि उसे बाइक पर बैठाकर ले आया और मुंह बंद कर गन्ने के खेत में जान से मारने की कोशिश की। उसके शोर मचाने पर पड़ोस के दो लोगों को आते देख वह मोटर साइकिल पर बैठाकर ले आया और रास्ते में चलती बाइक से नीच फेंक दिया। इश्तियाक अहमद ने मौलाना पर जादू-टोना का करने और बच्चों की बली चढ़वाने का भी आरोप लगाया है।

चंदिया हजारा में बाढ़ से क्षतिग्रस्त तटबंध की मरम्मत का काम शुरू

तटबंध पर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करती टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

● बाढ़ के अवर अभियंता ने मरम्मत कार्य का किया निरीक्षण

अमृत विचार: पिछले दिनों बारिश और बाढ़ ने जिले में जमकर तबाही मचाई थी। सर्वाधिक नुकसान पूरनपुर और माधोटांडा में हुआ था। शारदा नदी का तटबंध बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गया था। इससे आबादी में पानी पहुंचने से बड़ी संख्या में लोगों को अपना घर छोड़कर जाना पड़ा था। बारिश का सिलसिला रुकने के बाद अब क्षतिग्रस्त तटबंध की मरम्मत शुरू कर दी गई है। बाढ़ खंड के जेई ने मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया।

बता दें कि सात जुलाई को हुई बरसात के बाद शारदा नदी उफना गई थी। नदी के तेज वेग ने ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव के लिए बनाया गया तटबंध चार जगह से क्षतिग्रस्त हो गया था। इससे बाढ़ का पानी चंदिया हजारा में घुसने से स्थिति खराब हो गई थी।

ग्रामीणों ने केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को पत्र भेजकर तटबंध सही कराने की मांग की। बुधवार को तटबंध को दुरुस्त कराने के लिए चंदिया हजारा में जाल और आवश्यक सामग्री पहुंची। इसके बाद तटबंध को सही करने का काम शुरू किया गया। कार्य शुरू करने के लिए तटबंध का निरीक्षण लखीमपुर खीरी बाढ़ खंड के अवर अभियंता धर्मेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने निर्माण कार्य का निरीक्षण कर मानक के अनुसार काम करने के निर्देश दिए।

निबंध प्रतियोगिता में सीरत व निष्ठा ने बाजी मारी

संवाददाता, बिलसंडा

निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले विद्यार्थी। ● अमृत विचार

● हैप्पी ब्लू बर्ड स्कूल में हुआ आयोजन

अमृत विचारः ग्राम हेमपुर के हैप्पी ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल में नेशनल स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत प्रबंधक विक्रम नरेश जायसवाल ने दीप प्रज्वलित करके की।

निबंध प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर ग्रुप के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। स्मार्ट भारत को समृद्ध बनाने में युवाओं का योगदान विषय पर विद्यार्थियों ने निबंध लिखा। जूनियर में सीरत कौर ने प्रथम स्थान,प्रनवी जायसवाल ने द्वितीय और आराध्या गंगवार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर स्तर पर निष्ठा गुप्ता ने प्रथम , खुशबू कुमारी राव ने दूसरा एवं अभय मिश्रा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को टाटा ग्रुप के जावेद के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया। प्रबंधक के अलावा डायरेक्टर डा.गौरव शुक्ला,प्रधानाचार्य असीम कुमार जौहरी ने विजयी प्रतिभागियों को टाटा ग्रुप की तरफ से आये प्रमाणपत्र एवं मेडल प्रदान दिए। इस मौके पर सौरभ शुक्ला समेत विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

बाल श्रम, बाल विवाह रोकने पर दिया जोर

पूरनपुर, अमृत विचार : वात्सल्य योजना के तहत गुरुवार को नगर पालिका परिषद सभागार में वार्ड बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक हुई। इसमें संचालित समस्त लाभार्थी परक योजनाओं, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना प्रवर्तकता कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया बैठक में मौजूद महिला कल्याण विभाग की संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक ने बाल तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह की रोकथाम उन्मूलन के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान हेल्पलाइन नम्बर 1098,181,1090 की जानकारी दी गई। बैठक में वार्ड सभासद सूरज बाथम, अनुज कुमार गुप्ता, विनीता यादव, सौरभ सक्सेना, सुशील कुमार गुप्ता और समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

स्कूल प्रबंधन बैकफुट पर, तौकीर के कार्यक्रम की अनुमति निरस्त

बरेली कार्यालय

● स्कूल प्रबंधन ने दिया तर्क, नहीं पता था धर्म परिवर्तन भी होगा

● सामाजिक कार्य समझकर दी गई थी कार्यक्रम की अनुमति

अमृत विचार : हिंदू युवाओं के सामूहिक निकाह का शगूफा छोड़ने वाले आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को गुरुवार को एक बार फिर बड़ा झटका लगा। खलील स्कूल प्रबंधन ने यह कहकर मौलाना के कार्यक्रम की अनुमति निरस्त कर दी कि उन्हें नहीं बताया गया था कि धर्म परिवर्तन जैसा कोई कार्यक्रम किया जाएगा।

खलील हायर सेकेंड्री स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष काजी अलीमुद्दीन और प्रबंधक मुमताज अख्तर की तरफ से सिटी मजिस्ट्रेट को दिए गए पत्र के मुताबिक स्कूल में कार्यक्रम की अनुमति इसलिए दी गई थी, क्योंकि सामूहिक निकाह एक पुण्य का काम है। इस तरह के आयोजन गरीब कन्याओं के लिए हर वर्ग की सामाजिक संस्थाएं करती रहती हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए जो प्रार्थना पत्र दिया गया था, उसमें धर्म परिवर्तन की बात नहीं की गई थी। सामूहिक निकाह की अनुमति केवल अच्छे सामाजिक कार्य के आधार पर दी गई थी। अगर कार्यक्रम विवादित होने का शक होता तो अनुमति किसी भी हाल में नहीं दी जाती। ऐसे कार्यक्रमों की अनुमति विद्यालय कभी नहीं देता है। फिलहाल, स्कूल प्रबंधन ने कार्यक्रम की अनुमति को निरस्त कर दिया है।

> कार्यक्रम विवादित होगा, इसके बारे में पता नहीं था। पूरा मामला मीडिया के जरिए पता चला तो कार्यक्रम की अनुमति निरस्त कर दी। इस तरह के आयोजनों की अनुमति स्कूल प्रबंधन की ओर से नहीं दी जाती। - **मुमताज अख्तर**, प्रबंधक, खलील स्कूल

ट्रेन से गिरकर पीलीभीत के राखी कारोबारी का पैर कटा

बरेली, अमृत विचार : आंवला स्टेशन पर बरेली-दिल्ली पैसेंजर में चढ़ने के दौरान पीलीभीत के राखी कारोबारी नीचे गिर गया और उसका पैर कट गया। आरपीएफ ने उन्हें 108 एंबुलेंस से आंवला स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।पीलीभीत के थाना माधोटांडा के कलीनगर निवासी सचिन देवल ने आरपीएफ को बताया कि वह अपने पिता बबलू देवल के साथ राखी का सामान खरीदने के लिए दिल्ली जा रहे थे। वह बरेली से 04303 बरेली-दिल्ली पैसेंजर में बैठे थे।

ट्रेन जब आंवला स्टेशन पहुंची तो वह पानी लेने के लिए उतरे। बोतल में पानी भर रहे थे तभी ट्रेन चल दी। चलती ट्रेन में सवार होने के दौरान पैर फिसलने से प्लेटफार्म के नीचे चले गए और दाहिना पैर कट गया।

साहब! प्रधान कह रहा सरकार नहीं भेजती बजट इसलिए नहीं बनेगी सड़क

संवाददाता, पूरनपुर

● ग्रामीणों ने ओबीसी महासभा के बैनर तले एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार: दो दशकों से सड़क खराब होने पर जलभराव हो जाता है। कई बार प्रधानों से सड़क बनवाने की मांग की गई लेकिन उन्होंने सरकार के पास सड़क निर्माण के लिए बजट न होने का बहाना बना दिया। ये बात शिकायत लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने कही। अपनी समस्या बताते हुए न्याय की गुहार लगाई।

एसडीएम से की गई शिकायत में बताया कि ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात के वार्ड नंबर तीन में सड़क का निर्माण न होने से बरसात के दौरान लगभग तीन फीट तक जलभराव हो जाता है। इसके बावजूद सड़क का निर्माण नहीं कराया गया। तीन ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बीतने के बावजूद इस सड़क का निर्माण नहीं कराया गया।

आरोप है कि प्रधान कहते हैं कि सड़क बहुत लंबी है और मिट्टी का भराव तीन फुट से ज्यादा होगा। इतना बजट सरकार के पास नहीं है। बहानेबाजी कर लगभग 20 साल से यह सड़क कच्ची है। बरसात के दौरान जलभराव होने से ग्रामीणों का निकलना मुश्किल हो जाता है। बीमार और स्कूली बच्चों को मजबूरन जलभराव से होकर गुजरना पड़ता है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से वार्ड नंबर तीन में सड़क निर्माण के लिए आदेश पारित करने की मांग की है। ओबीसी महासभा के प्रदेश सचिव संतराम विश्वकर्मा, मनोज शर्मा, संजीव कुमार, राम भजन, रामजस, मुनेंद्र आदि मौजूद रहे।

बिलसंडा में हुसैनी लंगर में उमड़े जायरीन

बिलसंडा,अमृत विचार: बुधवार शाम को नगर की अंजुमन गुलामाने वाहिदी हुसैनी कमेटी की जानिब से मोहर्रम के चलते लंगर को तक्सीम किया गया। नगर में हुसैनी लंगर में चने की दाल रोटी हलवा,पूड़ी और शर्बत बांटा गया। बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

लंगर देर रात तक चला। इस मौके पर रियाज़ अंसारी, राजा बाबू वाहिदी, मोबीन अंसारी, फुरकान, नाज़िम अंसारी, ताजीम अंसारी, आसिफ वाहिदी, अनीस अंसारी, सुहैल खान वाहिदी, अनीस,अजीम, वसीम, नईम, शाहिद, भूरा, आज़ाद, सादाव वाहिदी, उवैस वाहिदी, असरफ, जाहिद हुसैन, अंसार मंसूरी आदि मौजूद रहे।

व्यापारी नहीं होंगे एकजुट, तब तक रौब गांठते रहेंगे अधिकारी

संवाददाता, बिलसंडा

बिलसंडा में व्यापार मंडल के गठन के दौरान शामिल व्यापारी। ● अमृत विचार

● व्यापार मंडल की नई कमेटी का गठन भी हुआ, नए व्यापारियों को शामिल कर दी गई वरीयता

अमृत विचार: नगर में बुधवार शाम को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की नई कमेटी का गठन किया जिसमें सबसे ज्यादा नए व्यापारियों को इस बार शामिल करते हुए उन्हें वरीयता दी गई।

बंडा रोड पर स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापार मंडल अध्यक्ष अवनीश जायसवाल ने की। व्यापारियों को हर संभव मदद का भरोसा देते हुए कहा कि सबसे पहले एकजुटता बहुत जरूरी है। जब तक व्यापारी एकजुट नहीं होंगे,तब तक अधिकारी हम पर रौब गांठते रहेंगे।

बेवजह किसी व्यापारी को सताया गया तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यापार मंडल की इकाई में सर्वसम्मति से सुनीत गुप्ता लल्ला को वरिष्ठ उपाध्यक्ष,नीलेश गुप्ता,कुणाल अवस्थी,दारा सिंह उपाध्यक्ष,बलजिंदर सिंह,नईम खां,रमेश जायसवाल,डा.शिवेन्द्र शर्मा, प्रशांत गंगवार संगठन मंत्री जबकि सभासद सलीम मंसूरी,अनवार खां छोटे,गुरप्रीत सिंह,सुरेश गुप्ता,मुन्ने मंसूरी को कमेटी में सदस्य बनाया गया।

वहीं युवा इकाई में अजीम अंसारी, राजीव राठौर, हर्ष जायसवाल, राजीव गुप्ता, मोहित जायसवाल, ऋषभ वर्मा, विमल भारती, अरबाज अंसारी, तुषार जायसवाल, सौरभ गुप्ता, ओम अग्रवाल, रजत गुप्ता, जाहिद हुसैन, जान मोहम्मद, शिवान्श राठौर, हरमनदीप सिंह, हर्ष सक्सेना, विकास गुप्ता, पंकज गुप्ता, अमन सिंह यादव, करन सक्सेना, सुशांत गुप्ता, विनय मिश्रा, मनोज जायसवाल, परशुराम सैनी को कार्यकारिणी में शामिल कर मनोनयन पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री एम रेहान ने किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत बहरोली, विकास खंड मीरगंज (बरेली)

अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत बहरोली में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है :- प्रथम श्रेणी ईंट, बजरी, बजर फुट, सरिया, सीमेंट, रेत, रोड़ी व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु० लागत	योजना
1.	ग्राम बहरोली में समुदाय के लिए पशु शेड एवं भूसा शेड निर्माण कार्य	14.99 लाख	मनरेगा

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 18/07/2024 से दिनांक 22/07/2024 दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सांय 4:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

ग्राम प्रधान सचिव

कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायाँ जनपद-शाहजहाँपुर

पत्रांक : 158/न.पा.प.-पु./2024-25 दिनांक : 18 जुलाई 2024

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ.प्र., लखनऊ के पत्र संख्या-4/319/स्व.शौ./2022-23 दिनांक 06 मई 2024 के क्रम में मा. उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका संख्या-324 ऑफ 2020 डा. बलराम सिंह बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 20.10.2023 के अनुपालन में प्रवेश के नगरीय क्षेत्र में मैनुअल स्कवैजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगर पालिका परिषद, पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर सीमान्तर्गत स्थित समस्त 25 वार्डो में किया जा रहा है। यदि नगर पालिका परिषद पुवायाँ क्षेत्रान्तर्गत कोई व्यक्ति इस कार्य में लगा हुआ हो अथवा किसी के यहाँ यदि अब भी अस्वच्छ शौचालय विद्यमान हो, तो वह दिनांक 25.07.2024 तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायाँ में प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक सूचना दे सकते है जिससे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण/चिन्हींकरण का कार्य पूर्ण किया जा सके।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, पुवायाँ शाहजहाँपुर।

कार्यालय ग्राम पंचायत सकुलिया विकास खंड पुवायां जिला शाहजहांपुर

पत्रांक : ग्रा.पं./2024-25 **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक : 18.07.24

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सकुलिया की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./ स्वच्छ भारत मिशन ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड नव निर्माण नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्म्त, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्ध कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिबोर/ अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल, नव निर्माण एवं मरम्मत गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्रीवाल निर्माण खाद के गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, ई-रिक्शा, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर अपरान्ह 3:30 बजे तक दिनांक 22.07.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 22.07.24 को 04.30 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

ग्राम प्रधान-आशीष कुमार ग्राम विकास अधिकारी- राजनरायन सिंह

कार्यालय ग्राम पंचायत वीरमपुर विकास खंड पुवायां जिला शाहजहांपुर

पत्रांक : ग्रा.पं./2024-25 **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक : 18.07.24

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वीरमपुर की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./ स्वच्छ भारत मिशन ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड नव निर्माण नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्म्त, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्ध कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिबोर/ अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल, नव निर्माण एवं मरम्मत गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्रीवाल निर्माण खाद के गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, ई-रिक्शा, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर अपरान्ह 2:00 बजे तक दिनांक 22.07.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 22.07.24 को 02.30 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

ग्राम प्रधान-रूपा देवी ग्राम विकास अधिकारी- राजनरायन सिंह

कार्यालय ग्राम पंचायत वद्रीपुर हदीरा विकास खंड पुवायां जिला शाहजहांपुर

पत्रांक : ग्रा.पं./2024-25 **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक : 18.07.24

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वद्रीपुर हडीरा की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./ स्वच्छ भारत मिशन ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड नव निर्माण नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्म्त, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्ध कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिबोर/ अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल, नव निर्माण एवं मरम्मत गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्रीवाल निर्माण खाद के गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, ई-रिक्शा, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर अपरान्ह 3:00 बजे तक दिनांक 22.07.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 22.07.24 को 04.00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

ग्राम प्रधान-उर्मिला देवी ग्राम विकास अधिकारी- राजनरायन सिंह

कार्यालय ग्राम पंचायत जठियापुर बुजुर्ग विकास खंड पुवायां जिला शाहजहांपुर

पत्रांक : ग्रा.पं./2024-25 **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक : 18.07.24

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जठियापुर बुजुर्ग की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./ स्वच्छ भारत मिशन ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड नव निर्माण नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्म्त, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्ध कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिबोर/ अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल, नव निर्माण एवं मरम्मत गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्रीवाल निर्माण खाद के गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, ई-रिक्शा, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर अपरान्ह 3 बजे तक दिनांक 23.07.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 23.07.24 को 04.00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

ग्राम प्रधान-विजनेश कुमार ग्राम विकास अधिकारी- राजनरायन सिंह

समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने दिए निर्देश, कहा- अधिकारी पारदर्शिता के साथ कराएं विवाह

सौ से ज्यादा जोड़े होने पर जिलाधिकारी कराएंगे सामूहिक विवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अगर 100 से ज्यादा जोड़े हुए तो जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित होकर सामूहिक विवाह कराएंगे। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने इस सिलसिले में सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। राज्यमंत्री ने विभाग की ओर से जारी मानक परिचालन प्रक्रिया एसओपी का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है।

राज्यमंत्री की ओर से बीती 17 जुलाई को जारी निर्देश में कहा गया है कि सामूहिक विवाह में विवाह योग्य जोड़ों की संख्या 100 के अंदर रखी जाए। अगर संख्या 100 से ऊपर हो तो जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर कार्यक्रम को व्यवस्थित कराएं। समाज कल्याण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जाकर स्थानीय जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख आदि को इन कार्यक्रमों में शामिल कराने के लिए आमंत्रित करें। सांसद व विधायक से पूछकर ही विवाह कार्यक्रम की तारीख तय की जाए। समाज कल्याण निदेशक की ओर से जारी एसओपी का सख्ती से पालन कराया जाए।

1,06,911 जोड़ों के होंगे विवाह, एसओपी जारी

चालू वित्तीय वर्ष में 1,06,911 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में गड़बड़ियों पर रोक लगाने के लिए समाज कल्याण विभाग ने एसओपी तैयार की है। एसओपी के तहत आयोजन के समय पात्र जोड़ों की पुष्टि के लिए अलग पंजीकरण कराया जाएगा। पुष्टि की प्रक्रिया के दौरान मंडल के उपनिदेशक और जिला समाज कल्याण अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहेंगे। दोनों अधिकारी व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे और विभाग को रिपोर्ट देंगे।

सामूहिक विवाह के लिए चयनित जोड़ों में से 10 प्रतिशत जोड़ों के औचक सत्यापन जिलाधिकारी की ओर से राजस्व या अन्य विभाग के अधिकारियों से कराया जाएगा। जांच प्रक्रिया को पुख्ता किए जाने के लिए जनपद स्तरीय समिति को दायित्व दिया गया है। इसमें पोर्टल से जेनरेट सत्यापन प्रारूप पर जांच अधिकारी की ओर से आख्या प्रस्तुत की जाएगी। जांच के दौरान मौके पर उपस्थित आस-पास के व्यक्तियों से पूर्व में विवाह न होने की भी पुष्टि की जाएगी, ताकि किसी भी दशा में अपात्र योजना का लाभ न उठा सकें।

आगरा में लगे फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे, सात गिरफ्तार

आगरा, अमृत विचार : थाना फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में मोहर्रम के जुलूस के दौरान फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे लगे। इसकी वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फतेहपुर सीकरी के बुलंद दरवाजे के पास बस्ती में कुछ लोगों ने मोहर्रम का जुलूस निकाला था। इस दौरान फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे लगाए। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने युवकों को चिन्हित कर कार्रवाई करना शुरू कर दी है। पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने बताया कि वीडियो में जो भी युवक हैं, उनके खिलाफ जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

नर्सिंग-पैरामेडिकल संस्थानों में परीक्षाएं अक्टूबर में

लखनऊ, अमृत विचार : नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थानों में अगस्त में प्रस्तावित परीक्षाएं अक्टूबर माह में होंगी। यह सूचना उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने सभी कॉलेज प्रबन्धकों व प्रधानाचार्यो को प्रेषित की है। उन्होंने बताया कि, सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा जीएनएम, एएनएम व समस्त पैरामेडिकल प्रशिक्षणों की मुख्य परिक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी जाएगी। इसके बाद सितंबर के दूसरे सप्ताह में छात्र-छात्राओं के प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। सचिव डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि अक्टूबर माह के तृतीय सप्ताह में लिखित परीक्षाएं और अंतिम सप्ताह में मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न होंगी।

प्रशासन-संतों की बैठक में पॉलिथीन मुक्त मेले पर जोर

प्रयागराज, अमृत विचार : दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महाकुंभ 2025 को दिव्य और भव्य बनाने को लेकर साधु-संतों की सबसे बड़ी संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद और प्रशासन के बीच गुरुवार को मंडलायुक्त कार्यालय में हुई बैठक में सभी संतों ने गंगा की निर्मलता और पॉलिथीन मुक्त मेले पर जोर दिया। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और निरंजनी अखाड़े के सचिव रविन्द्र पुरी ने बैठक के बाद बताया कि महाकुंभ को पॉलिथीन मुक्त बनाने के साथ गंगा की निर्मलता के लिए अधिकारियों के सामने बात रखी गई है। इसका पूरी गंभीरता के साथ पालन करने की जरूरत है। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर ने कहा कि महाकुंभ मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम किये जा रहे है।

हाईवे पर पलटी स्कार्पियो, पांच की मौत, एक घायल

गंजमुरादाबाद (उन्नाव), अमृत विचार : बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के बहलोलपुर गांव के पास गुरुवार देर शाम लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर रोहतक से अयोध्या जा रही स्कार्पियो डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिससे उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गई। गंभीर घायल छठे व्यक्ति को जिला अस्पताल से कानपुर के लिये रेफर कर दिया गया है। बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बहलोलपुर गांव के पास गुरुवार शाम हरियाणा के रोहतक से अयोध्या जा रही स्कार्पियो चालक को अचानक झपकी लगने से गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट गई। हादसे में स्कार्पियो के परखचे उड़ गए और स्कार्पियो में सवार सभी व्यक्ति उसी में फंस गए।

रिश्वत लेने के मामले में आरोपी को मिली जमानत

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस उपनिरीक्षक के साथ मिलकर रिश्वत लेने के मामले में बिना किसी ठोस सबूत के पांच महीने से कारावास की सजा झेल रहे नामजद आरोपी को सशर्त जमानत दे दी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकल पीठ ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धाराओं के तहत आरोपी ऋषिपाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार शिकायतकर्ता प्रेमपाल ने आरोप लगाया कि आईपीसी के तहत एक मामले में पुलिस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह ने 50 हजार की मांग की, लेकिन मामला 40 हजार पर तय हुआ और 29 जनवरी 2024 को 20 हजार की रिश्वत राशि उक्त उपनिरीक्षक को सौंपी गई, जिसके बाद वर्तमान याची को धनराशि सौंप दी गई।

गोला गोकर्णनाथ मंदिर परिसर का होगा सौंदर्यीकरण

लखनऊ, अमृत विचार : लखीमपुर स्थित गोला गोकर्णनाथ के पौराणिक शिव मंदिर व उसके परिसर का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। यहां लाइट एंड साउंड शो की व्यवस्था की जाएगी। परिसर में यात्रियों की सुविधाओं का विस्तार लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विभाग द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने कहा, पर्यटन विभाग धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी प्राचीन मंदिरों को संवारने एवं सजाने का कार्य कर रहा है।

पिस्तौल खोलते समय चली गोली सिर में लगी, कांस्टेबल की मौत

सूचना मिलते ही पहुंचे एसएसपी, घटनाक्रम की भी ली पूरी जानकारी

संवाददाता, अलीगढ़

कांस्टेबल याकूब।

- पशु तस्करी के आरोपियों की तलाश में दबिश देने पहुंची थी एसओजी की टीम

अमृत विचार : पशु तस्करी के आरोपियों की तलाश में दबिश के दौरान एसओजी के एक कांस्टेबल की उस समय मौत हो गई, जब जाम पड़ी पिस्तौल को खोलते समय उससे अचानक चली गोली उसके सिर में जा लगी। घटना में एक उप-निरीक्षक के घायल होने की भी खबर है।

पुलिस के मुताबिक, विशेष अभियान समूह (एसओजी) और दो थानों की पुलिस की संयुक्त टीम पशु तस्करों को पकड़ने के लिए बुलंदशहर जिले की सीमा से लगे एक गांव में दबिश डाल रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजीव सुमन ने बताया, "दबिश के दौरान निरीक्षक अजहर हुसैन की पिस्तौल जाम हो गई थी और वह उसे खोल नहीं पा रहे थे। हुसैन की मदद करने के लिए उप-निरीक्षक राजीव कुमार ने पिस्तौल पकड़ी, तभी अचानक उससे गोली चल गई। गोली कुमार को छूती हुई कांस्टेबल याकूब के सिरे में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।" सुमन के अनुसार, दोनों पुलिसकर्मियों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन याकूब ने वहां पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घटना में घायल कुमार की हालत स्थिर है और उनका इलाज किया जा रहा है। सुमन ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

आईजी अलीगढ़ रेंज शलभ माथुर का कहना है कि घायल दरोगा राजीव और अन्य पुलिसकर्मियों ने घटनाक्रम की जानकारी दी है। गोली पिस्टल को अनलॉक करते हुए अचानक चल गई जिससे सिपाही की मौत हो गई।

कांस्टेबल के पिता ने उठाए सवाल

याकूब के पिता ने घटनाक्रम पर सवाल खड़े किए है। पिता बली मोहम्मद ने बताया कि उसे पुलिस की कहानी में झोल लग रहा है। फिलहाल पूरे राजकीय सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया है। पोस्टमार्टम भी उसकी मौजूदगी में हुआ। उसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई है। दरोगा ने इस मामले में लापरवाही की है। वह खराब पिस्टल को क्यों लेकर गया, वहीं दूसरे दरोगा को उसने अपने नाम पर अलॉट पिस्टल को ठीक करने को क्यों दी। दरोगा पिस्टल अनलॉक कर रहा तो बेटे के सिर में कैसे लगी। दरोगा के पेट को छूकर निकली गोली सिर में कैसे लग गई। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

विधायक बेदी राम के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट रद

लखनऊ, अमृत विचार : रेलवे विभाग में ग्रुप डी की भर्ती का पर्चा लीक मामले में आरोपी बनाए गए विधायक बेदी राम व विपुल दुबे सहित आठ आरोपियों के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को गैंगेस्टर कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने रद कर दिया है। कोर्ट ने आरोपियों पर आरोप तय करने के लिए 26 जुलाई की तारीख़ तय की है।

ग्रुप डी की भर्ती के मामले में की गई धांधली को लेकर 19 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई चल रही है। कोर्ट में हाजिर न होने पर गत 11 जुलाई को विधायक बेदी राम, विपुल दुबे समेत कई आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। गुरुवार को आरोपी बेदी राम, विपुल दुबे, अवधेश, शिव बहादुर सिंह, एके सिंह, अख्तर हुसैन, धर्मेंद्र कुमार व राम कृपाल ने कोर्ट में हाज़िर होकर वारंट को निरस्त करने की मांग वाली अर्जी दी। जिस पर कोर्ट ने आरोपियों को 50-50 हज़ार का निजी मुचलका दाखिल करने पर इस शर्त के साथ वारंट निरस्त करने का आदेश दिया गया है कि वह नियत तिथि पर आरोप तय किए जाने के लिए व्यक्तिगत रूप से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होंगे।

नहीं जुड़ा आधार, रुक गई 3 लाख महिलाओं की पेंशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जनकल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शी बनाने और गड़बड़ियां रोकने के लिए मानकों को सख्त किया जा रहा है। प्रदेश में बैंक खाते से आधार लिंक न कराने वाली तीन लाख महिलाओं की पेंशन रोक दी गई है। महिला कल्याण विभाग की ओर से इन्हें निराश्रित पेंशन योजना का लाभ आधार कार्ड लिंक होने के बाद ही मिलेगा।

महिला कल्याण विभाग की ओर से पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी जाती है। पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये के हिसाब से दिए जाते हैं। पिछले वित्तीय वर्ष तक पात्र लाभार्थियों के बैंक खाते में तीन माह की धनराशि भेजी जा रही थी। नए वित्तीय वर्ष में व्यवस्था बदल गई और पेंशन के लिए बैंक खाते से आधार लिंक को आवश्यक कर दिया गया। अप्रैल से जून 2024 तक प्रदेश के 75 जिलों में 26 लाख 12 हजार को पेंशन दी गई, जबकि तीन लाख महिलाएं बैंक खाते से आधार लिंक न होने के कारण पेंशन से वंचित रह गईं। महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि वंचित महिलाओं के आधार कार्ड को बैंक खाते से लिंक कराया जा रहा है। उनको जागरूक किया जा रहा है कि आधार कार्ड लेकर बैंक जाएं और उसे लिंक करा लें।

पुराने पेंशनरों को खुद करना होगा आधार लिंक

लखनऊ, अमृत विचार : पेंशन योजनाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए समाज कल्याण विभाग ने आधार लिंक को अनिवार्य कर दिया है। पेंशनरों को अब स्वयं आधार लिंक करवाना होगा। समाज कल्याण विभाग से पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए नए ऑनलाइन आवेदन में आधार प्रमाणीकरण आवेदन के समय ही हो जाता है। आवेदक किसी भी जनसेवा केंद्र पर जाकर आधार प्रमाणीकरण करवा सकते हैं। पुराने डाटा बेस में दर्ज मोबाइल नंबर अगर सेवा में नहीं है तो लाभार्थी स्वयं आवेदक लॉगिन में जाकर अपना नया मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी प्राप्त कर सकता है।

रामलला के नित्य दर्शन को मिलेगा क्यूआर कोड रहित अनुमति पत्र

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामलला के नित्य दर्शन करने वाले भक्तों के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा क्यूआर कोड रहित अनुमति पत्र जारी किया जाएगा। प्रतिदिन दर्शन करने वाले भक्त की पहले ऑनलाइन हाजिरी लगेगी। फिर राम मंदिर में रामलला का दर्शन प्राप्त होगा।

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या के संत-धर्माचार्य व स्थानीय लोगों के लिए नित्य दर्शन की व्यवस्था बनाई जानी है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने भी नित्य दर्शन की व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिख अनुरोध किया था। ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि प्रातः काल 10 से शाम 6 बजे के मध्य राम कचहरी स्थित ट्रस्ट के कैंप कार्यालय और रामपथ पर स्थित बिड़ला धर्मशाला के सामने बने तीर्थ यात्री सेवा केंद्र में अपना आधार कार्ड दिखाकर निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करके नित्य दर्शन के लिए अनुमति पत्र प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अनुमति पत्र छह माह के लिए वैध होगा और प्रवेश डी-1 से ही होगा। सुरक्षा में लगे जवान क्यूआर कोड रहित अनुमति पत्र को स्कैन करने के बाद ही प्रवेश देंगे।

सरयू में स्नान कर सीधे रामलला के मंदिर पहुंच सकेंगे भक्त

अयोध्या, अमृत विचार : श्रीराम मंदिर तक पहुंचने वाले जन्मभूमि पथ, रामपथ और भक्तिपथ के बाद अब भ्रमण पथ भी श्रद्धालुओं को रामलला के दरबार तक पहुंचाने का काम करेगा। इसका एक चौथाई कार्य पूरा कर लिया गया है। भ्रमण पथ काशी में गंगा और विश्वनाथ धाम को जोड़ने की तर्ज पर सरयू नदी से राम मंदिर को जोड़ेगा। रामभक्त सरयू स्नान के बाद सीधे रामलला के दर्शन के लिए पहुंच सकेंगे।

रेल हादसे: मेंटेनेंस बड़ी चुनौती

जमीर सिद्दीकी

त्वरित टिप्पणी

- ट्रेनों को समय पर चलाने के चक्कर में नहीं हो पा रहा ट्रैक मेंटेनेंस

बीते साल 2 जून को ओडिशा के बालासोर में हुए तीन ट्रेनों के हादसे को कौन भूल सकता है। इस हादसे में करीब 300 यात्रियों की मौत हो गई थी, जबकि 1200 घायल हो गए थे। इतनी बड़ी घटना के बाद भी रेलवे ने अपनी मानवीय चूक और ट्रैक मेंटेनेंस, कोच मेंटेनेंस की ओर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं दिया। लिहाजा, एक बार फिर चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के रूप में एक और ट्रेन हादसा सामने आया है, जो बहुत ही दुखद है।

गुरुवार को गोंडा जिले में एक्सीडेंट हुआ है। इस ट्रेन के पायलट का भी कहना है कि एक तेज धमाके के बाद ट्रेन हादसे का शिकार हो गई। निश्चित तौर पर इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि या तो ट्रैक में कोई कमी थी या फिर इंजन या किसी कोच का मेंटेनेंस सही नहीं था, जिससे इतनी बड़ी दुर्घटना हुई। अगर आप बीते एक दशक के आंकड़े देखें तो पता चलेगा कि लगभग 449 ट्रेन हादसे हुए हैं। कुछ बिंदुओं से जानते हैं कि इस तरह के हादसे की वजहें क्या हैं... **नंबर एक-** ट्रेनों की संख्या अधिक होने के कारण ट्रैक का मेंटेनेंस नहीं हो पा रहा है। ट्रैक मेंटेनेंस देखने वाले रेल के संबंधित कर्मचारी अधिकारी कभी चीफ कंट्रोलर से पांच दस मिनट के लिए ट्रेन संचालन रोकने के लिए कहते हैं तो चीफ कंट्रोलर यह कहकर मना कर देता है कि ट्रेन लेट हो जाएगी और आला अधिकारी को जबाब कौन देगा। ऐसे में ट्रैक मेंटेनेंस देखने वाले अधिकारी जहां ट्रैक का काम करना होता है, उसके दोनों साइड के रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर से बात करते हैं और यह जानने की कोशिश करते हैं कि किधर से कौन सी ट्रेन कितनी देर में आएगी और फिर जल्दी-जल्दी जैसे तैसे जितना हो सकता है, ट्रैक का मेंटेनेंस कर दिया जाता है। यही जल्दबाजी हादसे का कारण बनती है। **नंबर दो-** वंदे भारत, स्वर्ण शताब्दी, राजधानी जैसी कई ऐसी ट्रेन हैं, जिन्हें समय पर चलाने की चुनौती बड़ी है। रेलवे बोर्ड तक यह चाहता है कि ये वीआई ट्रेन 1 मिनट भी लेट ना हों और इस प्रकार के निर्देश भी दिए गए हैं। ऐसे में ट्रैक का मेंटेनेंस कैसे हो सकता है।

नंबर तीन- हर मंत्री और जनप्रतिनिधि यह चाहता है कि उनके क्षेत्र से कोई ना कोई ट्रेन चले। ऐसे में दिन-प्रतिदिन ट्रेनों की संख्या में इजाफा हो रहा है और मेंटेनेंस की समस्या बढ़ती जा रही है। और **नंबर चार-** रेल वर्कशॉप में कोचों और इंजन के मेंटेनेंस को लेकर अधिकारियों का इतना ज्यादा दबाव रहता है कि जल्दी-जल्दी कोच और इंजन को ठीक करके रूट पर भेज दिया जाता है। ऐसे में मेंटेनेंस में कोई ना कोई चूक रही जाती है।

वर्ग पहेली-135

बाएं से दाएं

3. 1. किसी चीज़ को खाने या चबाने की क्रिया, ग्रसन 2. निगलना।
5. आश्चर्य, विस्मय।
6. विशेष रूप से, विशेषत:, ख़ासतौर से।
8. 1. शक्ति, सामर्थ्य 2. घोड़े की लगाम, वल्गा। [मु.] -बाग होना : बहुत ख़ुश होना। (मु.)-मोड़ना : किसी ओर घुमाना या लगाना।

ऊपर से नीचे

1. 1. किसी वस्तु का टूटकर या कट-छँटकर अलग हुआ कोई हिस्सा।
2. निगाह, दृष्टि।
4. नभ में गमन करने वाला, नभ में विचरने वाला।
5. गर्व से भरी चाल, अकड़ जताने वाली चेष्टा या भाव-भंगिमा, हेकड़ी, गरूर।
6. 1. पति, ख़सम, शौहर 2. स्वामी, मालिक।
7. 1. किसी वस्तु के दस अंग 2. दस प्रकार के सुगंधित द्रव्यों का मिश्रण।



वर्ग पहेली -134 का हल

1 जे	क	■	2 मु	■	3 क
■	■	4 सो	हा	सि	त
5 ग	ण	■	फ़ि	■	र
प	■	■	ज़	■	ना
6 क	लं	7 कि	त	■	■
ना	■	रा	■	8 ध	9 म
■	10 पि	या	र	■	य

सुडोकू-48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

4		7		2			3	6
2	3			9		1		
		8		3			5	
	4		1				8	
	5						2	
	7				6		4	
	8			6		3		
		3		1			9	7
9	2			5		4		8

सुडोकू -47 का हल

1	8	3	7	4	9	2	6	5
9	6	5	1	2	8	3	4	7
7	2	4	3	6	5	8	9	1
8	7	6	5	3	4	9	1	2
3	1	2	8	9	6	5	7	4
5	4	9	2	1	7	6	8	3
2	3	7	9	8	1	4	5	6
4	5	8	6	7	2	1	3	9
6	9	1	4	5	3	7	2	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 19.41 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मूल 20 जुलाई 02.55 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

मेष — आज आपके मन में आत्मसंतोष की भावना रहेगी। दूसरों की जिम्मेदारियां भी आपको उठानी पड़ सकती है। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जाएंगे। निजी कंपनियों में जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं।

वृष — आज हित शत्रु आपकी भावनाओं का नाजायज लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव की भावना कम हो सकती है। आवश्यक काम दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें।

मिथुन — आज वाद-विवाद और चर्चाओं में आप दूसरों के ऊपर भारी पड़ेंगे। आपके सामाजिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं।

कर्क — आज कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिलेगा। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है। अध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण बदल सकता है। उच्च रक्तचाप के रोगियों को गुस्सा करने से बचना चाहिए। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर ज्यादा सोच-विचार न करें।

सिंह — आज आप नव समाचारों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में बाधा आ सकती है। कटु भाषा का चयन करने से बचें। शोध क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे।

कन्या — आज अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आएगा।

तुला — आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। धार्मिक चर्चाओं के लिए दिन सर्वोत्तम रहेगा। आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकरात्मकता बनाए रखें। अविवाहित महिला जातक के विवाह की चिंता रहेगी।

वृश्चिक — आज जॉब इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। प्रेमी जन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। दूरस्थ परिजनों के साथ फोन पर बातें होंगी।

धनु — आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। नई संपत्ति खरीदने का विचार बनाएंगे। आप अपने आप में ही व्यस्त रहेंगे। अविवाहितों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। व्यापार में जबरदस्त उन्नति होगी।

मकर — आज सेहत के मामले में लापरवाही न करें। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। कोई नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है।

कुंभ — आज किसी नए काम को लेकर मन में विचार आएंगे। जीवनसाथी के साथ समय बहुत अच्छा रहेगा। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं।

मीन — आज मार्केटिंग पर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त होगा। निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेंगे। टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को संभाल लेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- देवता — दोपहर : 12.30
- परिवार — रात : 07.00
- सीक्रेट सुपरस्टार — सुबह : 10.47
- फराज — रात : 08.00

SONY PIX
- घोस्त राइडर — सुबह : 11.12
- अनचार्टेड — रात : 09.00

&pictures

ZEE CINEMA
- मिली — सुबह : 09.35
- ऑपरेशन जावा — रात : 08.00

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

colors CINEPLEX
- कसक — सुबह : 09.36
- कभी अलविदा ना कहना — शाम : 05.58

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी- कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू- हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी- अपनी आदत से।

बाजार	सेंसेक्स ▲	निफ्टी ▲
बंद हुआ	81,343.46	24,800.85
बढ़त	626.91	187.85
प्रतिशत में	0.78	0.76

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2075, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1975, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1525, सचिन 1510, सूरज 1550, अवसर 1650, राग गोल्ड 1605, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1920, स्वास्तिक 2045 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 35000, लाल मिर्च 19500-25000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल - (प्रति कु.) डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4800, खजाना 4800 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8300, लाल हिंदुस्तान 8400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9500-11700, सच्चा हीरा 11300, मोटा हीरा 13100, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200 । चीनी - डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000 ।

खाद्य सामग्री महंगी होने पर अर्थशास्त्रियों ने जताई चिंता

आरबीआई बुलेटिन में प्रकाशित अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक वाले लेख में खुलासा

मुंबई, (एजेंसी)

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को जुलाई माह का बुलेटिन जारी किया। इसमें कहा गया है कि 2024-25 की दूसरी तिमाही की शुरुआत में अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेत मिले। बावजूद इसके खाने के सामानों की महंगाई चिंता का विषय है।

अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक से प्रकाशित इस लेख में कहा गया है कि कृषि का माहौल, गांवों में खर्च में सुधार ने मांग में तेजी लाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति लगातार तीन महीनों तक नरम रहने के बाद जून 2024 में बढ़ गई। इसका मुख्य कारण सब्जियों की कीमतों में बड़े पैमाने पर तेजी आना है। यहां

- **लेख में कहा गया कि दूसरी तिमाही की शुरुआत में अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेत मिले**
- **जून में खुदरा मुद्रास्फीति चार महीने के उच्चतम स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंची जबकि मई में यह 4.8 प्रतिशत थी**

यह जानना जरूरी है कि सब्जियों और अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंच गई है जबकि इसके एक महीने पहले मई में यह 4.8 प्रतिशत पर थी। इस लेख को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम ने लिखा है। इसमें कहा गया है कि यह तर्क दिया जाता रहा है कि खाने के सामान के दामों में तेजी अस्थायी है, लेकिन एक साल के अनुभव से यह बात सही साबित नहीं हो पा रही है। यह मूल्य के स्तर पर लगने वाले झटके में कोई छोटी अवधि नहीं बल्कि यह लंबी अवधि है।

लेख में कहा गया है कि यह साफ है कि खाद्य वस्तुओं की कीमतों ने हेडलाइन (कुल) मुद्रास्फीति को गति दी है और परिवारों की महंगाई की उम्मीदों पर इसका प्रतिकूल असर दिखा है। इससे मौद्रिक नीति और आपूर्ति प्रबंधन के माध्यम से मुख्य (कोर) और ईंधन मुद्रास्फीति में जो कमी आई, उसका ज्यादा लाभ नहीं हुआ।

एल्युमीनियम कबाड़ आयात पर शून्य शुल्क की मांग

नई दिल्ली। बजट से पहले पुनर्चक्रण उद्योग निकाय एआई ने सरकार से एल्युमीनियम कबाड़ पर आयात शुल्क हटाने का आग्रह किया। मैटेरियल रिसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमआरएआई) के अनुसार, एल्युमीनियम कबाड़ की पुनर्चक्रण प्रक्रिया से प्रति टन उत्पादन पर केवल 3 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित होता है, जबकि स्मेल्टर से 1 मीट्रिक टन एल्युमीनियम के उत्पादन पर 14 टन कार्बन उत्सर्जन होता है। एआई ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे पत्र में कहा कि भारतीय एल्युमीनियम पुनर्चक्रण उद्योग के सामने सबसे बड़ी चुनौती 2.5 प्रतिशत आयात शुल्क है। सरकार को इसे तब तक शून्य करना चाहिए जब तक कि घरेलू बाजार में गुणवत्तापूर्ण सामग्री (कबड़ा) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध न हो जाए।

एफटीए से भारत-रूस व्यापार को मिलेगा बढ़ावा : जीटीआरआई

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्यात बढ़ाने, स्थानीय मुद्रा व्यापार को व्यावहारिक बनाने और यूरेशियन आर्थिक संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जैसे कदमों से भारत और रूस के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत को व्यापार घाटे को लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए, क्योंकि उसे रूस से बाजार मूल्य से सस्ते दाम पर कच्चा पेट्रोलियम तेल मिल रहा है। इससे भारत का समग्र तेल आयात बिल भी कम हो रहा है।

2022 में यूक्रेन युद्ध तथा अमेरिका द्वारा रूस पर प्रतिबंध लगाने के बाद से भारत और रूस के बीच व्यापार संबंधों में काफी बदलाव आया है। रूस से आयात में तीव्र वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप व्यापार असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है। 2020-21

- **निर्यात में वृद्धि, स्थानीय मुद्रा में व्यापार और यूरेशियन संघ से हुए समझौते**

और 2023-24 में निर्यात 59% बढ़ा, वहीं आयात में भी वृद्धि हुई है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि 2023-24 में मौजूदा द्विपक्षीय व्यापार 65.7 अरब डॉलर होने के साथ यह लक्ष्य हासिल हो सकता है। 2023-24 में रूस को भारत का निर्यात 4.3 अरब अमरीकी डॉलर था, जबकि कच्चे तेल से प्रेरित आयात 61.4 अरब अमरीकी डॉलर था।

दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स के दो ब्लॉक दुनिया की 10 बड़ी खदानों में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **एसईसीएल के गेवरा और कुसमुंडा ब्लॉक ने दूसरा और चौथा स्थान पाया**

दुनिया की 10 सबसे बड़ी कोयला खदानों की सूची में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के गेवरा और कुसमुंडा ब्लॉक ने क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान हासिल किया है। वर्ल्डएटलस डॉट कॉम ने उत्पादन मात्रा के आधार पर कोयले की सबसे बड़ी खदानों की सूची जारी की है।

एसईसीएल ने गुरुवार को कहा कि छत्तीसगढ़ के कोरबा स्थित दोनों खदानें सालाना 10 करोड़ टन से अधिक कोयला उत्पादन करती हैं। यह भारत के कुल कोयला उत्पादन का 10% है। वर्ल्डएटलस डॉट कॉम द्वारा जारी दुनिया की 10 सबसे बड़ी कोयला खदानों की सूची में गेवरा और कुसमुंडा खदानों को क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान मिला है। एसईसीएल ने कहा कि गेवरा की वार्षिक उत्पादन क्षमता 7 करोड़ टन है। इस खदान ने 2023-24 में 5.9 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया। जबकि कुसमुंडा ने 5 करोड़ टन से अधिक कोयले का उत्पादन किया। एसईसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रेम सागर मिश्रा ने कहा कि यह गर्व की बात है कि दुनिया की पांच सबसे बड़ी कोयला खदानों में से दो छत्तीसगढ़ में हैं।

जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान : फिक्की

नई दिल्ली। उद्योग संगठन फिक्की ने चालू वित्त वर्ष में औसत जीडीपी वृद्धि दर 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान जताते हुए सरकार से आम बजट में कराधान सुधार, रोजगार सृजन, नवाचार और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित किये जाने की अपील की है। जुलाई 2024 में किसे गये सर्वेक्षण के आधार पर आज जारी फिक्की के आर्थिक दृष्टिकोण रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। इसमें कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए औसत वृद्धि दर 2024-25 के लिए 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह वर्ष 2023-24 में दर्ज की गई लगभग 1.4 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में सुधार दर्शाता है। सामान्य दक्षिण-पश्चिम मानसून की उम्मीद के साथ अल नीनो प्रभाव में कमी आने से कृषि उत्पादन के लिए अच्छा संकेत मिलने की संभावना है।

- **बजट में रोजगार नवाचार और विकास पर ध्यान केंद्रित करने की अपील**

भारत सबसे बड़ा पॉम ऑयल बाजार : गनी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **भारत में चावल-चीनी जैसे उत्पादों के निर्यात पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की मलेशियाई मंत्री ने की अपील**

मलेशिया के पौधरोपण और कमोडिटी मंत्री वायबी दातुक सेरी जौहरी बिन अब्दुल गनी ने आम चुनाव के दौरान भारत में चावल और चीनी जैसे आवश्यक कृषि उत्पादों के निर्यात पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की अपील करते हुए गुरुवार को कहा कि भारत उनके लिए बहुत बड़ा पॉम आयॅल बाजार है क्योंकि भारत में बढ़ता मध्यम वर्ग इस सबसे बड़ा खरीददार है।

गनी ने भारतीय वनस्पति-तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) द्वारा आईवीपीए ग्लोबल राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस के तीसरे संस्करण के शुभारंभ पर यह बात कही। कॉन्फ्रेंस की थीम- वेज ऑयल्स विजन 2030: अवसर और चुनौतियां थी। गनी ने कहा कि मलेशिया पर भारत के निर्यात प्रतिबंधों के प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अगर भारत खुलता है, तो यह मलेशिया के लिए फायदेमंद होगा। भारत को पाम ऑयल का महत्वपूर्ण निर्यातक मलेशिया, भारत के सुरक्षात्मक उपायों से खुद को चुनौतीपूर्ण स्थिति में पाता है। पिछले वर्ष मलेशिया से भारत को पाम ऑयल और पाम ऑयल उत्पादों का निर्यात कुल 33 लाख टन था, जिसका मूल्य 3 अरब डॉलर था, जो मलेशिया के पाम ऑयल निर्यात का 13% था।

उन्होंने कहा कि 2023 में भारत में तेल और वसा की खपत 2.72 करोड़ टन था और इसमें पॉम ऑयल की हिस्सेदारी 36%थी। भारत में खाद्य और अखाद्य क्षेत्रों में पॉम ऑयल की मांग में तेजी आ रही है क्योंकि मध्यम वर्ग में वृद्धि हो रही है। अभी भारत में मध्यम वर्ग की आबादी 31% है, जिसके 2031 तक बढ़कर 38 % होने का अनुमान है और 2047 तक यह आबादी 60% हो जायेगी।

एक नजर

प. बंगाल में किशोरी से दुष्कर्म, चार नाबालिगों सहित सात गिरफ्तार

जलपाईगुड़ी, (प. बंगाल), प. बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में चाय बागान में 4 नाबालिगों समेत सात लोगों ने किशोरी से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि किशोरी के परिवार ने जिन सात लोगों को नामजद किया है, उन्हें बीते तीन दिन में गिरफ्तार किया जा चुका है। सात आरोपियों में से 4 नाबालिग हैं और तीन वयस्क आरोपियों में से दो को पुलिस व एक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि नाबालिगों को किशोर गृह भेजा गया है। किशोरी एक आरोपी के अनुरोध पर दुआर्स क्षेत्र स्थित चाय बागान में सुनसान जगह गई थी। वह किशोरी का मित्र बताया जा रहा है। रविवार दोपहर बाद जब वह उस जगह पहुंची तो सात लोगों ने उससे दुष्कर्म किया और वीडियो बनाई।

ट्रांसपोर्टर कार्यालय से 3.5 करोड़ लूटने के आरोप में 12 गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली में ट्रांसपोर्टर के कार्यालय से 3.5 करोड़ रुपये लूटने के आरोप में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) मनोज कुमार मीणा ने बताया कि पिछले हफ्ते यहां किशनगंज इलाके में कुछ लोग ट्रांसपोर्टर के कार्यालय में घुस गए थे और बंदूक दिखाकर लूटपाट की थी। उन्होंने कहा कि लूटपाट के सिलसिले में बृहस्पतिवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि चार लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। अधिकारी ने कहा कि हम जल्द ही (आरोपियों की) पहचान और लूटपाट के उनके तरीके का खुलासा करेंगे।

राष्ट्रीय

कांग्रेस विधायक के ठिकानों पर ईडी का छापा

1,392 करोड़ रुपये के कर्ज से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के तहत हुई कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 1,392 करोड़ रुपये के कथित बैंक कर्ज धोखाधड़ी के मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में कार्रवाई करते हुए देश के कई प्रदेशों सहित 15 स्थानों पर छापेमारी की और परिसरों की तलाशी ली। केंद्रीय एजेंसी ने मामले से जुड़े हरियाणा के कांग्रेस विधायक राव दान सिंह, एक धातु निर्माण कंपनी और उसके प्रवर्तकों के ठिकानों पर भी गुरुवार को छापेमारी कर तलाशी अभियान चलाया।

केंद्रीय एजेंसी के गुरुग्राम स्थित कार्यालय के अधिकारियों ने गुरुवार को बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले की जांच के तहत हरियाणा के महेंद्रगढ़,

बैंक धोखाधड़ी मामला

- **हरियाणा, दिल्ली और झारखंड समेत 15 स्थानों की ली गई तलाशी**

बहादुरगढ़, गुरुग्राम तथा दिल्ली और झारखंड के जमशेदपुर समेत 15 स्थानों पर तलाशी ली। कार्रवाई के दौरान ईडी की टीम के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों का एक दल भी था।

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने जिन लोगों के ठिकानों की तलाशी ली, उनमें महेंद्रगढ़ क्षेत्र से 65 वर्षीय विधायक राव दान सिंह, उनका बेटा अक्षत सिंह, एलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड (एएसएल) कंपनी तथा उसके प्रवर्तक मोहिंदर अग्रवाल, गौरव अग्रवाल व अन्य लोग शामिल हैं। केंद्रीय एजेंसी ने राव दान सिंह के रेवाड़ी स्थित फार्म हाउस की भी तलाशी ली है। एएसएल स्टील रोल उत्पादों का निर्माण करती है। इस कंपनी पर 1,392 करोड़ रुपये के बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में शामिल होने का आरोप है। जिसकी जांच के तहत केंद्रीय एजेंसी ने कार्रवाई की है।

सीबीआई ने 2022 में कंपनी के खिलाफ दर्ज किया था मामला, विधायक ने ली रकम नहीं लौटाई

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2022 में कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सूत्रों के मुताबिक, ऐसा आरोप है कि राव दान सिंह के परिवार और उनकी कंपनियों ने एएसएल से कर्ज लिया था, लेकिन कभी कर्ज की राशि को लौटाया नहीं और बाद में इस कर्ज की रकम को बट्टे खाते में डाल दिया गया, जिसकी जांच के तहत ईडी ने विधायक के ठिकानों की तलाशी के लिए और कंपनी से जुड़े कई स्थानों पर छापेमारी की है। सिंह ने कांग्रेस पार्टी के टिकट पर भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से हाल में लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वह 41,000 से अधिक वोटों के अंतर से भाजपा के धर्मबीर सिंह से हार गए थे।

मोदी के खिलाफ हिंसा भड़काने वाले बयानों का इस्तेमाल करती है कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने गुरुवार को कांग्रेस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अक्सर हिंसा भड़काने वाले बयानों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में शब्दों का चयन बेहद महत्वपूर्ण होता है।

उन्होंने कहा कि हिंसा और हत्या जैसे शब्दों से समाज में अनावश्यक तनाव पैदा होता है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पूर्व आईपीएस के लेख का हवाला देते हुए कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए बयानबाजी कई बार हिंसा को उकसाती है। उन्होंने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास का जिक्र किया। वैष्णव ने कहा कि विपक्ष को अपनी गरिमा को बनाए रखना चाहिए। त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में हिंसा और हत्या जैसे शब्दों

- **केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले- विपक्ष को अपनी गरिमा को बनाए रखना चाहिए**
- **भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पूर्व आईपीएस के लेख का दिया हवाला**

का इस्तेमाल किया और चुनाव प्रचार के दौरान मोदी के काफिले पर कुछ फेंके जाने की घटना पर कहा था कि अब मोदी से कोई नहीं डरता। पंजाब के कार्यक्रम के लिए गए प्रधानमंत्री की सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी जबकि उस समय वहां कांग्रेस की सरकार थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जब कश्मीर और मणिपुर जैसे संवेदनशील स्थानों पर गए थे तो उनकी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

जो अपने पास से सेवा करते हैं, वे बड़े होते हैं : भागवत

रांची, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत ने कहा कि विकास लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। अपने पास से जो लोगों की सेवा करते हैं, वे बड़े होते हैं। एकजुट होकर कार्य करने से सफलता पाई जा सकती है। उन्होंने गांव के विकास के लिए एक-दूसरे की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

उन्होंने यह बात गुरुवार को झारखंड के गुमला जिले के विकास भारती बिशुनपुर में ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। कार्यक्रम की शुरुआत में भागवत सहित अन्य अतिथियों का आदिवासी परंपरा के अनुसार पत्ते की टोपी



- **झारखंड में ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का संबोधन, लोगों ने भगवान जतरा टाना भगत की मूर्ति देकर किया स्वागत**

पहनाकर और भगवान जतरा टाना भगत की मूर्ति देकर स्वागत किया गया। भागवत ने कहा कि जिनके पास सब कुछ होता है और वह किसी की सेवा नहीं करते हैं। आदिवासी जनजाति बहुल क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो सका लेकिन एकजुट होकर कार्य करने से सफलता मिलेगी। वर्तमान में विश्वास में सेवा और विकास की आवश्यकता है।

सुप्रीम कोर्ट को मिले दो नये न्यायाधीश

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट को गुरुवार दो नए न्यायाधीश मिले। जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन. कोटिश्वर सिंह और मद्रास हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आर. महादेवन ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट परिसर में आयोजित समारोह में दोनों न्यायाधीशों को शपथ दिलाई। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई समेत न्यायाधीशों की संख्या 34 हो गई है। अब सुप्रीम कोर्ट में एक सितंबर 2024 को न्यायमूर्ति

- **जम्मू कश्मीर के मुख्य न्यायाधीश कोटिश्वर तथा मद्रास हाईकोर्ट के न्यायाधीश महादेवन ने ली शपथ**

हिमा कोहली के सेवानिवृत्त होने तक 34 न्यायाधीश काम करेंगे। सीजेआई चंद्रचूड़ इस साल 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे। न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस के सेवानिवृत्त होने के बाद दो पद रिक्त हो गए हैं। केंद्र ने 16 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश को स्वीकृति दे दी थी। सीजेआई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय कॉलेजियम ने 11 जुलाई को केंद्र से दोनों न्यायाधीशों को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत करने की सिफारिश की थी। कॉलेजियम ने इन दोनों नामों की सिफारिश करते हुए कहा था, उनकी नियुक्ति से पूर्वोत्तर को प्रतिनिधित्व मिलेगा और सिंह मणिपुर राज्य से शीर्ष अदालत के न्यायाधीश बनने वाले पहले न्यायाधीश होंगे। न्यायमूर्ति सिंह को अक्टूबर 2011 में गौहाटी हाईकोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त हुए थे। मणिपुर हाईकोर्ट के गठन के बाद उन्हें वहां स्थानांतरित कर दिया गया।

यूट्यूबर सवुक्कू शंकर को रिहा करने का आदेश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर (सवुक्कू) शंकर (48) को रिहा करने का आदेश दिया। उसे कोयंबटूर पुलिस ने 4 मई को एक साक्षात्कार में महिला पुलिस कर्मियों पर अपमानजनक बयान देने के आरोप में गुंडा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। वह इस समय कोयंबटूर केंद्रीय कारागार में बंद हैं।

- **शंकर की मां ने हिरासत को चुनौती देते हुए दायर की थी याचिका**

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि पीठ शंकर की मां गुंडा अधिनियम के तहत उसकी हिरासत को चुनौती देने वाली दायर पर सुनवाई कर रही थी। वहीं चेन्नई पुलिस के अनुसार, शंकर के खिलाफ सात मामले लंबित हैं, जिनमें से तीन मामलों की जांच चल रही है। दो में आरोप पत्र दायर किए जा चुके हैं। शेष मामलों में सुनवाई लंबित है।

कर्नाटक सरकार को गिराना चाहती है भाजपा : गौड़ा

बेंगलुरु। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि भाजपा राज्य सरकार को गिराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है और कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार लोगों पर वरिष्ठ नेताओं के नाम लेने का दबाव डाल रही है।

- **राजस्व मंत्री बोले- केंद्रीय एजेंसियों का कर रही इस्तेमाल**

राज्य के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने दावा किया कि केंद्र सरकार कर्नाटक सरकार को गिराने का प्रयास कर रही है, जैसा उसने झारखंड, दिल्ली, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में किया था। उन्होंने कहा कि हमारे पास पुख्ता जानकारी है और हम इसे आपके साथ साझा करेंगे।

7 घंटे में स्थानांतरित हुए जगन्नाथ मंदिर के रत्न

पुरी, एजेंसी

पुरी स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर के प्रतिष्ठित खजाने रत्न भंडार (कोषागार) में रखी गयी मूल्यवान सामग्री और आभूषणों को एक अस्थायी भंडार कक्ष में स्थानांतरित करने का कार्य गुरुवार को सात घंटों के भीतर पूरा हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि रत्न भंडार को इस सप्ताह दूसरी बार खोला गया ताकि बहुमूल्य चीजों को मंदिर परिसर के भीतर एक अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जा सके। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के प्रमुख अरविंद पाढ़ी ने बताया कि रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष से सभी कीमती सामान

- **मंदिर के भीतर अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया सामान**

को सफलतापूर्वक मंदिर परिसर के भीतर एक अस्थायी स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया गया है। लकड़ी और स्टील की अलमारियों और संदूकों सहित सात कंटेनरों को स्थानांतरित करने की पूरी प्रक्रिया में सात घंटे लगे। मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के निर्देशों के अनुसार आंतरिक कक्ष और अस्थायी 'स्ट्रांग रूम' दोनों को बंद कर सील कर दिया गया है।

7 कंटेनरों में रखे गए कीमती सामान

पर्यवेक्षण समिति के अध्यक्ष एवं उड़ीसा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश विश्वनाथ रथ ने कहा कि आंतरिक कक्ष के अंदर आभूषण और कीमती सामान सात कंटेनरों में रखे गए, जिनमें तीन लकड़ी की अलमारियां, दो लकड़ी की पेटियां, एक स्टील की अलमारी और एक लोहे की पेटी है। सभी सामान को नये कंटेनरों में रखा गया और बाद में मंदिर परिसर में अस्थायी स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया गया। रथ ने कहा कि स्ट्रांग रूम को सील कर चाबियां पुरी जिलाधिकारी को दे दी गई। चाबियां खजाने में रखी जाएंगी। न्यायमूर्ति रथ ने कहा कि आंतरिक कक्ष के अंदर हमने जो देखा उसका विवरण गोपनीय है। इसे सार्वजनिक रूप से उजागर करना अनुचित होगा।

तलोजा से अबू सलेम नासिक के केंद्रीय कारागार स्थानांतरित

मुंबई। तलोजा केंद्रीय कारागार में बंद अबू सलेम तथा 17 अन्य हाई-प्रोफाइल कैदियों को दूसरी जेलों में भेजा गया है या उन्हें सामान्य बैरक में ले जाया गया है।

अबू सलेम गैंगस्टर एक्ट तथा 1993 मुंबई बम धमाकों का दोषी है जबकि एंटीलिया आतंकवादी मामले के आरोपी बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे के साथ ही एल्गार परिषद मामले के कई आरोपी इनमें शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि सलेम को नासिक सेंट्रल जेल स्थानांतरित किया गया है, जबकि वाजे को ठाणे जेल भेजा गया है और अन्य कैदियों को जेल की सामान्य बैरक में रखा गया है। जेल अधिकारियों ने बताया कि पनवेल में लोनिवि के ऑडिट से पता चला है कि जेल की इमारत उपयोग के लिए असुरक्षित थी।

- **17 अन्य हाई प्रोफाइल कैदी भी दूसरी जेलों में भेजे गए**

सूरत में 51.4 करोड़ के मादक पदार्थ सहित तीन लोग गिरफ्तार

अहमदाबाद। गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने सूरत के बाहरी इलाके में मेफेड्रोन निर्माण इकाई का भंडाफोड़ कर 51.4 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ और कच्चा माल जब्त किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सुनील यादव, विजय गजेरा और हरेश कोराट को गिरफ्तार किया गया है। तीनों ने सूरत के पलसाना तालुका के करेली गांव में औद्योगिक इकाई किराए पर ली हुई थी जहां वे विभिन्न सामग्री का उपयोग करके मेफेड्रोन बनाने थे।

इंग्लैंड ने 4.2 ओवर में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया

● वेस्टइंडीज के खिलाफ ओली पोप का शतक, इंग्लैंड ने चाय तक चार विकेट पर बनाए 259 रन

नॉटिंघम, एजेंसी

इंग्लैंड ने अपना आक्रामक रवैया जारी रखते हुए गुरुवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ 4.2 ओवर में सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया।

सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और ओली पोप ने मिलकर इंग्लैंड ने 1994 में द ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4.3 ओवर में अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। सबसे तेज टीम अर्धशतक की सूची में पहले तीन स्थान पर इंग्लैंड काबिज है। ओली पोप के शतक की बदौलत दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ चाय तक चार विकेट पर 259 रन बना लिए। चाय ब्रेक तक पोप 115 रन और बेन स्टोक्स 15 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्योता दिया। जाक क्राउले खाता भी नहीं खोल सके और अल्जारी जोसफ का शिकार हो गये। फिर पोप और बेन डकेट (71 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 105 रन की शतकीय साझेदारी निभाई। शमार जोसफ ने डकेट को आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। जो रूट (14) ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके जबकि हैरी ब्रुक ने 36 रन की पारी खेली। पोप ने 143 गेंद में 14 चौके और एक छक्के की मदद से अपना शतक पूरा किया।

भारत फीफा रैंकिंग में 124वें स्थान पर, अर्जेंटीना ने शीर्ष पर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को जारी फीफा पुरुष रैंकिंग में 124वें स्थान पर बरकरार है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन और कोपा अमेरिका विजेता अर्जेंटीना ने अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। जून में जारी फीफा रैंकिंग में भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सूची में तीन पायदान खिसक गई थी। ऐसा उसके कतर और अफगानिस्तान से 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने में विफल होने के कारण हुआ था।

पिछले साल दिसंबर से भारत का रैंकिंग में खिसकना जारी है। भारतीय टीम पिछले साल शीर्ष 100 में पहुंची थी जिसमें उसकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 99 रही थी, लेकिन इसके बाद से उसका खिसकना जारी है। एशिया में भारत 22वें स्थान पर बरकरार है जिसमें वह लेबनान, फलस्तीन और वियतनाम से पीछे है। अर्जेंटीना ने सफलतापूर्वक कोपा अमेरिका खिताब बरकरार रखने के बाद रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पकड़ मजबूत कर ली है।

फ्रांस (दूसरी रैंकिंग) यूरो 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दूसरे स्थान पर है। हाल में यूरोपीय चैंपियन बनी स्पेन पांच पायदान के फायदे से तीसरी रैंकिंग पर पहुंची। वहीं उससे हारने वाली इंग्लैंड एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गयी और उसने ब्राजील को पछाड़ दिया जो एक पायदान खिसककर पांचवें स्थान पर पहुंची। बेल्जियम रैंकिंग में छठे, नीदरलैंड सातवें, पुर्तगाल आठवें और कोलंबिया नौंवे स्थान पर काबिज हैं।

परिवार और गांव का अधूरा सपना सच करेंगे गाजीपुर के राजकुमार

नई दिल्ली, एजेंसी

करीब तीन हजार की आबादी वाले करमपुर गांव से हॉकी स्टिक थामकर सैकड़ों लड़कों ने ओलंपिक खेलने का सपना देखा लेकिन इसे पूरा करने का मौका सिर्फ राजकुमार पाल को मिला है और 'गाजीपुर के राजकुमार' के नाम से मशहूर मिडफील्डर की ख्वाहिश पेरिस में अच्छा प्रदर्शन करके हर एक अधूरे सपने को पूरा करने की है।

वाराणसी से करीब 40 किलोमीटर दूर गाजीपुर के गांव करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखने वाले बच्चों के प्रेरणास्रोत बन गए हैं राजकुमार। एक ऐसा गांव जहां से 400 से अधिक लड़कों को हॉकी के जरिए रोजगार तो मिला लेकिन भारत की नुमाइंदगी का

● करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखकर ओलंपिक तक पहुंचना था सपना

मौका नहीं। इनमें राजकुमार के दोनों भाई जोखन और राजू भी शामिल हैं जो देश के लिये नहीं खेल पाए। राजकुमार ने अपने पहले ओलंपिक के लिए रवाना होने से पहले कहा हम तीनों भाई हॉकी खेलते हैं। बीच वाले भाई भारतीय टीम के शिविर में रह चुके हैं और बड़े भाई राष्ट्रीय स्तर पर खेले हैं। दोनों भारत के लिए नहीं खेल सके और अब एक रेलवे से और एक सेना से खेलते हैं। अभावों के बीच अपने कोच तेज बहादुर सिंह की मदद से हॉकी के शौक को परवान चढाने वाले 26 वर्ष के इस मिडफील्डर ने कहा मेरे गांव के मैदान से 400 से ज्यादा लड़कों को हॉकी के जरिये नौकरी मिल गई लेकिन इस स्तर पर कोई नहीं खेला। मेरे गांव के लोगों की नजरें मुझ पर है और मैं अपने भाइयों और उन सभी के अधूरे सपने पूरे करने के लिए पेरिस में कोई कोर कसर नहीं छोडूंगा।

10 वर्ष की उम्र में करमपुर के मेघबरन स्टेडियम से हॉकी के अपने सफर की शुरूआत करने वाले राजकुमार ने 2018 में बेल्जियम में पांच देशों के अंडर 23 टूर्नामेंट में खेला और 2020 में भारतीय टीम में पदार्पण किया।

खेल डायरी

विश्व जूनियर में अगुआई करेंगे बावा और अनाहत

नई दिल्ली। शौर्य बावा और अनाहत सिंह ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमशः लड़कों और लड़कियों की टीम स्पर्धाओं में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। बावा ने एकल में कांस्य पदक जीता था, वह युवराज वाधवानी, अयान वाजिराल्ली और अरिहंत केएस के साथ गुरुवार से शुरू होने वाली लड़कों की स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। एकल में क्वार्टरफाइनल तक पहुंची राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत फिर महिलाओं की टीम स्पर्धा में उन्नति त्रिपाठी, निरूपमा दुबे और शमीना रियाज के साथ मिलकर चुनौती पेश करेंगी। भारतीय लड़कों का सामना पहले दौर में कुवैत से होगा जबकि लड़कियां पहले दौर में चीनी ताइपे से भिड़ेंगी।

विश्व सुपरबाइक चैंपियनशिप में पहले भारतीय क्विंटल

चेन्नई। राइडर केविन क्विंटल विश्व एसबीके एसएसपी300 प्रतियोगिता में ऐतिहासिक पदार्पण करने को तैयार हैं जिससे वह विश्व सुपरबाइक चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहले भारतीय राइडर बन जाएंगे। आयरिश टीम 109 रेट्रो ट्रैफिक कावासाकी और इसकी प्रबंधन कंपनी गामन रेसिंग ग्लोबल सर्विस ने क्विंटल को यह मौका मुहैया कराया जिससे उनकी एसएसपी प्रतियोगिता में चौथे दौर के लिए प्रविष्टि स्वीकार ली गयी। यह एसएसपी स्पर्धा शुक्रवार को चेक गणराज्य के मोस्ट में शुरू होगी। चेन्नई के 19 साल के स्टार क्विंटल आयरलैंड की टीम के मुख्य राइडर स्पेन के डेनियल मोगेडा की जगह लेंगे जिन्हें सुपरस्पोर्ट 300 क्लास के बाद एक दुर्घटना में चोट लग गई थी। इसके बाद ही आयरिश टीम ने भारतीय राइडर को शामिल किया। क्विंटल इस समय यूरोपीय स्टॉक चैम्पियनशिप और एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

एचसीएल साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण अक्टूबर में

चेन्नई। एचसीएल साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण छह अक्टूबर को यहां आयोजित किया जाएगा। एचसीएल समूह ने गुरुवार को साइक्लोथॉन चेन्नई 2024 के दूसरे संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की। नोएडा में दो सफल संस्करणों और चेन्नई में 5000 से अधिक साइकिल चालकों की भागीदारी के बाद, एचसीएल साइक्लोथॉन चेन्नई के ईसीआर पर छह अक्टूबर से शुरू होगा। तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) द्वारा संचालित और भारतीय साइकिलिंग महासंघ के तत्वावधान में इस आयोजन में 33 लाख रुपये का पुरस्कार पूल है। पंजीकरण 22 सितंबर तक खुले हैं। तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण के सदस्य सचिव मेघनाथ रेड्डी ने गुरुवार को कहा कि इस संस्करण का विषय चेंज योर गियर है, जो साइकिल चलाने की शक्ति और व्यक्तिगत कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर जोर देता है।

शिखर धवन बने मोटोजीपी के ब्रांड एंबेसडर

मुंबई। यूरोस्पोर्ट इंडिया ने भारत में मोटोजीपी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय क्रिकेट आइकन शिखर धवन की नियुक्ति की आज घोषणा की। धवन यूरोस्पोर्ट इंडिया के अभियान फेस कर रेस कर के जरिए रेसिंग के प्रति अपने जुनून का प्रदर्शन करेंगे। धवन ने कहा प्रतिष्ठित मोटोजीपी के साथ इसके भारत के राजदूत के रूप में साझेदारी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत में मोटोजीपी को लेकर बढ़ता उत्साह वास्तव में रोमांचकारी है, और यह मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण जैसा है, खासकर जब मैं अपने गृहनगर, दिल्ली की सड़कों पर अपनी पसंदीदा बाइक की सवारी करने के अपने दिनों को याद करते हुए सोचता हूं। इस जीवंत शहर में जन्मे और पले-बढ़े एक क्रिकेटर के रूप में मेरी यात्रा यूरोस्पोर्ट इंडिया के माध्यम से इस नई भूमिका के साथ एक व्यक्तिगत संबंध जोड़ेगी। 2024 मोटोजीपी सीजन में अब तक नौ रेस हो चुकी हैं।

स्वर्ण के लिए सर्वश्रेष्ठ करूंगी : सिंधू

अपने तीसरे ओलंपिक में अतीत के अनुभव का फायदा उठाएंगी बैडमिंटन खिलाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने कहा कि वह पेरिस में तीसरा व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी जिसके लिए वह अतीत के अनुभव से फायदा उठाना चाहेंगी।

सिंधू की निगाहें आगामी ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर लगी हैं जिससे वह इतिहास रच सकती हैं क्योंकि उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में रजत और 2020 तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। जियो सिनेमा के द ड्रीमर्स पर बातचीत के दौरान सिंधू ने पेरिस में इतिहास रचने पर ध्यान लगाने के बारे में बात की। हालांकि इस भारतीय स्टार के लिए यह काफी मुश्किल होगा। सिंधू ने कहा पेरिस में तीसरा पदक जीतने के बारे में सोचने की बात निश्चित रूप से मुझे प्रेरित करती है और मैं स्वर्ण पदक जीतने के लिए अथक प्रयास करूंगी। मेरे लिए ओलंपिक ऐसे खेल हैं जिसमें मैं अपना 200 प्रतिशत देती हूं। उन्होंने कहा यह यात्रा 2016 में और 2020 में शानदार रही है जिसमें काफी अथक प्रयास रहे और ऐसे पल रहे जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। पेरिस 2024 के लिए तैयारी नई शुरूआत है और कुछ भी हो, मुझे अपना शत प्रतिशत देना होगा। विश्व रैंकिंग की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल सिंधू ने कहा ओलंपिक में पिछले प्रदर्शन का काफी अनुभव मेरे पास है जिससे मैं पेरिस 2024 में मदद लूंगी लेकिन मैं पदकों के बारे में सोच सोचकर अतिआत्मविश्वासी नहीं होना चाहती।

उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है कि मैं देश की उम्मीदों को पूरा कर सकती हूं और तीसरा पदक जीत सकती हूं क्योंकि लगातार तीन पदक जीतना हंसी मजाक का खेल नहीं है। मेरी सोच स्वर्ण पदक जीतने पर लगी है जिससे मेरा मनोबल बढ़ा हुआ है। सिंधू ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक चलने वाले ओलंपिक की तैयारियों के बारे में लंबी बातचीत की।

उन्होंने कहा मेरे तैयारियां कड़ी मेहनत करने पर लगी हैं। ओलंपिक में काफी कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है और सभी खिलाड़ी अपने शिखर पर होते हैं। दुनिया की शीर्ष 10 से 15 खिलाड़ियों का स्तर समान ही होता है जिसमें आन से यंग, अकाने यामागुची, कैरोलिना मारिन और ताई जु यिंग शामिल हैं। सिंधू ने कहा ओलंपिक में कोई भी अंक आराम से नहीं मिलता जिससे हर अंक के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। ओलंपिक में कुछ भी हो सकता है, एक छोटी सी गलती सबकुछ बदल सकती है।

तैराक श्रीहरि नटराज की नजरें ओलंपिक सेमीफाइनल पर

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक 7 दिन शेष

पिछले साल राष्ट्रीय खेलों में आठ स्वर्ण समेत दस पदक जीतने वाले भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज 2017 से लगातार खेल रहे हैं और कड़े अभ्यास से थककर आखिर उन्हें कुछ समय का ब्रेक लेना पड़ा।

नटराज ने कहा मुझे आराम की जरूरत थी क्योंकि 2023 सत्र काफी व्यस्त था जिसमें इतने सारे टूर्नामेंट थे। मुझे लगा कि अगर ब्रेक नहीं लिया तो शरीर टूट जाएगा। इससे चोट का भी डर रहता या अभ्यास की इच्छा ही मर जाती। शरीर पर काफी दबाव था लिहाजा मैने कुछ समय का ब्रेक ले लिया। ब्रेक के बाद तरोताजा होकर 23 बरस के नटराज दूसरा ओलंपिक खेलने को तैयार हैं जिसमें वह सौ मीटर बैकस्ट्रोक में भाग लेंगे। यूनिवर्सिलिटी कोटा से ओलंपिक जा रहे नटराज ने तोक्यो ओलंपिक के लिये सरधे क्वालीफाई किया था। यूनिवर्सिलिटी कोटा के तहत जिस देश के तैराक सीधे क्वालीफाई नहीं कर सके हों, उनके सर्वोच्च रैंकिंग वाले दो तैराकों को ओलंपिक खेलने का मौका मिलता है। यह निराशाजनक था कि मैं सीधे क्वालीफाई नहीं कर सका लेकिन इसे लेकर चिंतित नहीं हूं। मुझे कोटा मिल गया है और अब या तो मैं अपने अभ्यास पर फोकस कर सकता हूं या इसका दुख मना सकता हूं कि मुझे सीधे क्वालीफिकेशन नहीं मिला। ब्रेक से लौटने के बाद उन्होंने स्पेन और फ्रांस में मेयर नोस्ट्रम मीट में दो रजत पदक जीते।

हमारे पास अगले ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की हैं योजनाएं : मनिंदर

चेन्नई। भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) के महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने गुरुवार को कहा कि कोविड -19 महामारी ने भारतीय खिलाड़ियों के पेरिस ओलंपिक में भाग लेने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, लेकिन उनके पास 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए योजनाएं है। भारत ने एशियाई खेलों में साइकिलिंग में तीन पदक जीते हैं लेकिन अभी तक ओलंपिक में किसी खिलाड़ी को प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। मनिंदर कहा कि साइकिलिंग में ओलंपिक क्वालीफिकेशन दूसरे खेलों से काफी अलग है। हम अगले ओलंपिक (लॉस एंजिल्स में) में जगह बनाने की राह पर हैं। हमारी योजनाएं सही हैं और हम पहली बार क्वालीफाई करने को लेकर आशान्वित और आश्वस्त हैं।

उद्घाटन समारोह से पहले सीन नदी को किया सील

पेरिस। सीन नदी के किनारे ओलंपिक आतंकवादी विरोधी इंतजामों की शुरुआत के साथ गुरुवार को मध्य पेरिस में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई जिसके चलते पहले से पास के लिए आवेदन नहीं करने वाले पेरिसवासियों और पर्यटकों के लिए कई किलोमीटर लंबा क्षेत्र सील कर दिया गया। कई लोगों की जुबान पर क्यूआर कोड शब्द थे।

यह वह पास है जो 26 जुलाई को होने वाले ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह की सुरक्षा के लिए स्थापित सुरक्षा घेरे में लगाए गए धातु अवरोधों के पार जाने की स्वीकृति देता है। जिन लोगों के पास फोन पर या कागज के टुकड़ों पर यह कीमती कोड था वे धातु अवरोधों के बीच विभिन्न अंतराल पर बनी पुलिस चौकियों से आसानी से गुजर गए। अपवाद के रूप में पेरिस ने पिछले मेजबान शहरों की तरह स्टेडियम के बजाय नदी पर उद्घाटन समारोह करने का फैसला किया है। बाद में नदी के आस-पास अधिकांश सुरक्षा उपाय हटा दिए जाएंगे।

सूर्या होंगे श्रीलंका दौरे में टी-20 टीम के नए कप्तान, शुभमन बने उपकप्तान

मुबंई, एजेंसी

श्रीलंका के दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान गुरुवार को कर दिया है। भारत की टी-20 टीम की कमान सूर्य कुमार यादव को सौंपी है जबकि वनडे टीम की कप्तानी रोहित शर्मा के पास ही रहेगी। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने विज्ञप्ति के जरिए यह जानकारी साझा की। भारतीय टीम श्रीलंका दौरे में तीन टी20 और तीन एक दिवसीय मैच खेलेगी। गौतम गंभीर को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।

कप्तान की रेस में हार्दिक पांड्या और सूर्य कुमार यादव का नाम आगे चल रहा था जिसमें सूर्य कुमार को नए कोच गौतम गंभीर की पसंद माना जा रहा था। शाह ने बताया कि टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल होंगे। टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप, खलील अहमद और सिराज शामिल हैं। एक दिवसीय टीम में भी उपकप्तान की भूमिका में शुभमन गिल होंगे। टीम के अन्य सदस्यों में विराट, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ (विकेटकीपर), श्रेयस, शिवम दुबे, कुलदीप, सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद और हर्षित राणा को शामिल है। शाह ने कहा कि आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र, 2024-25 में खिलाड़ियों की उपलब्धता और भागीदारी पर नजर रखना जारी रखेगा।

बॉलीवुड हलचल

रेस 4 में काम करेंगे सलमान और सैफ

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और सैफ अली खान रेस 4 में काम करते नजर आ सकते हैं। रेस एक एक्शन-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसके अभी तक 3 पार्ट आ चुके हैं। फिल्म के पहले दो पार्ट में सैफ अली खान ने लीड रोल निभाया था और रेस 3 में सलमान खान नजर आए थे। अब इसके चौथे पार्ट यानी रेस 4 पर काम किया जा रहा है। कुछ दिनों पहले फिल्म के निर्माता रमेश तौरानी ने रेस 4 की शूटिंग और अन्य जानकारी शेयर की थी। कहा जा रहा है कि रेस 4 में सलमान खान और सैफ अली खान नजर आ सकते हैं। दोनों कलाकार इस फिल्म में एक साथ काम करने के लिए तैयार हैं, लेकिन अभी उन्होंने स्क्रिप्ट पर मंजूरी नहीं दी है। यदि इस फिल्म में दोनों एक्टर्स ऑफिशियल तौर पर काम करने के लिए तैयार हो जाते हैं तो ऐसा पहली बार होगा जब बॉलीवुड के ये दोनों सितारे रेस फ्रेंचाइजी में साथ दिखाई देंगे। निखिल आडवाणी रेस 4 को निर्देशित करेंगे।

आसान नहीं है दर्शकों को हंसाना: विक्की कौशल

लखनऊ। उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक, मसान और सैम बहादुर जैसी सुपरहिट फिल्मों में अपने किरदार का लोहा मनमाने वाले बालीवुड स्टार विक्की कौशल का मानना है कि अपने अभिनय से दर्शकों को हंसाना और गुदगुदाना आसान काम नहीं है। अपनी अगली फिल्म 'बैड न्यूज' के प्रमोशन के सिलसिले में नवाब नगरी पहुंचे विक्की ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा अभी तक जितनी भी फिल्में की हैं, उनसे 'बैड न्यूज' काफी अलग है, क्योंकि इसमें मुझे कॉमेडी करने का मौका मिला है। हालांकि कॉमेडी करना इतना आसान नहीं होता है, लेकिन मैंने इसे स्वीकार करते हुए अपने आपको थोड़ा चेंज करने की कोशिश की है। विक्की पिछले साल सैम बहादुर फिल्म में नजर आये थे। इस फिल्म में उनके अभिनय की खूब तारीफ हुयी थी। विक्की ने साल 2015 में फिल्म 'मसान' से बतौर लीड एक्टर बॉलीवुड डेब्यू किया था। उनके फिल्मी करियर को नौ साल हो गए हैं। इस दौरान उन्होंने 10 फिल्में दी हैं जिनमें तीन हिट और एक ब्लॉकबस्टर फिल्म रही है। आनंद तिवारी के निर्देशन में बनी बैड न्यूज में विक्की के साथ एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी और एमि विर्क लीड रोल्स में है।

महिला एशिया कप | पहला मुकाबला आज शाम 7 बजे से, आठ टीमें खिताब के लिए करेंगी प्रतिभा का प्रदर्शन

पाकिस्तान के खिलाफ जीतने उतरेगा भारत

दांबुला, एजेंसी

महिला एशिया कप 2024 के आगाज से पहले प्रेसवार्ता में पहुंचीं सभी टीमों की कप्तान। ● एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला टीम शुक्रवार को अपने चिरप्रतिद्वंदी पाकिस्तान को हरा कर अपने महिला एशिया कप 2024 अभियान का आगाज करेगी। महिला एशिया कप 2024 के बहुप्रतीक्षित मुकाबला टूर्नामेंट के पहले दिन ही दांबुला में खेला जाएगा। ग्रुप ए में भारत के अलावा पाकिस्तान, यूएई, नेपाल की टीमें शामिल है जबकि ग्रुप बी में मेजबान श्रीलंका के अलावा बांग्लादेश, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें रखी गई हैं। दोनो टीमों के बीच मुकाबला भारतीय समयानुसार आज शाम 7 बजे से शुरु होगा।

आंकड़ों के लिहाज से भारतीय टीम पाकिस्तान की तुलना में काफी भारी है। एशिया कप में भी भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ छह में से मैच जीते हैं, हालांकि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ हार भी पिछले एशिया कप के दौरान ही मिली थी। अब तक दोनों टीमों के बीच 14 मैच खेले गए हैं, जिसमें भारत को 11 में जीत मिली है। टी-20 विश्व कप 2016 में दिल्ली में खेले गए मैच में भारत को पाकिस्तान से दो रनों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। यह उन तीन मैचों में से एक मैच था जब भारत को पाकिस्तान के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। यह इकलौता ऐसा मैच भी जो इन दोनों टीमों ने एक दूसरे के देश में अब तक खेला है। स्मृति मांधना और शेफाली वर्मा के रूप में भारत के पास एक विध्वंसक सलामी जोड़ी है। मांधना ने टी20 में 28.13 की औसत और 121.83 के स्ट्राइक रेट से 3320 रन बनाए हैं। जबकि शेफाली ने 129.48 के स्ट्राइक रेट और 24.27 की औसत से 1748 रन बनाए हैं। भारत पर अगर पाकिस्तान को दबाव बनाना है तो उसे इन दोनों को ही जल्दी पवेलियन भेजना होगा।

पाकिस्तान के लिए सबसे अहम खिलाड़ी खुद उनकी कप्तान निदा डार साबित हो सकती हैं। हरफनमौला डार गेंदबाजी के दौरान अधिकांश समय विकेट निकाल पाने में सफल होती हैं और अपनी टीम के लिए प्रायः उपयोगी रन भी बनाती हैं। सिदरा अमीन इस समय क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में बेहतरीन लय में हैं। उन्होंने अपनी पिछली आठ टी20 पारियों में 205 रन बनाए हैं। हरमनप्रीत कौर की टीम ने पिछले एक साल में 17 टी-20 मुकाबले खेले हैं जिनमे से दस में उनके हाथ जीत लगी है जबकि पांच में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

एक नजर

नेपाल का भविष्य उज्ज्वल है: प्रधानमंत्री ओली

काठमांडू। नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने गुरुवार को कहा कि देश का भविष्य उज्ज्वल है, लेकिन लगातार राजनीतिक उथल-पुथल के बीच इसके वर्तमान परिदृश्य को बदलने की जरूरत है। द राइजिंग नेपाल अखबार के अनुसार, चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में सोमवार को शपथ लेने वाले ओली ने कहा कि देश का वर्तमान परिदृश्य अच्छा नहीं है। नेपाल को लगातार राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है क्योंकि गणतंत्र लागू होने के बाद पिछले 16 वर्षों में देश ने 14 सरकारें देखी हैं।

राफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने का प्रस्ताव खारिज

रामल्लाह। फिलिस्तीन ने इजरायल की वापसी के बिना राफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। आधिकारिक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र के अनुसार पिछले सप्ताह मिस्र और गाजा पट्टी के बीच राफा सीमा क्रॉसिंग के संचालन की संभावना का पता लगाने के लिए फिलिस्तीन, अमेरिका और इजरायल के प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई थी।

चीन में एक मॉल में आग लगने से 16 लोगों की मौत

बीजिंग। चीन के दक्षिण पश्चिम में सिचुआन प्रांत में एक शॉपिंग मॉल में आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। चीन के सरकारी मीडिया के अनुसार, बुधवार की शाम करीब छह बजे सिचुआन प्रांत के जिगोंग शहर के हाई-टेक जोन में स्थित 14 मंजिला इमारत में आग लग गई। तस्वीरों और वीडियो में धुएं का गुबार दिख रहा है। स्थानीय अग्निशमन विभाग ने बताया कि बचाव अभियान गुरुवार को पूरा हो गया। इमारत में फंसे करीब 75 लोगों को बाहर निकाल लिया गया।

यूक्रेन की सेना रूस के हमले के बाद पीछे हटी

कीव। यूक्रेन की सेना पूर्वी दोनोत्सक क्षेत्र के उरोझाइन गांव से पीछे हट गई है और उसने एक अन्य अग्रिम मोर्चे पर भी आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं दूसरी ओर रूस की सेना लगातार हमले कर यूक्रेन की सुरक्षा दीवार को ध्वस्त कर रही है। स्थानीय स्तर पर लड़ रही थल सेना के प्रवक्ता नजर वोलोशिन ने एसोसिएटेड प्रेस को एक लिखित संदेश में बताया कि गांव मलबे में तब्दील हो गया है, जिससे वहां मोर्चे पर डटे रहना असंभव हो गया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि सेना कब पीछे हटी। रूस ने फरवरी 2022 में युद्ध के शुरुआती दिनों में उरोझाइन पर कब्जा कर लिया था।

चंद्रमा पर लैंडर भेजने का नासा का मिशन रद

वाशिंगटन। अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि वह लागत में वृद्धि और प्रक्षेपण में देरी होने के कारण, पानी की खोज के लिए चंद्रमा पर रोवर भेजने के मिशन को रद कर रहा है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को कहा कि वाइपर रोवर को एस्ट्रोबोटिक टेक्नोलॉजी द्वारा उपलब्ध कराए गए एक लैंडर के जरिये 2023 के अंत तक प्रक्षेपित किया जाना था लेकिन अतिरिक्त परीक्षण और लागत बढ़ने से मिशन में देरी होती रही, जिससे अन्य परियोजनाओं पर खतरा मंडराने लगा है।

बाइडन फिर कोविड-19 से हुए संक्रमित : व्हाइट हाउस

मिलवाउकी, एजेंसी

● लास वेगास में उनका एक महत्वपूर्ण प्रचार अभियान बीमारी के कारण बाधित हो गया

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन एक बार फिर कोविड-19 से संक्रमित हो गए हैं। व्हाइट हाउस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसके साथ, राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के महत्वपूर्ण मोड़ पर उन्हें अपना अभियान रोकना पड़ा है। बाइडन (81) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैं बीमार हूं। बाइडन बुधवार को कोविड-19 से संक्रमित हो गए, जिसके कारण लास वेगास में उनका एक महत्वपूर्ण प्रचार अभियान बाधित हो गया।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने एक बयान में कहा, उन्हें कोविड-19 रोधी टीका लगा हुआ है और उन्होंने बूस्टर डोज भी ले रखी है। उनमें हल्के लक्षण नजर आ रहे हैं। बाइडन अपने आवास डेलावेयर लौट आये हैं, जहां वह एकांतवास में रहेंगे। हालांकि, इस दौरान वह अपने सभी दायित्वों का निर्वहन करेंगे। प्रेस सचिव ने कहा कि व्हाइट हाउस राष्ट्रपति की स्थिति के बारे में नियमित जानकारी उपलब्ध कराता रहेगा।

भूस्खलन एक गंभीर प्राकृतिक आपदा

भू-वैज्ञानिक घटना है भूस्खलन

भूस्खलन एक भू-वैज्ञानिक घटना है, जिसमें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव से चट्टान, मिट्टी या मलबे के एक बड़े हिस्से का अचानक और तेजी से ढलान पर नीचे की ओर खिसकना शामिल होता है। इसमें वृहद् स्तर पर पत्थरों का खिसकना, मिट्टी और हिमनदों का बहाव तथा पहाड़ियों का टूटना आदि को सम्मिलित किया जाता है।

भारत में भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र

भारत विश्व के शीर्ष पांच भूस्खलन संभावित देशों में से एक है। बर्फ से ढके क्षेत्रों को छोड़कर, भारत का लगभग 12.6 प्रतिशत भौगोलिक भूमि क्षेत्र भूस्खलन की संभावना वाला है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र भारत के कुल भूस्खलन संभावित क्षेत्रों का लगभग 50 प्रतिशत शामिल है। हिमालय में स्थित उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर, पश्चिमी घाट के किनारे स्थित महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु और पूर्वी घाट के साथ आंध्र प्रदेश में अरकू क्षेत्र शामिल हैं।

भारत में भूस्खलन एक गंभीर प्राकृतिक आपदा है जिसके भयानक परिणाम होते हैं। पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में आबादी के बढ़ने के साथ ही भूस्खलन को समझना, सतत विकास और आपदा प्रबंधन के लिए महत्त्वपूर्ण हो जाता है। आइए भूस्खलन के विभिन्न पहलुओं को समझने का प्रयास करते हैं।

भूस्खलन के लिए संभावित क्षेत्र

- पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्र जैसी खड़ी ढलानों पर भूस्खलन की घटनाएं होना सामान्य बात है।
- ऐसे स्थान जहां चट्टानों में जोड़ और दरारें हों, वहां भूस्खलन की घटनाओं का खतरा अधिक होता है।
- जहां कमज़ोर और वायुदार मिट्टी मौजूद हो, वो भी भूस्खलन को बढ़ावा देती है।
- वनों में आग लगने से मिट्टी कमज़ोर हो जाती है, जिससे भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है।
- वनों की कटाई और निर्माण कार्य जैसी मानवीय गतिविधियों से भी भूस्खलन हो सकता हैं।
- नदियों और नालों के किनारे भी भूस्खलन-संभावित क्षेत्र होते हैं।
- जहां सतही जल जमा होता है या भूमि, जल से अत्यधिक संतृप्त हो जाती है, वहां भी भूस्खलन की आशंका अधिक होती है।

हिंसक झड़पों में 18 और लोगों की मौत

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर हिंसा

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में गुरुवार को सरकारी नौकरियों के लिए आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान राजधानी ढाका तथा अन्य जगहों पर हिंसा भड़कने से कम से कम 18 और लोगों की मौत हो गई तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। इसके साथ ही विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से मरने वालों की संख्या 25 हो गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने ढाका के रामपुरा इलाके में सरकारी बांग्लादेश टेलीविजन भवन की घेराबंदी कर दी और इसके अगले हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया और वहां खड़े अनेक वाहनों को आग लगा दी। इससे वहां पत्रकारों सहित कई कर्मचारी फंस गए। ढाका और अन्य शहरों में विश्वविद्यालय के छात्र 1971 में पाकिस्तान से देश की आजादी के लिए लड़ने वाले युद्ध नायकों के रिश्तेदारों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कुछ नौकरियों को आरक्षित करने की प्रणाली के खिलाफ कई दिनों से रैलियां कर रहे हैं। समाचारपत्र द डेली स्टार ने कहा, ''प्रदर्शनकारियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों तथा सत्तारूढ़ पार्टी के लोगों के बीच आज देश भर में हुई झड़पों में कम से कम 18 लोग मारे गए तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। इससे पहले, प्रोथोम अलो अखबार ने अपनी खबर में कहा था, कुल मिलाकर 11 लोगों की मौत की खबर है। इनमें नौ लोगों की मौत ढाका, एक व्यक्ति की मौत राजधानी के बाहरी इलाके सावर तथा एक व्यक्ति की मौत दक्षिण-पश्चिमी मदारीपुर जिले में हुई है।

बांग्लादेश में अनिश्चितकाल बंद के दौरान तैनात सुरक्षाकर्मी।

बांग्लादेश में बाहर न निकलें भारतीय : भारतीय उच्चायोग

ढाका। भारत ने बांग्लादेश में हो रहे विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर यहां रहने वाले अपने नागरिकों के लिए गुरुवार को परामर्श जारी करते हुए कहा कि वे यात्रा करने से बचें और कम से कम बाहर निकलें। सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शनों में हिंसा फैलने से देशभर में कम से कम छह लोगों की जान जा चुकी है। हिंसा के कारण सरकार ने मंगलवार देर रात बांग्लादेश में सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ स्कूलों और कॉलेजों को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया तथा छात्रों से छात्रावास खाली करने को कहा गया। भारतीय उच्चायोग ने यहां एक बयान में कहा, बांग्लादेश में मौजूदा हालात को देखते हुए बांग्लादेश में रहने वाले भारतीय समुदाय के सदस्यों और भारतीय छात्रों को यात्रा से बचने और अपने निवास स्थान से बाहर कम से कम आवाजाही की सलाह दी जाती है।

सरकार ने विरोधी छात्रों से बातचीत की इच्छा जताई

ढाका। बांग्लादेश सरकार ने गुरुवार को देशभर में फिर से हिंसा भड़कने के बाद नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की। आधिकारिक समाचार एजेंसी बीएसएस ने बताया कि अधिकारियों ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजधानी सहित देश भर में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के जवानों को तैनात किया है। कानून मंत्री अनीसुल हक ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ बातचीत के लिए बैठक करने का फैसला किया और यह जिम्मेदारी उन्हें तथा शिक्षा मंत्री मोहिबुल हसन चौधरी को सौंपी गई है। उन्होंने कहा, जब भी वे सहमत होंगे, हम बैठक करेंगे। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कानून मंत्री से उच्चतम न्यायालय में लंबित आरक्षण मामले की जल्द सुनवाई के लिए पहल करने को कहा है।

नेपाल में भूस्खलन बस हादसे में अभी तक 19 शव बरामद

काठमांडू। नेपाल के चितवन जिले में पिछले सप्ताह दो बसों के भूस्खलन के मलबे के साथ नदी में बहने के बाद बचावकर्मियों ने अब तक 19 शव बरामद किए हैं, जिनमें चार भारतीय भी शामिल हैं। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

भूस्खलन की यह घटना शुक्रवार को चितवन जिले के नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सिमलताल इलाके में हुई थी। 54 लोगों में से तीन लोग घटना के तुरंत बाद तैरकर सुरक्षित निकल गए। बीरगंज से काठमांडू जा रही पहली बस में सात भारतीय नागरिकों समेत 24 यात्री थे। काठमांडू से गौर जा रही दूसरी बस में 30 लोग सवार थे। भारी भूस्खलन की वजह से दोनों बसें त्रिशूली नदी में गिर गई थीं। दोनों बसों से जुड़े हादसे में दुर्घटना स्थल से अब तक 19 लोगों के शव बरामद किए गए हैं।

सशस्त्र पुलिस बल (एसएसबी) के सूत्रों के अनुसार, 19 में से चार शव भारतीय नागरिकों के हैं। पांच पुरुष शवों की अभी तक पहचान नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार नेपाल के स्थानीय अधिकारी बचाव कार्य के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश के भारतीय अधिकारियों के साथ समन्वय बना रहे हैं। खोज और बचाव कार्य गुरुवार को भी जारी रहा।

विदेश में भारत का पहला जन औषधि केंद्र खुला

मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र के उद्घाटन के दौरान मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनौथ (बीच में) के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर।

पोर्ट लुई, एजेंसी

● विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में उद्घाटन किया

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। जयशंकर 16 से 17 जून तक दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस में थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ भारत के पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन दोनों देशों के बीच विशेष रूप से स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग का प्रमाण है। सभी को सस्ती जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री कुमार जगन्नाथ के साथ मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह औषधि केंद्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वादे के तहत शुरू किया गया है। उन्होंने कहा, भारत-मॉरीशस स्वास्थ्य साझेदारी परियोजना के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए किफायती, भारत में निर्मित दवाओं की आपूर्ति की जाएगी।

उर्सुला वॉन डेर लेयेन यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष फिर चुनी गईं

स्ट्रासबर्ग (फ्रांस)। यूरोपीय संसद के सांसदों ने गुरुवार को उर्सुला वॉन डेर लेयेन को दूसरी बार पांच साल के लिए यूरोपीय संघ के कार्यकारी आयोग की अध्यक्ष के रूप में चुना। उर्सुला के फिर से चुने जाने से 27 देशों के इस समूह के नेतृत्व की निरंतरता सुनिश्चित हो गई है क्योंकि यूरोप यूक्रेन युद्ध से लेकर जलवायु परिवर्तन तक विभिन्न संकटों से जूझ रहा है। पिछले महीने 720 सदस्यीय यूरोपीय संसद के चुनाव में धुर दक्षिणपंथियों की संख्या बढ़ने से यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष पद का चुनाव दिलचस्प हो गया था। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने उन्हें पद पर बनाए रखने के संबंध में यूरोपीय संसद में होने वाले मतदान से पहले संकट और ध्रुवीकरण के समय यूरोप के लिए एक मजबूत नेता बने रहने का संकल्प लिया था।

छात्रा की मौत के बाद हंसने वाला पुलिसकर्मी बर्खास्त

न्यूयॉर्क/सिएटल, एजेंसी

अमेरिका में भारतीय छात्रा की मौत के बाद असंवेदनशील टिप्पणियां करने और हंसने वाले एक पुलिस अधिकारी को बर्खास्त कर दिया गया है। वाशिंगटन के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी की छात्रा जाह्नवी कंडुला (23) जब 23 जनवरी को सड़क पार कर रही थी, तब पुलिस के एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। इस वाहन को केविन डेव नाम का अधिकारी चला रहा था और वह एक अन्य मामले की जांच के लिए तेजी से वाहन चलाते हुए जा रहा था। वाहन की टक्कर से कंडुला 100 फुट दूर जाकर गिरी थी।

सिएटल पुलिस विभाग द्वारा जारी बॉडीकैम फुटेज में अधिकारी डैनियल ऑडरर भीषण दुर्घटना पर हंसते हुए और यह कहते सुनाई दिया कि ओह, मुझे लगता है कि वह बोनट पर आ गिरी, आगे के शीशे से टकराई और फिर जब उसने (पुलिस वाहन के चालक ने) ब्रेक मारे तो कार से दूर जाकर गिरी... वह मर चुकी है। अनुशासनात्मक कार्रवाई रिपोर्ट में कहा गया कि ये असंवेदनशील टिप्पणियां करने के बाद ऑडरर चार सेकंड तक जोर-जोर से हंसा। सिएटल पुलिस विभाग की कार्यवाहक प्रमुख स्यू राह ने एक ई-मेल में कहा कि कंडुला के परिवार को जो पीड़ा पहुंची उसे दूर नहीं जा सकता।

● वाशिंगटन के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी की भारतीय छात्रा की सड़क हादसे में मौत का मामला

इमरान की पार्टी पर प्रतिबंध के निर्णय को पीपीपी का समर्थन

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज द्वारा जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का गुरुवार को गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने समर्थन करने की घोषणा की। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने घोषणा की है कि वह कैबिनेट के सभी फैसलों का समर्थन करेगी। सूचना मंत्री अता तरार ने सोमवार को खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले के बारे में एक महत्वपूर्ण घोषणा की थी, जिसके बाद कई लोगों के मन में यह सवाल उत्पन्न हुआ था कि क्या नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) को इस मामले में अपने गठबंधन सहयोगियों का समर्थन प्राप्त है।

नक्सलियों ने सुरंग को उड़ाया, दो जवान शहीद

बीजापुर, एजेंसी

● गंभीर रूप से घायल चार जवानों के रायपुर अस्पताल भेजा

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिससे विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के दो जवानों की जान चली गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के दो आरक्षक-भरत साहू और सत्येर सिंह कांगे की मौत हो गई, जबकि चार अन्य जवानों के घायल होने की खबर है। अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद 16 जुलाई को इन जिलों से एसटीएफ, डीआरजी और सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, संयुक्त दल जब अभियान पूरा कर लौट रहा था, तभी बुधवार देर रात बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया।

जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा हमारी सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान से नक्सली विचलित हैं और कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। माओवाद के खात्मे तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

चीन ने पूर्व विदेश रक्षा मंत्रियों को शीर्ष निकाय से हटाया

बीजिंग। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने गुरुवार को अपनी केंद्रीय समिति से बर्खास्त विदेश मंत्री किन गांग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया तथा पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और दो अन्य शीर्ष जनरलों को पार्टी से निष्कासित करने के निर्णय का समर्थन किया। यह निर्णय गुरुवार को यहां संपन्न हुई पार्टी की केंद्रीय समिति की शीर्ष स्तरीय बैठक के दौरान लिया गया। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के तीसरे पूर्ण अधिवेशन नामक चार दिवसीय सत्र के अंत में जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अर्थव्यवस्था में सुधार के उपायों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई बैठक में कॉमरेड किन गांग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। किन (58) सबसे कम समय तक विदेश मंत्री रहने के बाद 2023 में अचानक सार्वजनिक तौर पर दिखना बंद हो गये थे।

अलग हुए हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक

नयी दिल्ली, एजेंसी

● आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फैसले का खुलासा किया

भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने गुरुवार को चार साल के रिश्ते के बाद पत्नी नताशा स्टेनकोविक से अलग होने की घोषणा की। दोनों ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक संयुक्त बयान में इस फैसले का खुलासा किया। दोनों ने 31 मई 2020 को शादी की थी और इसी साल 30 जुलाई को उनके बेटे अगस्त्य का जन्म हुआ था। उन्होंने 14 फरवरी 2023 को उदयपुर में एक भव्य समारोह में करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में रीति रिवाज से दोबारा शादी की थी।

इंस्टाग्राम पर उन्होंने लिखा, चार साल साथ रहने के बाद नताशा और मैंने मिलकर अलग होने का फैसला किया है। हमने साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और सब अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। अब हम लोगों को लगता है कि अलग होने में हम दोनों की भलाई है। उन्होंने लिखा, यह हमारे लिए एक मुश्किल फैसला था क्योंकि हमने साथ मिलकर परिवार के तौर पर आनंद लिया, एक दूसरे का सम्मान किया और साथ दिया।

खगोल विज्ञान | नासा के मून ऑर्बिटर द्वारा पता चली महत्वपूर्ण जानकारी

चांद पर खोजा अंतरिक्ष यात्रियों के ठहरने का ठिकाना

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: चंद्रमा पर एक आश्चर्यजनक सुरंग का पता चला है। यह सुरंग ज्वालामुखी से निकले लावा के बाहर निकलने का मार्ग है। नासा के मून ऑर्बिटर द्वारा वैज्ञानिकों की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने ये खोज की है। यह स्थान अंतरिक्ष यात्रियों के ठहरने के लिए उपयुक्त स्थान हो सकता है।

भले ही मानव समेत कई अंतरिक्ष मिशन चंद्रमा पर चलाए गए हों, लेकिन नई खोज बेहद महत्वपूर्ण है। इस खोज से संभावना व्यक्त की जा सकती है कि चांद की सतह हैरतअंगेज कई अन्य रहस्यों का पता चल सकता है। चंद्रमा की सतह पर मिली सुरंग को लेकर शोधकर्ताओं की अंतर्राष्ट्रीय टीम का कहना है कि चंद्रमा पर सुरंगनुमा लावा ट्यूब की पहली बार पुष्टि हुई है। यह लावा ट्यूब चांद के मारे ट्रैंक्विलिटैटिस नामक सतह के नीचे है। यह वही स्थान है, जहां 1969 में अपोलो 11 उतरा था। नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर के जरिए इसका पता चला है। यह लावा ट्यूब भविष्य की खोज के लिए एक रोमांचक लक्ष्य हो सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह सुरंग अंतरिक्ष यात्रियों के आश्रय के लिए उपयोग किया जा सकता है। कई दशक से वैज्ञानिक चंद्रमा पर लावा ट्यूबों के अस्तित्व पर बहस करते आ रहे हैं। इस लावा ट्यूब सतह के नीचे एक प्राकृतिक सुरंग है, जो बहते हुए लावा से बनी हुई है। 15 जुलाई को इटली के ट्रेंटो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय टीम ने इस सुरंग की पहली संभावित पुष्टि की है। शोध दल ने 15 जुलाई को नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में निष्कर्ष प्रकाशित किया है।

चांद पर मिली सुरंग की तस्वीर।

मायावी रहे हैं लावा ट्यूब

नैनीताल : वैज्ञानिक पहले से ही जानते थे कि चंद्रमा की सतह पर सुरंगें हैं। जिसके चलते 50 वर्षों पहले चंद्र लावा ट्यूबों के अस्तित्व का सिद्धांत दिया गया था। चंद्रमा पर ज्वालामुखीय गतिविधि का एक सुस्थापित इतिहास माना जाता रहा है। ज्वालामुखी विस्फोट अरबों साल पहले हुए होंगे। मगर अब जाकर पहली बार यह ठोस सबूत मिला है। उम्मीद है कि यह मायावी सुरंगें और भी होंगी।

पाकिस्तान में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर बंदिशें

लाहौर, एजेंसी

● सरकार के इस कदम को सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक की योजना के तौर पर देखा जा रहा

पाकिस्तान की सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स को करीब छह महीने तक सफलतापूर्वक प्रतिबंधित रखने के बाद फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे मंचों को भी निशाना बनाया और आम लोगों तक इनकी पहुंच रोक दी है। सरकार के इस कदम को सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक की योजना के तौर पर देखा जा रहा है।

पाकिस्तान में बुधवार से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे उपयोगकर्ताओं को विभिन्न इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) के सोशल मीडिया मंच तक पहुंच बनाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ उपयोगकर्ताओं को मेटा के स्वामित्व वाले अन्य ऐप, जैसे व्हाट्सऐप के साथ भी समस्याएं आ रही हैं। पाकिस्तान की सरकार ने आम जनता तक फेसबुक और इंस्टाग्राम की पहुंच रोकने के संबंध में अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। यह प्रतिबंध उच्च न्यायपालिका, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के बीच चल रही खींचतान के बीच लगाया गया है। दूरसंचार कंपनी नयाटेल ने गुरुवार को एक्स पर कहा, पिछले दो दिन से देश भर में सभी सेवा प्रदाताओं द्वारा मुहैया कराई जा रही फेसबुक और इंस्टाग्राम सेवाएं बाधित हैं।